www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 188
सोमवार 05 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 36°C
न्यूनतम 26°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# आया निर्वाचन आयोग का एकल-बिंदु ऐप

## 40 से अधिक मौजूदा एप्लिकेशन को करेगा एकीकृत और पुनर्निर्देशित

**हैदराबाद/नयी दिल्ली, 04 मई।** एक बड़ी पहल के तहत चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाताओं और चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज जैसे अन्य हितधारकों के लिए एक नया उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल इंटरफेस विकसित कर रहा है।

आयोग की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि नया वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म, ईसीआईएनईटी, ईसीआई के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन को एकीकृत और पुनर्निर्देशित करेगा। ईसीआईएनईटी में एक सुंदर यूजर इंटरफेस (यूआई) और एक सरलीकृत यूजर एक्सपीरियंस (यूएक्स) होगा, जो चुनाव से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए एक ही प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। यह कदम उपयोगकर्ताओं के लिए कई ऐप डाउनलोड करने और नेविगेट करने तथा अलग-अलग लॉगिन याद रखने के बोझ को कम करने के लिए भी बनाया गया है। इस प्लेटफॉर्म की परिकल्पना भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान चुनाव आयुक्तों डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में की थी। ईसीआईएनईटी उपयोगकर्ताओं को अपने डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर प्रासंगिक चुनावी डेटा तक पहुंचने में सक्षम बनाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि डेटा यथासंभव सटीक है। ईसीआईएनईटी पर डेटा केवल अधिकृत ईसीआई अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा। संबंधित अधिकारी द्वारा प्रविष्टि यह सुनिश्चित करेगी कि हितधारकों को उपलब्ध कराया गया डेटा यथासंभव सटीक है। किसी भी संघर्ष की स्थिति में, वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डेटा मान्य होगा। ईसीआईएनईटी वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, सीविजिल , सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम और केवाईसी ऐप जैसे मौजूदा ऐप को शामिल करेगा ।ईसीएनईटी से लगभग 100 करोड़ मतदाताओं और पूरे चुनावी तंत्र को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे 10.5 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त लगभग 15 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), लगभग 45 लाख मतदान अधिकारी, 15,597 सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), 4,123 ईआरओ और देश भर के 767 जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) शामिल हैं।

ईसीएनईटी पहले ही विकास के एक उन्नत चरण में पहुंच चुका है और सुचारू कार्यक्षमता, उपयोग में आसानी और मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के लिए कठोर परीक्षण किए जा रहे हैं। इसे सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 36 सीईओ, 767 डीईओ और उनके राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 4,123 ईआरओ को शामिल करने वाले एक विस्तृत परामर्श अभ्यास और ईसीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए चुनावी ढांचे, निर्देशों और पुस्तिकाओं के 9,000 पृष्ठों वाले 76 प्रकाशनों की समीक्षा के बाद विकसित किया जा रहा है। ईसीआईएनईटी के माध्यम से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, निर्वाचन पंजीकरण नियम, 1960, निर्वाचन संचालन नियम, 1961 और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी निर्देशों द्वारा स्थापित कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से संरेखित किया जाएगा।

**ईसीआईनेट में समाहित किए जाने वाले 40 ऐप्सः** एफिडेविट पोर्टल, इंडिया ए वेब, रिजल्ट्स वेबसाइट, इलेक्शन24 (आर्काइव), ईसीआई एसवीईईपी, ईसीआई वेबसाइट, फेमबोसा, वॉइसनेट, मिथ वर्सेस रिएलिटी, इलेक्शन ट्रेंड्स टीवी, सीविज़िल पोर्टल, ईएमएस, आरटीआई पोर्टल, एनकोर, मीडिया वाउचर, सुविधा पोर्टल, ऑब्जर्वर पोर्टल, इलेक्शन प्लानिंग, आईईएमएस, पीपीआरटीएमएस, ईरोनेट 2.0, वोटर्स सर्विस पोर्टल, सर्विस वोटर्स पोर्टल, ईटीपीबीएमएस, एनजीएसपी, इलेक्टोरल सर्च, ईरोनेट ऐप, बीएलओ ऐप, सीविज़िल ऐप, डिसाइडर ऐप, एनकोर नोडल ऐप, ईएसएमएस ऐप, इन्वेस्टिगेटर ऐप, केवाईसी ऐप, मॉनिटर ऐप, ऑब्जर्वर ऐप, सक्षम ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप।

### डिजिटल इंटरफेस

- लोगों का चुनावी डेटा तक पहुंचने में बनाएगा सक्षम
- चुनाव पदाधिकारियों को डेटा प्रबंधन में आसानी और सुविधा होगी

# किसान केवल लाभार्थी मात्र नहीं, विकास का भागीदार भी : योगी

### मुख्यमंत्री ने की कृषि विभाग की समीक्षा बैठक



**लखनऊ, 04 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान केवल योजनाओं का लाभार्थी मात्र नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास का सक्रिय भागीदार भी बनेगा। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में कृषि क्षेत्र की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा, नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुल कृषि क्षेत्र का 11.41 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 20.89 फीसदी है, जो किसानों की मेहनत और सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा, 2016-17 में जहा खाद्यान्न उत्पादन 557.46 लाख मीट्रिक टन था, वह 2024-25 में बढ़कर 725.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। इसी अवधि में दलहन और तिलहन उत्पादन में दोगुने से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। आदित्यनाथ ने बीज की ■ शेष पेज 11 पर

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू कश्मीर से हज यात्रियों का पहला जत्था रवाना

**श्रीनगर, 04 मई।** जम्मू-कश्मीर से 178 हज यात्रियों का पहला जत्था रविवार को सऊदी अरब के लिए रवाना हो गया। हज यात्रियों के इस जत्थे की रवानगी के समय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी श्रीनगर हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उपराज्यपाल ने तीर्थयात्रियों से बातचीत की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। सिन्हा ने कहा, मैं पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। यह पवित्र हज यात्रा अल्लाह का आह्वान है, जो हर किसी के जीवन का एक सपना होता है। केंद्र सरकार हज यात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संदेश में हज यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, आज मुझे श्रीनगर के शेख-उल-आलम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 178 हज यात्रियों के पहले जत्थे को गर्मजोशी से विदा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### शी जिनपिंग मॉस्को में विजय दिवस समारोह में लेंगे भाग

**बीजिंग, 04 मई।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग मॉस्को में विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए सात से 10 मई तक रूस की राजकीय यात्रा पर जाएंगे ।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि चीनी राष्ट्रपति की यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर हो रही है। प्रवक्ता ने कहा कि श्री जिनपिंग और श्री पुतिन ने नए युग में चीन-रूस संबंधों को जटिल बाहरी वातावरण के बावजूद हमेशा आगे बढ़ने के लिए निर्देशित किया है और संबंधों की चिरस्थायी अच्छे-पड़ोसी और मित्रता, व्यापक रणनीतिक समन्वय और पारस्परिक लाभ, सहयोग और जीत-जीत की परिभाषित विशेषताओं का प्रदर्शन किया है। प्रवक्ता ने कहा कि श्री शी आगामी राजकीय यात्रा के दौरान चीन-रूस संबंधों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय मुद्दों की एक श्रृंखला पर राष्ट्रपति पुतिन के साथ रणनीतिक वार्ता करेंगे।

### मोदी ने सिंगापुर पीएम लॉरेंस वोंग को दी बधाई

**सिंगापुर, 04 मई।** सिंगापुर की सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने शनिवार को हुए आम चुनाव में मजबूत जनादेश प्राप्त किया है। पीएपी ने लगातार 14वीं बार जीत दर्ज कर अपनी छह दशकों से भी अधिक पुरानी सत्ता को बरकरार रखा है। पार्टी को 65.57 प्रतिशत वोट मिले हैं, जो 2020 के 61.24 प्रतिशत से ज्यादा है। यह जानकारी रविवार को जारी आधिकारिक परिणामों से प्राप्त हुई। पीएपी ने संसद की 97 निर्वाचित सीटों में से 87 पर जीत दर्ज की है तथा वह शहर-राज्य के 33 निर्वाचन क्षेत्रों में से 30 पर शासन करेगी। विपक्षी वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) ने पूर्वी सिंगापुर में अपनी तीन सीटों पर कब्जा करते हुए 10 सीटें बरकरार रखीं। किसी अन्य विपक्षी पार्टी को कोई सीट नहीं मिली। 1965 में सिंगापुर की स्वतंत्रता के बाद से सत्तारूढ़ पार्टी पीएपी की फिर से जीतने की व्यापक उम्मीद थी। ज्यादातर ध्यान जीत के अंतर पर था, क्योंकि 2015 में पीएपी के वोट शेयर में 69.86 प्रतिशत से पिछले चुनाव में गिरावट आई थी।

# 700 फीट गहरी खाई में गिरा सेना का वाहन, तीन जवान शहीद

### सैनिकों की शहादत पर खरगे-राहुल ने जताया शोक



**रामबन/जम्मू, 04 मई।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में भारतीय सेना के तीन जवानों शहीद हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। यह जानकारी अधिकारियों ने दी है। अधिकारियों ने बताया कि सेना का ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। सेना और प्रशासन दोनों ने जवानों की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

यह हादसा बैटरी चश्मा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे हुआ। अधिकारियों ने कहा कि सेना, पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा तत्काल संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि हादसे में तीन सैनिकों की शहादत हो गई, जिनकी पहचान सिपाही ■ शेष पेज 11 पर

# 1984 में जो हुआ वह गलत था: राहुल

**नई दिल्ली, 04 मई।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कहा है कि उनकी पार्टी ने अतीत में बहुत सी 'गलतियां' उस वक्त कीं जब वह पार्टी में नहीं थे, लेकिन पार्टी ने अपने इतिहास में जो कुछ भी गलत किया है, उसकी जिम्मेदारी वह सहर्ष स्वीकारते हैं। उनका यह भी कहना है कि अतीत में उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1980 के दशक में जो हुआ वह 'गलत' था।

राहुल गांधी ने यह टिप्पणी बीते 21 अप्रैल को अमेरिका में ब्राउन विश्वविद्यालय के 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' में एक संवाद सत्र के दौरान की थी। बातचीत का वीडियो शनिवार को 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था। संवाद सत्र के दौरान एक सिख छात्र ने सवाल किया कि वह सिख समुदाय के साथ तालमेल बैठाने के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं और उसने 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र किया। छात्र ने अमेरिका की पिछली यात्रा के दौरान राहुल गांधी की उस टिप्पणी का भी उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि वह जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वह इस बात को लेकर है कि भारत में सिखों को पगड़ी पहनने की इजाजत होगी या नहीं।

अपने जवाब में राहुल गांधी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी चीज सिखों को डराती है। मैंने जो बयान दिया था वह यह था कि क्या हम ऐसा भारत चाहते हैं जहां लोग अपने धर्म को व्यक्त करने में असहज हों? जहां तक कांग्रेस पार्टी की गलतियों का सवाल है, उनमें से कई गलतियां तब हुईं जब मैं वहां (पार्टी में) नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने इतिहास में जो कुछ भी गलत किया है, उसकी जिम्मेदारी सहर्ष स्वीकारता हूं। उनका कहना था, मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 80 के दशक में जो हुआ वह गलत था, मैं कई बार स्वर्ण मंदिर गया हूं, ■ शेष पेज 11 पर

### स्वीकारोक्ति



- कांग्रेस पार्टी ने अपने इतिहास में जो कुछ भी गलत किया है, उसकी जिम्मेदारी सहर्ष स्वीकारता हूं

# अस्पताल का गलियारा ढहा, 3 की मौत

**जमशेदपुर, 04 मई।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक सरकारी अस्पताल के गलियारे के ढहने के बाद एक और शव बरामद किया गया जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी ।अधिकारी ने बताया कि इस घटना में घायल हुए दो अन्य लोगों का उपचार किया जा रहा है।

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि अस्पताल के गलियारे के ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जमशेदपुर के साकची इलाके में एमजीएम अस्पताल के मेडिसिन विभाग की दूसरी मंजिल पर गलियारे का एक हिस्सा शनिवार शाम करीब चार बजे ढह गया जिसके बाद कुल 15 लोग मलबे में फंस गए। एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक नकुल चौधरी ने कहा, घटना में दो लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग महिला को टाटा मेन अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पूर्वी सिंहभूम की उपायुक्त अनन्या मित्तल ने बताया कि मलबे से निकाले गए घायलों सहित 12 लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है और उसे 48 घंटे में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

# पाकिस्तान ने भी भारतीय पोतों के लिए बंद किए बंदरगाह

**इस्लामाबाद/ नई दिल्ली, 04 मई।** पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाए जाने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भी भारतीय ध्वज वाले पोतों के लिए अपने बंदरगाहों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। इससे पहले, भारत ने इस्लामाबाद के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाते हुए शनिवार को पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दीं और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी ध्वज वाले पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया।

भारत ने पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों पर पाकिस्तानी पोतों के प्रवेश पर भी शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ दृढ़ एवं निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद, पाकिस्तान ने शनिवार देर रात आदेश दिया कि भारतीय ध्वज वाले किसी भी पोत को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा पाकिस्तानी पोतों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर रुकने की अनुमति नहीं होगी। पाकिस्तान के समुद्री मामलों के मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने समुद्री संप्रभुता, आर्थिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वर्तमान स्थिति के संदर्भ में भारतीय पोतों पर प्रतिबंध लगाने का कदम उठाया। मंत्रालय ने कहा, भारतीय ध्वज वाले पोतों को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह तक पहुंचने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसी तरह, पाकिस्तानी ध्वज वाले पोत किसी भी भारतीय बंदरगाह पर नहीं जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि ये कदम तत्काल उठाए जाएंगे। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध और तनावपूर्ण हो गए हैं। इस हमले में 26 लोग ■ शेष पेज 11 पर

### 128 वर्ष के योग साधक संत का निधन

**लखनऊ, 04 मई (तरुणमित्र)।** काशी ने एक युगपुरुष को खो दिया है। योग और तपस्या की मिसाल माने जाने वाले पद्मश्री स्वामी शिवानंद का शनिवार को 128 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने काशी में अंतिम सांस ली। उनके निधन से संत समाज और श्रद्धालु वर्ग में शोक की लहर दौड़ गई है। स्वामी शिवानंद योग साधना में अत्यंत निपुण थे और उन्होंने पूरे जीवन योग और संयमित जीवनशैली को सर्वोपरि माना। वे अपने सादगीपूर्ण जीवन, नियमित दिनचर्या और सतत साधना के लिए विश्व प्रसिद्ध थे। उनके अनुयायियों के अनुसार, उन्होंने हमेशा योग को ही जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता दी। भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2022 में पद्मश्री से सम्मानित किया था, जिससे पूरे देश को उनकी साधना और सेवा कार्यों पर गर्व हुआ था। काशीवासियों के लिए उनका जाना अपूरणीय क्षति है।





लखनऊ पॉलिटेक्निक कॉलेज में नीट की परीक्षा देने आए स्टूडेंट्स कतारबद्ध परीक्षा देने जाते हुए। - छाया तरुणमित्र

### वायुसेना प्रमुख ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली, 04 मई।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह बैठक नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी द्वारा प्रधानमंत्री को अरब सागर में अहम समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराने के 24 घंटे से भी कम समय बाद हुई है। सूत्रों ने बताया कि वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक की। हालांकि, उन्होंने इससे अधिक कोई जानकारी नहीं दी। भारत ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले के तार सीमा पार से जुड़े होने का हवाला देते हुए हमले में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का संकल्प लिया है। पिछले मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देने के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए पूरी छूट दी।

### पहल : आउटसोर्सिंग क्षेत्र में अब नहीं चलेगी मनमानी

# 'आउटसोर्सिंग सेवा निगम' के जरिये हर भर्ती पर होगी कड़ी निगाह

**लखनऊ, 04 मई (तरुणमित्र)।** योगी सरकार ने एक नए कदम के तहत आउटसोर्सिंग सेवा निगम की स्थापना की है। यह निगम राज्य सरकार और अनुदान प्राप्त करने वाली संस्थाओं को आउटसोर्सिंग पर कार्मिक उपलब्ध कराएगा। दरअसल योगी सरकार की मंशा है कि आउटसोर्सिंग क्षेत्र की भर्तियां भी पूरी तरह से पारदर्शी, समयबद्ध और मेरिट आधारित हों।

साथ ही आउटसोर्सिंग में होने वाली किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई की जाए। नये निगम को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि अब इन भर्तियों में महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाए, विशेष रूप से विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाओं को, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों और निम्न आय वर्ग के अभ्यर्थियों को भी वरीयता दी जाए। एक तरह से यह निगम आउटसोर्सिंग क्षेत्र के लिए नीति नियामक संस्था की तरह होगा। इसके तहत अब ऐसी भर्तियां पूरी तरह से मेरिट के आधार पर की जाएंगी। इसमें न केवल स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसीजर का पालन किया जाएगा, बल्कि आधुनिक तकनीकी माध्यमों का भी उपयोग होगा, जिससे चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। इस व्यवस्था से भर्तियों में किसी भी प्रकार की मनमानी या गड़बड़ी की संभावना को कम किया जाएगा और युवाओं को उनके कौशल के आधार पर रोजगार मिलेगा।

इस नई व्यवस्था के तहत, आउटसोर्सिंग सेवा निगम को एक 'वन-स्टॉप शॉप' के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस कदम से न केवल राज्य की रोजगार प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। निगम द्वारा तैयार की गई भर्तियों की प्रक्रिया पारदर्शी होगी, जिससे चयन में कोई भेदभाव नहीं होगा। इसके साथ ही, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है और जो ग्रामीण क्षेत्र से हैं, उन्हें ■ शेष पेज 11 पर

### नया कदम

- आउटसोर्सिंग से होने वाली भर्तियों में होगी पारदर्शिता और समयबद्धता
- भर्तियों में मेरिट नियम होगा लागू, कमजोरों-महिलाओं को प्राथमिकता
- वन स्टॉप शॉप के रूप में काम करेगा आउटसोर्सिंग सेवा निगम

# सूबे में भ्रष्टाचार और अन्याय की कोई सीमा नहीं रही: अखिलेश

**लखनऊ, 04 मई।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अन्याय की कोई सीमा नहीं रह गई है और यह पहली बार दिख रहा है कि प्रदेश के अधिकारी इस राज्य के बाहर 'निवेश' कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने यहां प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा अपने जिले सिद्धार्थनगर में गेहूं खरीद में 64 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाए जाने के बाद कहा, इस सरकार में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। अन्याय भी उतना ही चल रहा है।

उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार और अन्याय की वजह से ही पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार एकजुट हो गया है और इसी एकजुटता से घबराकर ही भाजपा ने जातिवार जनगणना का फैसला किया है। इस जनगणना में भी धांधली ना हो इसलिए भी पीडीए परिवार एकजुट रहे। सपा प्रमुख ने एक सवाल पर कहा, इस बार भारतीय जनता पार्टी की कोई चालबाजी नहीं चलेगी। यह लोग चुनाव में धांधली करते हैं, मगर इस बार उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभाओं में हम भाजपा की कोई भी चार सौ बीसी नहीं चलने देंगे। नेता प्रतिपक्ष पांडेय ने प्रेस वार्ता में सिद्धार्थनगर जिले में गेहूं की सरकारी खरीद में 64 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि गबन में भाजपा के लोग शामिल हैं।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, मचा हड़कम्प

## फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर की जांच, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

अमेठी, 04 मई (तरुणमित्र)। मोहनगंज थाना क्षेत्र के कुटमरा गांव के पास नैया पुल के नजदीक आज सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका शव मिलने से हड़कंप मच गई। ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

युवक की पहचान बाराबंकी जिले के रहने वाले 26 वर्षीय मो रईस के रूप में हुई है। मोहनगंज थाना क्षेत्र के कुटमरा गांव स्थित नैया पल के पास का है जहाँ आज सुबह एक अज्ञात युवक का पेड़ से लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। शव की पहचान बाराबंकी जनपद के असंद्रा थाना क्षेत्र स्थित सिद्धौर निवासी मोहम्मद रईस (26 वर्ष), पुत्र मोहम्मद जासिम के रूप में हुई है।

बाराबंकी जिले का रहने वाला है मृतक

जानकारी के अनुसार, मोहम्मद रईस तिलोई कस्बे के पठान टोला निवासी अपने नाना मोहम्मद अहमद के घर आठ दिन पहले अपनी पत्नी के साथ आया था घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए मामला आत्महत्या और हत्या दोनों की तरफ इशारा कर रहा है। मृतक की जेब से कोई मोबाइल फोन या पहचान पत्र नहीं मिला, जिससे प्रारंभिक जांच में समय लगा।

तिलोई सीओ अजय सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में भय और अटकलों का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला पारिवारिक विवाद या निजी प्रसंग से जुड़ा हो सकता है, जिसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, चार की मौत

कौशाम्बी। जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बारात से लौट रही अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पिपरी थाना क्षेत्र में नगर पंचायत चायल के दरियापुर मोहल्ला निवासी दौलत सिंह की बेटी के विवाह समारोह में दूल्हा पक्ष की ओर से बारात में शामिल हो पांच बाराती एक कार से देर रात प्रयागराज लौट रहे थे जैसे ही पिपरी थाना क्षेत्र में गुंगवा की बाग के पास पहुंचे कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें सुनील कुमार पटेल 35 रविकुमार 38 चंद बदन 38 निवासी पूरामुफ्ती प्रयागराज विकास कुमार निवासी निवासी बलिया जो एयर फोर्स कर्मचारी था मौके पर ही मृत्यु हो गई।

कार चालक अमित कुमार 30 निवासी धूमनगंज प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जेसीबी की मदद से कार में फंसे हुए चारों मृतकों के शव बाहर निकलवाया घायल अमित कुमार को बाहर निकाल कर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। पुलिस चारों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच पांच केंद्रों पर सम्पन्न हुई नीट यूजी परीक्षा



रायबरेली, 04 मई (तरुणमित्र)। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी 2025) रविवार को जिले के पांच केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 2328 छात्र शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों में शहर का केंद्रीय विद्यालय, लालगंज में दो केंद्र, महराजगंज में एक केंद्र और एक अन्य केंद्र शामिल थे। जिला प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए केंद्रों के आसपास सघन जांच और निगरानी की गई।

रायबरेली के अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि परीक्षा एक पाली में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की गई और किसी भी केंद्र पर कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। परीक्षा के लिए राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन किया गया। छात्रों को निर्धारित ड्रेस कोड और अनुमत सामग्री के साथ केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षा इंतजामों के कारण परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई।

**प्रशासन की सतर्कता से सुचारू रही परीक्षा**

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले छात्रों की गहन जांच की गई। किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में फोटोकॉपी दुकानों और अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों पर रोक लगाई गई थी। जिला प्रशासन और पुलिस की सक्रियता से छात्रों और अभिभावकों में विश्वास बना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### बारात में तंदूरी रोटी को ले हुई मारपीट, दो युवकों की मौत

अमेठी, 04 मई (तरुणमित्र)। जिले के गौरीगंज क्षेत्र अंतर्गत सराय हृदय शाह गांव में शनिवार रात एक बारात समारोह खूनी संघर्ष में बदल गया। जामो के बलभद्रपुर से आई बारात में शामिल घराती पक्ष के दो युवकों, रवि उर्फ कल्लू (18 वर्ष) व आशीष (17 वर्ष), की तंदूरी रोटी को लेकर हुए विवाद में बेरहमी से पिटाई कर दी गई। ग्रामीणों के अनुसार, मारपीट इतनी गंभीर थी कि आशीष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रवि की मौत ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में हो गई। वहीं, बारातियों की ओर से तेजबहादुर के सर में भी चोट आने की खबर है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मृतकों के परिजन स्थानीय नेताओं से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि यह पूर्व नियोजित हत्या है, जबकि पुलिस का कहना है कि उन्हें शुरू में यह घटना एक सड़क दुर्घटना के रूप में रिपोर्ट की गई थी। कोतवाल श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### थानाध्यक्षों पर आला अधिकारियों की नजर टेढ़ी

सुल्तानपुर, 04 मई (तरुणमित्र)। जिले के तमाम पुलिसकर्मी और थानाध्यक्ष चढ़े आलाधिकारियों की निगाह पर। जिस थाने पर रही पोस्टिंग, उसी थाने में परिवार वालों के नाम ले लिया जमीन का बैनामा। मामला आलाधिकारियों के आया संज्ञान में तो मच गया हड़कंप सूत्रों की माने तो अंदर ही अंदर ऐसे पुलिसकर्मियों और थानाध्यक्षों की हो रही जांच। जांच का खुलासा होते ही कई थाना अध्यक्षों व सिपाहियों पर गिर सकती है गाज। कई थानेदार और पुलिसकर्मी भी भूमाफियों के संपर्क में जमीन के एग्रीमेंट में लगते हैं लंबा पैसा।

### पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, आईटी एक्ट के अभियोग से संबंधित 2 को किया गिरफ्तार

प्रतापगढ़, 04 मई (तरुणमित्र)। गुरुवार को थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत वादी द्वारा थाना कुण्डा पर तहरीर दी गई कि वादी की पुत्री कुण्डा कस्बा की एक स्कूल की छात्रा है। जिसकी उम्र करीब 3 वर्ष 6 माह है। वादी की पुत्री के साथ मैजिक वैन ड्राइवर आरोपी शिवकरन साहू द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया है। उक्त घटना का तत्काल थाना कुण्डा पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर परिजनों की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर अन्तर्गत धारा पाक्सो एक्ट व धारा 67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम बनाम शिवकरन साहू आदि पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुण्डा के निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय हमराह उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार वर्मा व का0 अभिषेक त्रिपाठी द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कुण्डा के बीएनएस एवं धारा 5 (ट)/ 6, 21 व 23 पाक्सो एक्ट व धारा 67ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम से संबंधित वांछित 02 अभियुक्तों,. मो0 अशद पुत्र मो0 इसरार निवासी ग्राम सरयूनगर, नूर मस्जिद गली कस्बा कुण्डा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 41 वर्ष व मो0 जाफर सिद्दिकी पुत्र खुर्शीद अहमद निद्दिकी निवासी ग्राम करेटी रोड कुण्डा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ उम्र 29 वर्ष को थाना क्षेत्रान्तर्गत नूर मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना कुण्डा पुलिस द्वारा घटना की गहनता से जाँच की जा रही है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण महिला गायनेकोलॉजिस्ट से कराया गया। मेडिकल की रिपोर्ट के आधार पर जो तथ्य सामने आये। पीड़िता ने अपने माता पिता के सामने आरोपी की पहचान की पुष्टि की गई थी।

### पुरानी रंजिश को ले महिला को मारपीट कर किया घायल

लालगंज, रायबरेली, 04 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के नरपतगंज गांव में एक महिला फातिमा बानो पत्नी मोहम्मद हुसैन को गांव के ही महबूब, जुबेर, आजाद और पीर मोहम्मद ने मारपीट पर घायल कर दिया है। मामले में लालगंज पुलिस ने फातिमा बानो का मेडिकल कराकर चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले की विवेचना चौकी इंचार्ज विवेक त्रिपाठी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

### जातीय जनगणना के फैसले पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

सुल्तानपुर, 04 मई (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में जातीय जनगणना कराए जाने के फैसले का बल्दीराय मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बल्दीराय बाजार में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।यह आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल की अगुवाई में और भाजपा पिछड़ा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष अमर बहादुर विश्वकर्मा के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने इसे ऐतिहासिक और साहसिक कदम बताते हुए कहा कि यह निर्णय समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर मंडल महामंत्री दिलीप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रहरि, युवा मोर्चा अध्यक्ष पंकज शुक्ला, शक्ति केंद्र संयोजक जगदीश मिश्रा, राजेश शुक्ला, मंडल मंत्री माखनलाल जायसवाल, कोषाध्यक्ष बृजेश अग्रहरी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फैयाज अहमद, और शक्ति केंद्र संयोजक अभिषेक अग्रहरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के निर्णय के प्रति आभार जताया और इसे सामाजिक न्याय की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम बताया।

### कार की टक्कर से वृद्ध की मौत, चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़, 04 मई (तरुणमित्र)। वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत तथा एक अन्य के चुटहिल होने पर अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने एवं गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के अगई सलवानी निवासी रामराज वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती शनिवार को उसका पिता दुखी पुत्र बुद्धू गांव के मो. शमीम पुत्र मो0 ईसा की बिक्की से रानीगंज कैथौला बाजार सामान की खरीददारी करने गया था। देर शाम दोनों घर वापस आ रहे थे कि रायबरेली प्रतापगढ़ नेशनल हाइवे पर रानीगंज कैथौला बाजार में ही एक होटल के समीप सामने से आ रही तेजगति की ब्रेजा कार ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में दुखी व मो. ईसा गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए घायलों को लालगंज सीएचसी लाया गया। वहां चिकित्सकों ने घायलों को लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। रायबरेली पहुंचते देर रात घायल दुखी की मौत हो गयी। इधर दूसरे घायल मो. ईसा का अस्पताल में रविवार को भी इलाज जारी बताया गया है। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं मृतक दुखी के शव का पंचनामा कर पुलिस ने रविवार को सुबह पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। इधर दुखी की मौत की खबर घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

## एएसपी ने समस्त थानों के न्यायालय पैरोकार संग की गोष्ठी



अमेठी, 04 मई (तरुणमित्र)। पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा कोर्ट मोहर्रिर रायबरेली एवं सुल्तानपुर, न्यायिक सम्मन सेल प्रभारी रायबरेली एवं सुल्तानपुर, जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त न्यायालय पैरोकार एवं मॉनीटरिंग सेल के अधि0/कर्म0गण के साथ गोष्ठी की गयी।

गोष्ठी में उपस्थित समस्त अधि0/कर्म0गण को बताया गया कि जनपद में घटित गम्भीर किस्म के अपराधों जैसे हत्या, डकैती, लूट, बलात्कार, गैंगेस्टर, पॉक्सो एक्ट आदि अपराधों को चिन्हित कर उनकी प्रभावी ढंग से पैरवी करने एवं अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिये गुरुतर प्रयास किये जाएं। समस्त पैरोकार एवं प्रभारी सम्मन सेल को अभियोगों से संबंधित गवाहों के सम्मन निर्गत कर न्यायालय में उनकी उपस्थित सुनिश्चत करने हेतु निर्देशित किया गया। विशेषतः मॉनीटरिंग सेल प्रभारी को निर्देशित किया गया कि अभियोगों में साक्षियों की न्यायालय में उपस्थिति का नियमित पर्यवेक्षण किया जाए। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।

# आतंकवाद को जमींदोज कर निर्दोष शहीदों को श्रद्धांजलि के लिए कड़ा कदम उठाये सरकार-प्रमोद

लालगंज, प्रतापगढ़, 04 मई (तरुणमित्र)। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष छब्बीस शहीदों की तेरहवीं पर दिवंगत आत्माओं को भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सरकार से अविलंब निर्णायक कदम उठाने पर जोर दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि आतंकवादियों ने बर्बरता तथा नृशंसता व घृणा के साथ छब्बीस निर्दोष भारतीयों को शहीद किया है। उन्होने कहा कि इन छब्बीस परिवारों का तेरहवीं के दिन शायद दुख कम होता और इनकी आत्माओं को शान्ति व सच्ची श्रद्धांजलि मिलती यदि सरकार दोषी



खूंखार आतंकवादियों को अब तक जमींदोज कर चुकी होती।

उन्होंने कहा कि सरकार को पूरे देश का आतंकवाद के खात्मे के लिए एकमुश्त समर्थन है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी दुखद व चिंताजनक यह है कि शहीदों की तेरहवीं तक भी हम आतंकवाद को माकूल जबाब नहीं दे सके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में इन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तेरहवीं तक भी अर्पित न कर पाने की देशवासियों की पीड़ा बढ़ती जा रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सभी राजनैतिक दलों के द्वारा भी आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए बार बार सरकार को समर्थन का मजबूत ऐलान खुलकर किया जा रहा है।

उन्होंने तंज कसा कि देश के मजबूत समर्थन के दौर में मोदी सरकार को बिहार और केरल की राजनीति की जगह आतंकवाद के पीछे खड़ी ताकतों को कड़ी सजा अब तक दे दी गयी होती तो इन शहीदों की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि मिल जाती। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मणिपुर में चुनी हुई सरकार की जगह राष्ट्रपति शासन को लेकर भी नाराजगी जतायी है।

उन्होंने कहा कि मणिपुर की समस्या का समाधान सिर्फ चुनी हुई सरकार ही कर सकती है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मणिपुर में शांति बहाली के लिए राष्ट्रपति शासन की जगह शीघ्र लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए चुनाव अवश्य कराया जाना चाहिए। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का यह बयान रविवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# वक्फ बोर्ड बिल में है नैसर्गिक न्याय को मजबूती-एमएलसी

### अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने वक्फ कानून को लेकर किया जागरूकता

लालगंज, प्रतापगढ़, 04 मई (तरुणमित्र)। स्थानीय अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज में रविवार को भाजपा द्वारा अल्पसंख्यक संवाद का आयोजन किया गया। पार्टी के जन जागरण अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि वक्फ बोर्ड बिल पूरी तरह से नैसर्गिक न्याय है।

उन्होंने कहा कि इस बिल में मोदी सरकार ने सभी के हितों की सुरक्षा का प्राविधान लाया है। एमएलसी उमेश द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि वक्फ कानून में किसी के भी अपमान या नुकसान की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष वक्फ कानून को लेकर जनता के बीच भ्रामक दुष्प्रचार कर रहा है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश सिंह ने शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी का कार्यक्रम में माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। कार्यक्रम के संयोजक अबरार ने वक्फ कानून की विशेषताओं पर लोगों को विधिवत जागरूक किया। संचालन भाजपा मण्डल रामपुर अध्यक्ष रोहित सिंह ने किया।

लालगंज मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र ने स्वागत भाषण तथा सांगीपुर अध्यक्ष श्रीनाथ ने आभार जताया। सह संयोजक पवन वर्मा ने मोदी सरकार के अल्पसंख्यकों से जुड़े कल्याणकारी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। संवाद कार्यक्रम को जिला मंत्री अजय वर्मा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सुधा पाण्डेय, बिन्दु शर्मा, सीमा सरोज, विनोदचंद्र, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, राजकुमार बरनवाल आदि रहे।

## पुत्र ने पिता का सिर दीवार में पटक कर मौत के घाट उतारा

कौशाम्बी, 04 मई (तरुणमित्र)। जिले के महेवा घाट थाना क्षेत्र के महेवा घाट गांव में मामूली विवाद को लेकर पुत्र ने पिता का सिर दीवार में पटक कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार की रात महेवा घाट गांव में खाना खाते समय पिता रमेशचंद्र का अपने पुत्र करन सिंह से विवाद हो गया गुस्से में आकर करन सिंह अपने पिता को पकड़ कर उसका शिरदीवार में पटकर मरणासन्न कर दिया गंभीर हलत में परिवार के लोग पिता रमेशचंद्र को लेकर चित्रकूट जिले के राजपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां उसकी मत्यु हो गई पुलिस ने मृतक के दूसरे पुत्र अनूप की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

## पुलिस ने स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अमेठी, 04 मई (तरुणमित्र)। जनपद अमेठी पुलिस ने एक सफल कार्रवाई में थाना गौरीगंज पुलिस ने 53 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध और अपराधियों के धर-पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम मनीष यादव उर्फ कल्लू यादव पुत्र रामऔतार यादव निवासी सुन्दरपुर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष और नरेन्द्र बहादुर यादव उर्फ वकील पुत्र रामनाथ यादव निवासी ग्राम जमुनिया थाना डीह जनपद रायबरेली उम्र करीब 45 वर्ष हालपता मकान नम्बर 455/19 सोनियानगर थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली हैं।

अभियुक्त मनीष यादव के पास से 27 ग्राम स्मैक और अभियुक्त नरेन्द्र बहादुर यादव के पास से 26 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और उनके खिलाफ पहले से ही कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त मनीष यादव के विरुद्ध जनपद अमेठी के थाना मुसाफिरखाना पर हत्या का मुकदमा दर्ज है, जबकि अभियुक्त नरेन्द्र यादव के विरुद्ध जनपद रायबरेली के विभिन्न थानों पर हत्या और अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पारिवारिक विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना

लालगंज रायबरेली, 04 मई (तरुणमित्र)। कस्बे के चिमनामऊ मोहल्ले में पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। अरुण शंकर ने रवि शंकर, फूलमती और शिवम के खिलाफ मामला दर्ज कराया तो वही रवि शंकर ने करुणा शंकर, सोनी मिश्रा, रोहित और अरुण के खिलाफ मामला पंजीकृत कराया है।

चौकी इंचार्ज अमरेश द्विवेदी ने बताया कि मारपीट की घटना में मुकदमा दर्ज हो गया है। पांच लोगों को चोट आई है।

## मजदूर की पीट-पीट कर हत्या

सुल्तानपुर, 04 मई (तरुणमित्र)। लकड़ी नहीं काटने पर मजदूर की पीट-पीटकर हत्या। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव में शनिवार रात सनसनीखेज वारदात। मृतक श्रमिक की पहचान राम खिलाड़ी (52) के रुप में। बाइक सवार अराजकतत्वों ने बेरहमी से उतारा मौत के घाट, हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार।

## बाईक चोर गैंग का भंडाफोड़, 8 बाईक संग 7 गिरफ्तार

रायबरेली, 04 मई (तरुणमित्र)। एसओजी/ सर्विलांस व डीह पुलिस ने बाईक चोरी गैंग का भंडाफोड़ करते 7 सदस्यों को 8 चोरी की बाईक के साथ गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि उक्त गिरोह जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों से शादी समारोह से बाईक चोरी कर लेते थे और पुरानी बाईक में समान सजा कर बाकी बेकार समान कबाड़ी को बेच लेते थे।

पकड़े गए अभियुक्तों में शिवबरन, सुरेंद्र, सुनील, विमलेश को चोरी की बाईक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि हम सभी ने मिलएरिया, जगतपुर व कोतवाली क्षेत्र से बाइक चोरी किए है बाईक बेच कर आपस में पैसा बांट लेते थे। वही पुलिस ने कबाड़ी मो. शमीम व मो अशलम को बेचते थे। शिवा जो मोटर साइकल मिस्त्री है। पुलिस टीम ने कुल गैंग के सात सदस्यों को 8 बाईक के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### प्रतापगढ़ में जगी विकास की आस...

# सरकारी तंत्र को सुधारने में जुटे हैं प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी

ब्रजेश त्रिपाठी

प्रतापगढ़, 04 मई (तरुणमित्र)। प्रतापगढ़ जिला अधिकारी शिव सहाय अवस्थी को प्रतापगढ़ में आए हुए 3 माह से अधिक समय बीत गया। भौगोलिक जानकारी के साथ-साथ यहां के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम जनता की विचारधाराओं से वह वाकिफ हुए। जिलाधिकारी अवस्थी की कार्यशैली को देखने से लगा कि अनेक विभागों में कागजी आंकड़ों और बैठकों से हटकर वास्तविक जानकारी हेतु स्थलीय निरीक्षण करने में अधिक विश्वास रखते हैं और बीच-बीच में विभागीय कार्यालयों का भी निरीक्षण प्रारंभ कर दिया।

शुरुआती दौर में जिलाधिकारी ने सहायक क्षेत्रीय परिवहन विभाग और निर्बंधन कार्यालय सदर का आकस्मिक निरीक्षण किया जिससे विभागों में खलबली मच गई। वहां मौजूद रहे दलाल इधर-उधर भागते नजर आए। यह जग जाहिर है कि इन दोनों विभागों में दलालों/ बिचौलियों की लंबी कतार होती है।



इसी क्रम में 04 अप्रैल की सुबह जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने विकास भवन का औचक निरीक्षण किया जिसमें अनेक विभागों के कुल 14 कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस व प्रतिकूल प्रविष्टि दिया जिसके परिणाम स्वरुप वहां के अधिकारी और कर्मचारी अब नियत समय पर आने लगे हैं।

अन्यथा राम राज्य था क्योंकि विगत दो वर्षों से किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा विकास भवन का निरीक्षण नहीं किया गया था। देखा जाए तो शासनादेश के मुताबिक सभी अधिकारी और कर्मचारी को मुख्यालय पर ही रात्रि निवास करने का आदेश है फिर भी 20% ऐसे अधिकारी कर्मचारी हैं जो मुख्यालय छोड़कर निकटवर्ती जनपदों में स्थित आवास पर रात्रि निवास करते हैं जो अनियमित है।

जिलाधिकारी अवस्थी द्वारा जहां एक और अधिकारियों कर्मचारियों पर कार्यों को लेकर सख्ती दिखाई जा रही है तो वहीं दूसरी ओर कमियों की समस्याओं की सुनवाई 17 अप्रैल को विकास भवन में मेगा कैंप के आयोजन की नई पहल डीएम द्वारा की गई जिसमें 26 कर्मचारियों ने विभिन्न समस्याओं को कैंप में रखा। डीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिया कि 15 दिनों में कर्मियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर दिया जाए। इसी तरह जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर 15अप्रैल को कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण पैदल भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा। डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर व शेडों की साफ सफाई करने व पेयजल आदि व्यवस्थाओं हेतु नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया।

पीडब्ल्यूडी के एक्सियन को निर्देशित किया कि पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्तीकरण कर नए शेड का निर्माण कराया जाय। बताते चलें कि विगत 2 वर्षों में यह पहली बार डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया जिससे वकीलों ने डीएम की प्रशंसा की। वहीं यह अनुभव किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में विगत 3 वर्षों में पूर्व जिला अधिकारी द्वारा अधिकतम 7,8 शिकायतों का ही निस्तारण किया जाता रहा परंतु 5 अप्रैल को सदर तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 204 प्राप्त शिकायतों में 28 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया और 19 अप्रैल को पट्टी तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 234 शिकायतों में 35 शिकायतों का निस्तारण डीएम ने मौके पर कराकर कमाल कर दिया जिससे फरियादियों में आशा की किरण दिखाई पड़ी कि उनकी समस्याओं का हल अब हर- हालत में होगा। उन्होंने उक्त दिवस पर अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी और कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजना से वंचित न रह जाए। डीएम के इस कड़े तेवर को देख जहां एक ओर अधिकारी सकते में आ गए तो वहीं दूसरी ओर जनता में समाधान दिवस के प्रति विश्वास हो चला है।

अभी मुश्किल से पट्टी में समाधान दिवस बीते 12 दिन हुए ही थे कि जिलाधिकारी अपने लाव-लस्कर के साथ इस भीषण गर्मी में रानीगंज स्थित सीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। डॉक्टर और कर्मियों में अफरा- तफरी मच गई। डीएम ने अवैध रूप से संचालित तीन मेडिकल स्टोर को सीज कराया, दवाएं जप्त की गई। दवाओं के स्टोर रूम को चेक किया और चीफ फार्मासिस्ट के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई। बाद में नगर पंचायत रानीगंज का भी निरीक्षण करने पर देखा कि अमृत सरोवर सूखा था,पानी नहीं भरा था जिस पर उन्होंने ईओ रानीगंज को चेतावनी देते हुए 3 दिन के अंदर पानी भरने का आदेश दिया। यहीं पर डीएम को यह भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि जनपद में कुल 18 नगर पंचायत हैं जिनके बड़े-बड़े टेंडर समाचार पत्रों में प्रकाशित होते हैं परंतु कार्यों की जमीनी हकीकत सभी वाकिफ होना आवश्यक है क्योंकि शहर में स्थित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी तथ्यों से परे होकर भ्रामक बयान देने में दिलचस्पी रखते हैं और वास्तविकता कुछ और रहती है तो नगर पंचायत के कार्य खस्ता हाल ही होंगे।

बहरहाल डीएम के सख्त तेवर को देख सभी विभागाध्यक्ष एलर्ट हो गए हैं। जिलाधिकारी शिव सहाय स्वास्थ्य की मंशा है की सरकारी तंत्र यदि सुचारू रूप से और पूर्ण निष्ठा के साथ कार्यों का संपादन करेगा तो निश्चित है कि जनपद का चतुर्मुखी विकास होगा। गरीब जनता को अनेक चल रही योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकेगा और हर फरियादियों को इंसाफ मिल सकेगा।

# बाल विद्या भवन के छात्रों ने रचा इतिहास

हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। जरूरी नहीं रौशनी चरागों से ही हो, शिक्षा से भी घर रौशन होते हैं। इस कथन को सत्य सिद्ध किया है बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने। कल सत्र 2024-25 के कर.उ कक्षा 12 एवं कउ.र.ए कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं जनपद का गौरव बढ़ाया।




12वीं में जाह्नवी सिंह 93.25%, मो. अनश 92.75%, साक्षी सिंह 92.25%, नितिन मिश्रा 90.50%, गिनी राज 90.25 कक्षा 10 (आईसीएसई) के टॉपर्स में प्रखर सिंह 95.4%, ईशान सिंह 94.6%, माधव पाण्डेय 93.4%, शौर्य प्रताप सिंह 89%, आदर्श गुप्ता 88.4%, रहे। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका कीर्ति सिंह एवं प्रधानाचार्या कनुप्रिया सिंह ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कीर्ति सिंह ने इस अवसर पर कहा, शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग है जो व्यक्ति को उसके सपनों को साकार करने में सहायक बनती है। बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल, हरदोई का एकमात्र ऐसा संस्थान है जो अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करता है। विद्यालय में इंटरएक्टिव पैनल, सेंट्रल वाई-फाई सिस्टम, रोबोटिक्स जैसी तकनीकों से बच्चों को वैश्विक स्तर की शिक्षा दी जाती है। कहा, बच्चे राष्ट्र की नींव होते हैं। वे उर्वर भूमि पर लहलहाती फसलों के समान हैं। राष्ट्र की जड़ें ये छात्र हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को कार्य, आराधना व विद्वता का फल प्रदान करते हैं। एक राष्ट्र के निर्माण में माता, पिता एवं शिक्षक की प्रमुख भूमिका होती है, जिनमें शिक्षक सर्वाधिक महत्वपूर्ण होते हैं। शिक्षक ही विद्यार्थियों को एक मूर्ति की भांति गढ़ते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। प्रधानाचार्या कनुप्रिया सिंह ने भी सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, विद्यालय के मेधावी छात्रों ने अपने प्रदर्शन से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। मैं इन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

इस अवसर पर एकेडमिक हेड अश्वनी दीक्षित, शोभित वाजपेयी, रवि कांत दीक्षित एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# गैस सिलेंडर रिसाव से लगी भीषण आग, पांच घर जले

मौदहा हमीरपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। रविवार सुबह कस्बे में आग की खबर से हड़कंप मच गया और आनन फानन में कोतवाली पुलिस, फायर ब्रिगेड और मोहल्ले के युवाओं की मदद से लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक आग से पांच घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। हालांकि सिलेंडर फटने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस अग्निकांड की घटना के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने मौके पर पहुंच पीड़ितों को कुछ राहत राशि देकर उनके आंसू पोंछने का सराहनीय प्रयास किया है।



कस्बे के मोहल्ला उपरौस नयी बस्ती मलीकुआ चौराहा के निकट अरमान सीवी पुत्र खुदाबख्श के मकान में रह रहे यासीन के यहां रविवार सुबह खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के रिसाव के कारण सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।गैस सिलेंडर में लगी आग और घर में रखे कुछ और गैस सिलेंडर के कारण लोग दहशत में आ गए और घर के अंदर जाने से बचने लगे इसी बीच जोरदार धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। जिससे बगल में रह रहे अन्य लोगों के कमरों के छप्परों को देखते ही देखते आग ने अपनी चपेट में ले लिया हालांकि आग की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस, फायर बिग्रेड व नगर पालिका के जबीर चौधरी की टीम के साथ ही मोहल्ले के युवाओं ने जान जोखिम में डालकर लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक मकान में रहने वाले मोहम्मद ताहिर पुत्र यासीन, शरीफ पुत्र बफाती, शन्नो पुत्री रहमान, सितारा पत्नी इस्लाम के घर की गृहस्थी का लगभग सारा सामान जलकर खाक हो गया। वहीं राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग से हुए नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है। वहीं लोगों का मानना है कि यदि रविवार को बिजली आपूर्ति चालू रहती तो मोहल्ले में लगे समर सेबल के माध्यम से जल्दी आग पर काबू पाया जा सकता था। लेकिन बिजली नहीं होने के कारण पानी की सुविधा नहीं हो सकी जिससे आग को भड़कने का मौका मिल गया। इस सम्बंध में नायाब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने बताया कि आग लगने की उन्हें जानकारी मिली है तो तत्काल विभागीय कर्मचारियों को आग से हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए भेजा है और सरकार से पीड़ितों को हर सम्भव सहायता दिलाने का काम किया जाएगा।

# छात्राओं-महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया सतर्क

उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत रविवार को महिला पुलिस ने अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5 के माध्यम से जिले के सभी थाना क्षेत्रों में आउटरीच प्रोग्राम हुआ। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने आबादी वाले क्षेत्रों जैसे बाजारों, कोचिंग संस्थानों, मेलों और गांवों में जाकर बालिकाओं, छात्राओं और महिलाओं को महिला उत्पीड़न के रोकथाम संबंधी अधिकारों, हेल्पलाइन सर्विस और पुलिस की ओर से की जाने वाली कार्रवाई के बारे में जागरूक किया। महिला पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर हेल्पलाइन नंबरों जैसे डायल 112, पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी। इस क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीम ने वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी अंजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।

# मारपीट की घटनाओं में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद/ हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र शाहाबाद और मझिला थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की अलग अलग घटनाओं में शाहाबाद और मझिला पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कोतवाली शाहाबाद के ग्राम कचूरा निवासी अमन पुत्र जोगेंद्र के अनुसार दो मई की रात 8 बजे वह खेत से घर लौट कर आ रहा था।

रास्ते में विपक्षी भारत पुत्र रूपन ने अपने पुत्र विमलेश के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज किया मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर निवासी सचिन पुत्र वीरेंद्र के अनुसार 2 मई को उसके भाई का तिलक समारोह था। डीजे पर बच्चों के विवाद में गांव के शिवम पुत्र रामबाबू ने अपने साथी विपिन और प्रसांत के साथ मिलकर उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा।

मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम लोना निवासी सीता पत्नी रामू के अनुसार गांव के विजय पाल ने पत्नी विमला और पुत्र रामू के साथ मिलाकर पुरानी किसी बात को लेकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। शाहाबाद और मझिला थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की अलग अलग घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर मारने वाले बोलेरो चालक पर रिपोर्ट

शाहाबाद /हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा तिराहा पर 2 मई की रात 11 बजे रिश्तेदारी से वापस जा रहे कार सवार लोगों को टक्कर मार कर घायल कर देने वाले बोलेरो चालक के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। प्राप्त विवरण में शाहजहांपुर जनपद के तिलहर थाना क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र श्री कृष्ण के अनुसार वह शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरसेली रिश्तेदारी से वापस घर जा रहा था। उसकी कार अर्टिगा संख्या यूपी 27बीजे 9864 पर उसके साथी रामकुमार, सुरेश, रमेश और लौघूराम भी साथ में थे। खेड़ा तिराहे पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो संख्या यूपी 30 डीटी 1114 के चालक नसीम अहमद ने उसकी कार में टक्कर मार दी। जिससे वह सभी लोग घायल हो गए। जिन्हे सीएचसी शाहाबाद से इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पीड़ित के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस ने बोलेरो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के आठवें सीजन का पोस्टर लॉन्च

हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के आठवें सीजन का पोस्टर लॉन्च बिलग्राम चुंगी स्थित कृष्णा डांस क्लासेज में किया गया। पोस्टर लॉन्च मुख्य अतिथि भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक अविनाश मिश्रा द्वारा हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं प्रतिभागियों के सम्यक बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कहा, ये ऑनलाइन प्रतियोगिताएं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए डिजिटल इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देती हैं। मुख्य आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि ऑनलाइन प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय स्तर पर 1 जून से 30 जून तक आयोजित की जाएंगी। जिनका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को कार्यशाला सा अनुभव देकर उनकी प्रतिभा को आकार देना है। बताया, विभिन्न वर्गों में नृत्य, गायन, एक्टिंग, रील मेकिंग, फैंसी ड्रेस, मॉडलिंग, चित्रकला, मेहंदी, कहानी लेखन व भाषण सहित 10 प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिनके माध्यम से विभिन्न प्रदेशों के प्रतिभागी घर बैठे ही प्रतिभाग कर पाएंगे। गायन, नृत्य व मॉडलिंग प्रतियोगिता में 35 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागियों का रुझान देखते हुए वरिष्ठ वर्ग भी बनाया गया है। प्रत्येक प्रतियोगिता में निर्णायक उस विधा के जानकार ही रहेंगे ताकि प्रतिभागियों को उनसे मिलने वाली जानकारी से अधिकाधिक लाभ मिल सके। प्रतियोगिताओं में 31 मई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के द्वारा प्रवेश लिया जा सकता है।

# वक्फ संशोधन बिल को लेकर जागरूकता अभियान

मौदहा हमीरपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन बिल का पूरे देश में विरोध हो रहा है और अनगिनत याचिकाएं माननीय सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी गई हैं जिनपर सुनवाई भी चल रही है। इसी को लेकर सरकार ने बिल को लेकर लोगों में जन जागरूकता लाने की पहल शुरू कर दी है। उसी सिलसिले में प्रभारी मंत्री और पार्टी की वर्किंग कमेटी के अल्पसंख्यक सदस्य ने लोगों को बिल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



रविवार को कस्बे के मदरसा रहमानिया अनवारुल उलूम में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन बिल को लेकर आमजन को बिल के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी अल्पसंख्यक वर्किंग कमेटी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य फैसल सिददीकी ने लोगों को सम्बोधित किया।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि वक्फ कानून का फायदा आमजन को है

● कस्बे के मदरसा रहमानिया में सेमिनार आयोजित

लेकिन विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग अपने फायदे को लेकर इसके नुकसान बता रहे हैं। जिसके चलते इस कानून का अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है जबकि कानून अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के हित में है।

जिसके चलते सरकार अब इस कानून को लेकर जनजागरण अभियान चला कर आमजन तक इस बिल के फायदे बता रही है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी विनीता पहल, तहसीलदार सहित अन्य बीजेपी नेता और मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# ऑटो बाइक भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

कालपी/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार भाग रहे ऑटो ने ग्राम छौंक के पास बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीन लोगों में से एक की मौत हो गई जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में उपचार के बाद मेडिकल कॉलिज रेफर कर दिया गया।

बताते चलें कि जिला भीलवाड़ा राजस्थान के थाना नंदराम क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुरा निवासी कन्हैयालाल 20 वर्ष अपने भाई बीनू 15 वर्ष व गांव के ही 32 वर्षीय भंवर सिंह के साथ लखनऊ में चारबाग के पास फालूदा आइसक्रीम का हाथ ठेला लगाता था। बताया गया है कि गांव से ही एक ट्रक उरई आया था इस कारण वह अपने भाई व गांव के निवासी युवक के साथ बाइक को उरई रखने के लिए लखनऊ से सुबह करीब तीन बजे निकला था। जैसे ही बाइक सवार तीनों लोग झांसी-कानपुर हाईवे पर ग्राम छौंक के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को सीएचसी कालपी भेजा।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार अरविंद तिवारी के जन्मदिन पर सर्वेश पिहानी ने किया वृक्षारोपण

हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। जनपद से इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकार अरविंद तिवारी के जन्मदिन पर उनके समर्थकों, शुभचिंतकों ने पौधारोपण किया। अरविंद तिवारी टाइम्स नाऊ और दैनिक तरुण मित्र के जिलाप्रतिनिधि हैं, आज उनके जन्मदिन पर सर्वेश पिहानी और शुभचिंतकों ने पौधारोपण कर उनके दीघार्यु होने की कामना की। उनके द्वारा समाज हित में अपने कार्य के माध्यम से इसी तरह निर्बाध सेवा देकर जनमानस की सेवा में रत रहें।



### दुकानदार से टप्पेबाजी कर चौदह हजार उड़ाए

शाहाबाद, हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के अल्लाहपुर तिराहे पर एक दुकानदार के बाजार जाते समय बाइक सवार दो युवकों ने टप्पेबाजी कर रुपए पार कर दिए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित कस्बे के मोहल्ला मौलागंज निवासी हमीद पुत्र शहदुल्ला के अनुसार दो मई को वह दुकान से अपनी बहू को दवा दिलवाने के लिए बाजार जा रहा था। अल्लाहपुर तिराहे के निकट ही अचानक यूपी 30 बीएस 4896 नंबर की बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोका और उससे रास्ता पूछने लगे। बाइक सवार एक युवक ने बाइक से उतर कर उसकी जेब में रखे 14000 रुपए टप्पेबाजी कर निकाल लिए। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### सीडब्ल्यूसी की टीम ने रुकवाया बाल विवाह

जालौन/उरई, हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। सीसी सड़क की जांच के लिए प्रधान व सचिव द्वारा बुलाए जाने पर मौके पर जा रहे ग्रामीण के साथ गांव के ही युवकों ने मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी आत्म प्रकाश शुक्ला ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके घर के सामने सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। सीसी सड़क डाले जाने की शिकायत गांव के ही अकील ने की थी। बीती 23 अप्रैल को इस शिकायत की जांच की जा रही थी। जांच में उनका पक्ष जानने के लिए प्रधान व सचिव ने उन्हें सुबह करीब साढ़े नौ बजे बैंक के पास बुलाया था। उनके बुलाने पर वह बैंक की ओर जा रहे थे तभी रास्ते मे अकील व एक अन्य युवक मिल गए। जिन्होंने उसे रास्ते मे रोककर गाली, गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो दोनों ने मिलकर मारपीट कर दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी पूर्व में भी चुनावी रंजिश के चलते विवाद करता रहा है। प्रधान की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। इतना ही नहीं आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# एक शाम बज्म-ए-करीम के नाम आयोजित हुआ मुशायरा

मौदहा हमीरपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। कस्बे में एक शाम बज्म-ए-करीम के नाम पर नशिस्त मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें मुकामी शायरों ने अपनी शेर शायरी सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं शायरों की शायरी सुनकर श्रोताओं ने खूब वाहवाही की।

कस्बे के निजामीपुरा मोहल्ला निवासी मास्टर फखरूद्दीन यावर के मकान में शनिवार की रात एक शाम बज्मे करीम के नाम पर नशिस्त मुशायरे का आयोजन किया गया। इस मुशायरे की महफि ल की शुरूआत हम्दो शना के साथ शायर रमजान खान साहिल ने शुरू की। इसके बाद शेर शायरी तथा गजलों का दौर शुरू हुआ जिसमें मसीह निजामी, निजाम मौधवी, इस्लाम मौधवी समेत बदरूद्दीन तय्यब, रमजान खान, इशहाक कातिल साहिल समेत दर्जनों मुकामी शायरों ने अपने-अपने कलाम सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने में मजबूर कर दिया। अंत में मुशायरे की बज्म सजाने वाले मास्टर यावर मौधवी ने भी अपने शेर सुनाकर आए हुए सभी श्रोताओं को धन्यवाद दिया। मास्टर यावर ने बताया कि अब ये नशिस्त प्रत्येक महीने आयोजित की जाएगी जो अब अगले महीने में ' लेकिन कभी जमीर का सौदा नहीं किया ' मिस्रे पर आयोजित की जाएगी। बताते चलें कि आयोजक द्वारा दिए गए मिस्रे पर ही शायर श्रोताओं को अपनी पूरी शायरी सुनाने को मजबूर होंगे। उक्त नशिस्त की सदारत कुदरतुल्ला व संचालन यावर मौधवी ने किया। इस दौरान दिवंगत शायर करीम साहब के पुत्र मास्टर जमीर आलम उपस्थित रहे।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। सांडी थाना क्षेत्र में करीब एक माह पूर्व एक किशोरी के साथ छेद छाड़ कर उसे जान से मार डालने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में 9 अप्रैल को किशोरी के पिता द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गयी कि सुभाष पुत्र बुद्धलाल निवासी ग्राम मदारा थाना सांडी द्वारा उसकी पुत्री के साथ छेडछाड व जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना सांडी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी।थाना सांडी के उपनिरीक्षक रामकुमार शुक्ला व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# साइबर ठगी में धनराशि को कराया गया वापस

महोबा, 04 मई (तरूणमित्र)। आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनसे उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर धोखाधडी की घटनाएं प्रकाश में आती हैं। ऐसी घटनाओं की रोकथाम तथा आमजनमानस को नियमित साइबर अपराध के प्रति जागरुक कर उनकों सचेत किये जाने हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में साइबर थाने का गठन किया गया है। जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक, प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक कुमार दुबे के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना निरीक्षक मो. फहीम अख्तर के नेतृत्व में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस टीम महोबा द्वारा निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में साइबर ठगी के शिकार 02 पीडित आवेदक क्रमशः 1. शैलेन्द्र सिंह पुत्र गुमान सिंह निवासी मु0 गाँधी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा ने 74 हजार रु. की धोखाधडी एवं आवेदक 2.भीम कुमार पुत्र झुरी निवासी मु0 भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा ने 20 हजार रु. की धोखाधडी के संदर्भ मे ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके क्रम मे साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा प्रार्थना पत्र की जाँच की गयी, जाँच के दौरान आवेदक/पीडितों के साथ हुयी साइबर ठगी में खाते से निकाली गयी धनराशि को वापस कराने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये पेमेण्ट गेटवे/सम्बन्धित बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर पीडितों की सम्पूर्ण धनराशि 74 हजार रु. तथा 20 हजार रु. (कुल धनराशि 94 हजार रु.) इनके खाते में वापस करायी गयी है। थाना साइबर क्राइम जनपद महोबा पुलिस टीम के द्वारा की गयी इस त्वरित कार्यवाही से पीडित अपने रुपये वापस पाकर अत्यन्त प्रसन्न है, पीडित ने पुलिस अधीक्षक महोबा व साइबर क्राइम थाना जनपद महोबा की पुलिस टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया है।

साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना अंकित कराये, सूचना विलम्ब से देने पर साइबर अपराधियों द्वारा धन निकाल लिया जाता है। धन निकलने के उपरान्त पैसे वापस होने की सम्भावना बहुत कम होती है। लोगो को साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओ०टी०पी०, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएँ।

# अमृत वर्षकॉल में जाति जनगणना बनेगी पिछड़ी अतिपिछड़ी दलित अतिदलित जातियों के लिए अमृतः अर्कवंशी

हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। जातिगत जनगणना का निर्णय पिछड़ी अतिपिछड़ी दलित अतिदलित जैसी अनेक उपेक्षित और वंचित पिछड़ी जातियों के लिए एक ऐतिहासिक वरदान साबित होगी। उक्त बातें सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने एक अभिनंदन समारोह में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि भारत में पहली बार 1931 में जातीय जनगणना हुई। 1941 में जातीय आंकड़े जुटाए गए लेकिन इनको सार्वजनिक नहीं किया गया।इस बार देश मे सरकार की जातिगत जनगणना की घोषणा से बहुत खुशी का माहौल है और सरकार पर भरोसा है कि जल्द से जल्द जनगणना कराकर आंकड़े पेश करेगी जो विपक्ष के मुँह पर तमाचा होगा क्यों कि विपक्ष हमेशा इस मुद्दे की बात तो करता रहा है पर कभी भी सरकार में रहते हुए जातिगत जनगणना कराने का कार्य नहीं लिया।आजादी के इतने वर्षों बाद भी कई जातियों की वास्तविक संख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर कोई ठोस सरकारी आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें योजनाओं और नीतियों का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा।

जाति जनगणना के माध्यम से इन जातियों की पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी और उनके विकास के लिए योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जा सकेंगी।

इससे आरक्षण, प्रतिनिधित्व और संसाधनों के बंटवारे में पारदर्शिता आएगी, जिससे समाज में समता और न्याय की स्थापना संभव हो सकेगी।ऐसे में जातियों के आंकड़ों से पता चल सकता है कि कोई खास जाति किन क्षेत्रों में है, उनकी सामाजिक- आर्थिक स्थिति क्या है और विभिन्न जातियों का प्रतिनिधित्व कितना है। इस जानकारी का इस्तेमाल सामाजिक न्याय और उनके जीवन कल्याण के लिए नीतियां बनाने में किया जा सकता है।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर अपनी पार्टी के कार्यकताओं के माध्यम से इस मुद्दे को सरकार में रहते हुए भी संघर्ष करती रही है।

साथ ही गाँव गाँव मे अभियान चलाकर लोगो को जातिगत जनगणना कराने की बात करती रही है और सामाजिक न्याय के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रही है।

## हास्य दिवस पर पतंजलि योग समिति ने कराया योग

हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। अन्तर्राष्ट्रीय हास्य दिवस पर पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह ने शहीद उद्यान में निःशुल्क योग शिविर लगाकर ऑफलाइन के साथ साथ ऑनलाइन भी योगासन व प्राणायाम और खूब हास्यासन कराए जिसको सभी भाई बहनों ने खूब मन लगा कर किए और आनंद उठाया।हास्य दिवस सभी को हार्दिक बधाई दी। उक्त अवसर पर शशिकला सिंह, शशी मौर्या, मनू गुप्ता, रेखा सिंह, रेनू शुक्ला, रजनी सिंह, पारूल तिवारी, रंजना, तारा वती, गीता त्रिवेदी, पुष्पा देवी, ललिता द्विवेदी, शिमला राजवंशी, तोताराम गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, रामनरेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मृतक के बेटे ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ दर्ज करायी रिपोर्ट

जालौन/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। मोहल्ला चैधरयाना निवासी सिक्योरिटी गार्ड की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। घटना 30 अप्रैल की रात करीब 8 बजे की है। जब उरई रोड सात मील के पास आरसीसी डेवलपर्स कंपनी में ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड को एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। मृतक दिनेश द्विवेदी के बेटे राहुल द्विवेदी ने पुलिस को बताया उनके पिता को सोना सिक्योरिटी सर्विस कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। कोतवाली क्षेत्र के सातमील के पास आरसीसी डेवलपर्स कंपनी का काम चल रहा है। जिसमें सिक्योरिटी गार्ड कंपनी द्वारा उनके पिता की ड्यूटी सातमील के पास लगा दी गई। बीती 30 अप्रैल को रात करीब आठ बजे कंपनी में कार्यरत विनय पाठक उनके घर आए और बताया कि पिता का एक्सीडेंट हो गया है।

# श्री गोविंद वृद्धजन सेवा समिति ने किया गौ पूजन

हरदोई, 04 मई (तरूणमित्र)। श्री गोविंद वृद्धजन सेवा एवं गो विज्ञान समिति के द्वारा अपने गौ सेवा संकल्प के संदर्भ में पूर्व निर्धारित गौ सेवा कार्यक्रम मजरा सदईबेटा में सत्रहा गौशाला परिसर में संस्था की तरफ से हरा चारा, गुड़, सेंधा नमक एवं केला, गौ माता के लिए व्यवस्था कर उनको हरा चारा खिलाया गया।



संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य गण बहुत ही उत्साह उमंग के साथ गौ माता की सेवा की एवं उनका पूजन अर्चन भी किया। संस्था के अध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने कहा कि लखनऊ जाकर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) श्याम बिहारी गुप्ता से मिलकर, शहर के अंदर पंचगव्य औषधियों के निर्माण की व्यवस्था संस्था के माध्यम से हो, उनके समक्ष ऐसा प्रस्ताव रखेंगे। साथ में उन्होंने जनमानस से गौ सेवा करने का आवाहन भी किया। संस्था

● गौ माता में 33 कोटि देवी देवता निवास करते हैं इसलिए गौ माता की सेवा कर सभी देवी देवताओं की सेवा हो जाती है।

के उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि जिले की विभिन्न गौशालाओं में जाकर गौ सेवा करने की बात कही। संस्था की महिला अध्यक्ष श्रीमती विनीता पांडे ने कहा गौ माता में 33 कोटि देवी देवता निवास करते हैं इसलिए गौ माता की सेवा कर सभी देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। संस्था के उप प्रबंधक सोनू गुप्ता जी ने कहा कि गौ सेवा सर्वोपरि सेवा है। इस अवसर पर संस्था के मार्गदर्शन आर.पी.सिंह सोमवंशी, कोषाध्यक्ष आनंद पांडे श्रीमती सुधा गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, दिलीप गुप्त एडवोकेट, दाताराम गुप्ता, धीरज गुप्ता, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्रीमती मंजू वर्मा, श्रीमती शशि गुप्ता, श्री रितेश गुप्ता, श्री चंद्र मोहन पांडे आदि भक्तगण मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 05 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, बैसाख शुक्ल पक्ष- अष्टमी

## अति उत्साह से बचिए

केन्द्र सरकार द्वारा जाति जनगणना के ऐलान के बाद कांग्रेस में खासा उत्साह है। कांग्रेस केंद्र सरकार के इस निर्णय के पीछे नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के बनाए गए दबाव को जिम्मेदार मान रही है और इसके लिए जगह -जगह धन्यवाद और आभार यात्राएं निकालकर राहुल गाँधी के प्रति आभार जता रही है। जाति जनगणना के ऐलान के बाद जैसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश संचरित हो गया है, यह पार्टी के लिए अच्छी बात है लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को यह जोश जताते वक़्त सावधान रहने की भी जरूरत है। उदाहरण के लिए उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का एक बयान वायरल हो रहा है जिसमें वे उप्र विधानसभा चुनाव 2027 में पार्टी के अकेले चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं। इससे पहले भी पहलगाम हमले को लेकर कांग्रेस नेता अपनी पार्टी लाइन से हटकर बयान देते नजर आए थे, जिसके बाद नेतृत्व को एक परिपत्र जारी कर नेताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाने और अनुशासन भंग करने की चेतावनी देनी पड़ी थी। कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में जातीय जनगणना के ऐलान के बाद हलचल तेज है। कांग्रेस इस फैसले को अपनी जीत बता रही है और खुलकर इसका श्रेय राहुल गांधी को दिया जा रहा है। इसी जोश में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने ऐसा बयान दे डाला जिसके बाद कांग्रेस नेतृत्व को दिक्कत हो सकती है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए बने इंडिया गठबंधन का सबसे बड़ा दल है। उसने उप्र में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ा और उल्लेखनीय सफलता भी पाई। अब तक मिले संकेतों के अनुसार अनेक कटुताओं के बावजूद पार्टी 2027 का उप्र विधानसभा चुनाव भी मिलकर लड़ेगी। वास्तव में उप्र में कांग्रेस अब भी बेहतर स्थिति में नहीं है। 2022 के उप्र विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को रोल मॉडल बनाकर उप्र में अपना अस्तित्व सिद्ध करने की कोशिश की थी, लेकिन उसे मुंह की खानी पड़ी। उप्र ही क्यों, महाराष्ट्र, हरियाणा, मप्र जैसे कितने ही राज्यों में कांग्रेस ने अकेले आगे बढ़ने की कोशिश की लेकिन सिवा तेलंगाना और कर्नाटक के उसे सभी जगह असफलता हाथ लगी। इंडिया गठबंधन के ज्यादातर दलों को कांग्रेस से यही शिकायत है कि वह गठबंधन धर्म निभाने में ईमानदार नहीं है। उसे समय समय पर इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। उप्र कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए। उप्र में फिलहाल समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा दल है और विधानसभा में भी उसके पास सबसे अधिक सीटें हैं। ऐसे में कांग्रेस के पास 2027 और उसके बाद 2029 लोकसभा चुनाव में अकेले आगे बढ़ना फिलहाल बेहतर विकल्प नहीं है। इस साल के अंत में बिहार विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस इस उधेड़बुन में है कि अकेले चुनाव लड़ें या राजद सहित महागठबंधन के साथ। कांग्रेस के लिए आदर्श स्थिति नहीं है। निश्चित रूप से राहुल गाँधी ने भारत जोड़ो यात्राओं जैसे कार्यों से कांग्रेस को जिंदा करने का कार्य किया है लेकिन अब भी कांग्रेस के पास न तो इतने संसाधन हैं और न संगठन है कि वह राहुल गाँधी की मेहनत को सफलता में बदल सके। जबकि विपक्षी गठबंधन में साथ रहकर कांग्रेस ने अकल्पनीय रूप से लोकसभा चुनाव 2024 में 99 लोकसभा सीटें जीत लीं और लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनी। अर्थात विपक्षी एकता कांग्रेस के लिए इस समय संजीवनी है।

## जातिगत जनगणना के अहम पहलू



प्रेम शर्मा

**भारत में जाति-आधारित आँकड़ा संग्रह का एक लंबा इतिहास है, जिसमें वर्ष 1931 तक की जातियों की सूचना शामिल है। वर्ष 1951 के बाद जातिगत आँकड़ों का संग्रह बंद करने का निर्णय लिया गया ताकि इस विभाजनकारी दृष्टिकोण से बचा जा सके और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया जा सके।**

हालाँकि, बदलती सामाजिक-राजनीतिक गतिशीलता और सटीक सूचना की आवश्यकता को देखते हुए जातिगत जनगणना का नए सिरे से आह्वान किया जा रहा है। जाति जनगणना के विरोधियों का तर्क है कि जाति-आधारित भेदभाव अवैध है और जातिगत जनगणना जाति व्यवस्था को सबल ही करेगी। उनका मानना है कि लोगों को उनकी जातिगत पहचान के आधार पर वर्गीकृत करने के बजाय सभी नागरिकों के लिये व्यक्तिगत अधिकारों और समान अवसरों पर ध्यान क्रेंद्रित करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिये। आलोचकों का तर्क है कि इससे समाज में भ्रम, विवाद और विभाजन की वृद्धि की स्थिति बन सकती है। यद्यपि जातिगत जनगणना के पक्ष और विपक्ष, दोनों में ही प्रबल तर्क मौजूद हैं, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिये ओबीसीएस एवं अन्य समूहों की आबादी पर सटीक आँकड़े का होना आवश्यक है। जातिगत जनगणना सकारात्मक कार्रवाई नीतियों की प्रभावशीलता की निगरानी करने और भारतीय समाज की एक व्यापक तस्वीर प्रदान करने में भी मदद कर सकती है। नीति निर्माताओं के लिये अधिक न्यायसंगत और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करने के लिये दोनों पक्षों के तर्कों पर सावधानीपूर्वक विचार करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

बहरहाल मोदी सरकार ने जातिवार जनगणना कराने का अप्रत्याशित निर्णय ले लिया। इसके पहले 1931 में अंग्रेजों ने ऐसी जनगणना कराई थी। हालांकि इसकी समय-समय पर मांग होती रही। मनमोहन सरकार ने कुछ क्षेत्रीय दलों के दबाव में 2011 में



सर्वेक्षण की शक्ल में सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना कराई, लेकिन गलत आंकड़ों के कारण उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। पिछले कुछ समय से राहुल गांधी जातिवार जनगणना की मांग पर बहुत जोर दे रहे थे। वे इस मामले में सपा, राजद जैसे दलों को भी पीछे छोड़ रहे थे। यह इसलिए हैरान करने वाला था, क्योंकि कांग्रेस कभी भी जातिगत जनगणना के पक्ष में नहीं रही। जनगणना के साथ जातिवार गणना में कोई बुराई नहीं, लेकिन खतरा यह है कि सामाजिक न्याय की बात करने वाले नेता जातिगत जनगणना के जरिये सामाजिक खाई को निश्चित तौर से बढ़ावा देंगे। वैसे भी बिना जातिये जनगणना के जातिगत मतभेद भारत में आम है। कई राजनैतिक दल जातिगत आधार पर ही क्षेत्रीय राजनीति में टिके हुए है। यह खतरा वास्तविक है, क्योंकि कई दल जाति विशेष की बात ही नहीं करते, उन्होंने खुद को कुछ विशेष जातियों के हितैषी दल के रूप में ही उभारा है। वे साफ तौर पर कुछ जातियों को दूसरी जातियों के खिलाफ खड़ा करते हैं। यह सामाजिक न्याय नहीं, अन्याय है। यह राजनीति जातीय विभाजन और जातीय वैमनस्य को बढ़ाती है। ऐसी राजनीति सामाजिक एकजुटता को कमजोर कर सकती है। ऐसा न होने पाए, इसके लिए कुछ जतन करने ही होंगे। आरएसएस ने अवश्य इसका समर्थन किया। तब कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल जाति आधारित जनगणना पर जोर देने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय केंद्रित अपनी पहल बताएगी।

अब यक्ष प्रश्न यह है कि जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या फिर जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खोलेगी? यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि जातिगत जनगणना के आंकड़ों का उपयोग किस तरह किया जाता है। चूंकि जाति भारतीय राजनीति की एक सच्चाई है, इसलिए सैद्धांतिक तौर पर यही उचित दिखता है कि जब सामाजिक कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन में जातियां एक आधार बनती हैं, तब फिर इसके स्पष्ट आंकड़े होने ही चाहिए कि किस जाति के कितने लोग हैं और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति क्या है। अभी तक अनुसूचित जातियों-जनजातियों की तो गिनती होती रही, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी की नहीं। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए।यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। वे अमुक-अमुक जातियों का नेतृत्व करने के लिए केवल जाने ही नहीं जाते, बल्कि ऐसा दावा भी करते हैं। जाति आधारित जनगणना का लाभ है तो हानि भी। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि जातिगत जनगणना वंचितों-पिछड़ों के उत्थान में सहायक बने, लेकिन यदि वह विभाजन को बल देती है तो देश की एकजुटता प्रभावित करती है तो इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## स्वर्ग के बाद अब देवभूमि को निशाना बनाने का षडयंत्र




पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम हमले ने देश को आंदोलित कर दिया है। धर्म पूछकर की गई हत्याओं ने इस्लाम के मंसूबे जाहिर कर दिये हैं। देश के अंदर रहने वाले मीर कासिम की तरह गद्दार भी अब घड़ियाली आंसू बहाकर उत्तेजनात्मक बयानबाजी करके अपने को हिन्दुओं का शुभचिन्तक घोषित करने की होड़ में लगे हैं। हिन्दुस्तान के स्वर्ग के बाद अब देवभूमि को निशाना बनाने का षडयंत्र भी उजागर होने लगा है। सूत्रों की माने तो कश्मीर घाटी के बाद अब केदार घाटी में भी नापाक इरादों को कामयाब करने के लिए छदम वेशधारी जमातों ने आमद दर्ज कर ली है।

उत्तराखण्ड में प्रारम्भ हो चुकी तीर्थ यात्रा में जहां केदारनाथ और यमुनोत्री में फर्जी दस्तावेजों के आधार अनेक आतंकियों द्वारा घोड़ेवाले के रूप में पंजीकरण तक करवा लिया है वहीं यात्रा मार्ग में अनेक बाहरी लोगों ने दुकानें खोलकर व्यवसायी का चोला ओढ़ लिया है। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ वर्षों में ही उत्तराखण्ड की धरती पर हजारों मजारें बना लीं गई है, सैकडों मस्जिदें तैयार हो गईं हैं, मदरसों ने आकार ले लिया है। अचानक आई मुस्लिम आबादी की बाढ़ से वहां का सामाजिक ढांचा तक तहस-नहस होता दिख रहा है। देवभूमि में इन दिनों अनगिनत मांस की दुकानें, कसाईखाने और अनजाने लोगों की बसाहट देखी जा सकती है। लम्बे समय से तीर्थ यात्रा कराने वाली एक कम्पनी के पुराने नुमाइंदे के अनुसार इस बार की उत्तराखण्ड यात्रा में तीर्थ स्थलों पर दुकानों से लेकर सेवायें देने वालों तक में अनजान चेहरों की भरमार है। यह लोग पहले कभी नहीं देखे गये। बहुत कम बोलने वाले इन लोगों की भाषा भी क्षेत्रीय नहीं है, अनेक स्थानीय लोग इनके संरक्षक बने हुए हैं। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे ही आगे आकर मोर्चा सम्हालते हैं और साम्प्रदायिकता का रंग देकर विरोध दर्ज करने वालों पर हावी हो जाते हैं। अभी तो यात्रा शुरू हुई है। आने वाले दिनों में इन अनजान लोगों की कारगुजारियां सामने आने की संभावना है। ऐसे ही स्थिति का खुलासा अनेक स्थानीय व्यवसायियों ने भी किया है। सरकारी व्यवस्था के समानान्तर कम दामों में बेहतर सुविधायें देने का वायदा करने करने वाले अनेक संदिग्धों का तीर्थों में जमघट लगा है। पहले भी सीमापार से आने वाले आतंकियों ने देश के अनेक महानगरों को बम धमाकों से दहलाया था, निर्दोषों की जानें लीं थीं और फैलाई थी दहशत। इस बार धरती के स्वर्ग कश्मीर के बाद अब देवभूमि उत्तराखण्ड को रक्त रंजित करके गजवा-ए-हिन्द का एक बार फिर ऐलान करने के मंसूबों की जानकारी मिल रही है। कार्यपालिका के एक बडे वर्ग की लापरवाही और मनमानियों से तैयार होने वाले दस्तावेजों की आड में राष्ट्रदोहियों की जमातें निरंतर तैयार हो रहीं हैं। अहमदाबाद हो या पश्चिम बंगाल, मणिपुर हो या मिजोरम, केरल हो या कर्नाटक। चारों ओर घुसपैठियों को नागरिक के रूप में स्थापित करने वाले मीर जाफरों की प्रचुर मात्रा में उपस्थिति है। देश के कोने-कोने में फैले इस नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचे बिना आतंकवाद का सफाया असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। मजहबी तालीम के नाम पर काफिरों को नस्तनाबूत करने हेतु तैयार की जा रही जमातें अब अपने असली मंसूबों को सफल करने में जुट गईं हैं। इन सबके पीछे विदेशियों की जहरीली सोच, हथियार निर्माताओं का व्यवसायिक हित और विस्तारवादियों की महात्वाकांक्षाओं जैसे कारक लम्बे समय से सक्रिय हैं। दूसरों पर प्रहार करने वालों पर जब उन्हीं की बिल्ली म्याऊं करने लगती है तब वे अपनी मनमर्जी से गुण्डागर्दी पर उतर आते हैं। दूसरे देशों की सीमाओं में घुसकर अपने दुश्मन की समाप्त कर देते हैं परन्तु जब कोई दूसरा देश ऐसा करता है तो फिर कूटनीतिक पहल, शान्ति का रास्ता, बातचीत की आवश्यकता के उपदेश दिये जाने लगते हैं। पाकिस्तान के बयानों से बेनकाब हो चुके अमेरिका और ब्रिटेन की बौखलाहट अब देखने काबिल है। ऐसा ही हाल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का है जो चन्द देशों की इच्छापूर्ति का हथियार बनना बैठा है। वीटो के नाम पर चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका किसी भी प्रस्ताव या निर्णय को पारित नहीं होने दे सकते हैं। दुनिया में शान्ति और सुरक्षा के लिए उत्तरदायी संस्था में भी जब केवल पांच देशों की तानाशाही ही चल रही है तो फिर न्याय के नाम पर अन्याय को पोषित करने वाली परम्परा का अंत कैसे होगा, यह एक यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। रूस-यूक्रेन, इजरायल-फिलिस्तीन, चीन-ताइवान, भारत-चीन, भारत-पाकिस्तान, भारत-बंगलादेश, अजरबैजान-आर्मेनिया जैसे प्रत्यक्ष युद्धों का दावानल ठहाके लगा रहा है तो वैश्विक व्यापार को अवरुद्ध करने हेतु लाल सागर, अदन की खाड़ी, अरब सागर जैसे इलाकों में इस्लामिक आतंकियों की ललकार गूंज रही है। ऐसे में स्वर्ग के बाद देवभूमि पर आतंकी कहर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस हेतु सरकारों, सुरक्षा बलों और आम आवाम को बेहद सावधान रहने की जरूरत है अन्यथा कभी भी, कोई भी असुखद घटना मूर्त रूप ले सकती है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## पेट की आग

भूखी सोती है विश्व की कई करोड़ आबादी,
कुछ रातों को भूखा सोते, कुछ करते बबार्दी,
कोई जीभ का स्वाद लगाए, कोई पेट की
आग बुझाए, कोई एक वक्त भी खा ले,
उसका दिन बन जाता है, कुछ को तो
पकवान मिले, कुछ को मिले ना सादी, सोचो
तनिक तुम भी उनका, जो भूखे पेट सोते हैं,
पेट में लगी आग के खातिर, रात भर न सोते
हैं, कोई प्लेट आधी छोड़ दे, किसी को रोटी
मिले ना आधी, स्वयं का पेट पालने में,
सबको कितना मान है, जो पेट दूसरों का
पाले, वही तो इंसान है, खाना बबार्दी का
मुख्य केंद्र पार्टियां, डिनर और शादी, भूखी
सोती है विश्व की कई करोड़ आबादी,
कुपोषण वह है जो, कम खाने से होता है,
उसको कुपोषण क्या मालूम, जो पेट भर के
सोता है, विडंबना भरा संसार अजीब, भूख
से मरते पल-पल जीव, सबको मिलकर
लड़ना चाहिए, ताकि कुपोषण से मिले
आजादी, भूखी सोती है विश्व की, कई
करोड़ आबादी, कुछ रातों को भूखा सोते,
कुछ करते बर्बादी।।

हरीश कुमार

## है हमने ये ठाना !



कृष्णेन्द्र राय

हर बात पर राजनीति ।
होकर रहने वाली ।।
चलता तेज दिमाग है ।
नहीं है रखना खाली ।।
काम पड़ा है ज्यादा ।
ना करना आराम ।
घटनाएं कुछ हो रहीं ।
ज्यादा अब तमाम ।।
हर पल अब कुछ नया ।
लेकर के ही आना ।।
पेश है करना वह कुछ ।
चाहे जो जमाना ।।
होंगे कामयाब हम ।
है हमने ये ठाना ।।
लेकिन होगा बंद ना ।
रहेगा बजता गाना ।।

## ये हैं कौन, कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है?



तनवीर जाफरी

भीष्म साहनी द्वारा लिखित लोकप्रिय उपन्यास 'तमस' का प्रकाशन 1973 में हुआ था। साहित्य जगत में यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय हुआ था। इसे 1975 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा गया। प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता गोविंद निहलानी ने 1986 में इसी तमस उपन्यास पर आधारित एक दूरदर्शन धारावाहिक तथा एक फि ल्म भी बनाई। इस में भारत पाक विभाजन के समय की कई दर्दनाक घटनाओं का वर्णन किया गया है। इसी में यह भी दिखाया गया था कि किस तरह साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये कोई मुसलमान ही किसी मस्जिद में सूअर का मांस फेंक देता है और कोई हिन्दू मंदिरों में गौमांस फेंककर साम्प्रदायिक तनाव के वातावरण में पेट्रोल छिड़कने जैसे काम करता है। गोया यह एक पुरानी व सधी हुई रणनीति है जोकि विघटनकारी मानसिकता रखने वाले राजनीतिज्ञों द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये और उसके बाद उसका राजनैतिक लाभ उठाने के लिये अमल में लाई जाती है।

तो क्या 1947 जैसी साम्प्रदायिक मानसिकता रखने वाले षड़यंत्रकारी राजनीतिज्ञों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद आज भी उसी तरह का घिनौना खेल खेला जा रहा है? क्या आज भी देश के विभिन्न इलाकों में उसी तरह की शक्तियां सक्रिय हैं जो वेश बदलकर या लुका छुपी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने व दंगे भड़काने में अहम किरदार निभा रही हैं। गत कई वर्षों से इसतरह की खबरों की सोशल मीडिया व अखबारों में बाढ़ सी आई हुई है। जबकि इतने गंभीर विषय पर देश का स्वयंभू मुख्यधारा का मीडिया खामोश रहता है। मिसाल के तौर पर हमारे देश में गौकशी या गौमांस का मुद्दा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों में गौ तस्करी या गोहत्या के मामाले सामने आये। कई मामलों में आरोपियों को पीट पीट कर मार डाला गया। कई का पुलिस एनकाउंटर किया गया। जाहिर है ऐसे मामलों में मुसलमान ही प्रायः निशाना बनते रहे हैं। परन्तु जब पुलिस उत्तर प्रदेश के बिजनौर में राहुल, सचिन और बृजपाल को कार में दो क्विंटल गोमांस के साथ गिरफ़्तार करती है तो इसे किस नजरिये से देखा जाना चाहिये ? जब आगरा और मुरादाबाद में भी पुलिस गोहत्या के मामले में हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार करे तो क्या कहा जाये ? इसी तरह इसी वर्ष गत 12 मार्च को गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने गौशाला में मांस रखकर उसे गौमांस बताने और धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की। पुलिस को पता चला कि यह साजिश पास की ही एक दूसरी गौशाला की संचालक छाया शर्मा और उसके साथियों ने रची थी। उनका मकसद श्रीराम गौशाला पर कब्जा जमाना और धार्मिक माहौल खराब करना था। छाया शर्मा के साथियों ने स्वयं बाजार से मांस खरीदकर गौशाला में रखा और फिर गौरक्षकों को सूचना देकर साम्प्रदायिकता भड़काने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में योगेश चौधरी और शिवम को गिरफ़्तार किया था जिन्होंने बाद में यह स्वीकार किया था कि उन्होंने ही हिंडन विहार की किसी मांस की दुकान से मांस खरीदा और गौशाला में मांस रख कर खुद ही फर्जी नाम से गौरक्षकों को फोन कर गौशाला में मांस होने की सूचना दी। बाद में इन्होंने अपना फोन भी बंद कर दिया ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। पूरे देश में अब तक ऐसे सैकड़ों मामले उजागर हो चुके हैं जिससे पता चलता है कि बड़े षड़यंत्र के तहत धर्म विशेष के लोगों के प्रति नफरत व गुस्सा पैदा करने के लिये ऐसे कुकृत्य किये जाते हैं।

इसी तरह कई मामले पाकिस्तानी झंडों व पाकिस्तान जिंदाबाद के नारों को लेकर सामने आ चुके। अभी पिछले ही दिनों लुधियाना के थाना हैबोवाल क्षेत्र स्थित सिद्वपीठ महाबली संकटमोटन श्री हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर मंगलवार को पाकिस्तान का झंडा लगा पाया गया। बताया जाता है कि यहाँ हर मंगलवार को 10 से 15 हजार तक श्रद्वालु मंदिर में दर्शनार्थ आते हैं। इसी मंदिर के चेयरमैन ऋषि जैन ने आरोपी की पहचान विक्रम आनंद व उसके अज्ञात साथी के रुप में की है। यह सब मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा गया। पहलगाम हादसे के बाद देश का माहौल और भी खराब करने के उद्देश्य से पाकिस्तान का झंडा लगाया गया था। पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया है। बिल्कुल इसी तरह की घटना पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अकाईपुर रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों घटी। यहाँ रेलवे स्टेशन की दीवार पर कुछ लोगों ने पाकिस्तानी झंडा लगाया और 'हिंदुस्तान मुर्दाबाद' जैसे भारत विरोधी नारे लिखे। निश्चित रूप से पहलगाम हमले के बाद अंजाम दी गयी इस हरकत का मकसद भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव फैलाना व दंगे भड़काना ही था। परन्तु पुलिस ने इन मामले में जिन दो लोगों को गिरफ़्तार किया है वे 'सनातनी एकता मंच' नामक संगठन के सदस्य निकले जिनके नाम चंदन मलाकार और प्रज्ञाजीत मंडल हैं। यह दोनों आरोपी एक राजनैतिक दल से भी जुड़े बताये गए हैं।

देश में इससे मिलती जुलती अनेक घटनायें यहाँ के साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने के मकसद से होती रही हैं। वेश बदलकर इस तरह की हरकतों को अंजाम देना निश्चित रूप से किसी साधारण व्यक्ति का काम तो हरगिज नहीं हो सकता। निःसंदेह इसतरह की साजिशों के पीछे उसी मानसिकता के लोग हैं जिन्होंने पहलगाम नरसंहार अंजाम दिया और पर्यटकों को उनका धर्म पूछ कर मारा। जो सन्देश वह आतंकी देना चाहते थे कि भारत में साम्प्रदायिक माहौल खराब हो और हिन्दू मुस्लिम एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जायें। बिल्कुल वही मकसद इन 'घरेलू आतंकियों' का भी है। हो सकता है ऐसे कुछ ही मामलों का भंडाफोड़ हो पाता हो और कई जगहों पर यह अपने नफरती एजेंडे को फैलाने व हिंसा भड़काने में कामयाब भी हो जाते हों। पंजाब से लेकर बंगाल तक और वह भी पहलगाम हमले के बाद देश में उपजे तनावपूर्ण माहौल के बीच इसतरह की घटनाओं को अंजाम दिया जाना, यह कोई साधारण घटना नहीं है। इसके पीछे बहुत बड़ा षड़यंत्र है। और वही ताकतें इसके पीछे हैं जिन्हें इसतरह के माहौल से राजनैतिक लाभ हासिल होता है। लिहाजा इस बात का पता लगाना बहुत जरूरी है कि वेश बदलकर या लुकछुप कर देश में साम्प्रदायिकता की आग लगाने वाले ये दुष्ट लोग हैं कौन ,कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## सूडोकु नवताल- 7421

★★★✫✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7420 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## आज का राशिफल

**मेष** : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष** : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**मिथुन** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**कर्क** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह** : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**तुला** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा।

**वृश्चिक** : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**धनु** : नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मकर** : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कुंभ** : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन** : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# डीएम ने विभिन्न नीट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के दिए निर्देश

**बरेली, 04 मई (तरूणमित्र)।** रविवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा-2025 को सकुशल और शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रो का निरिक्षण किया।



जनपद बरेली में 23 परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों यथा मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, सीबीगंज इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज जाकर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। निरिक्षण के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित होती पायी गयी। परीक्षा केन्द्रो पर बनाये गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि के माध्यम से परीक्षा कक्षों का भी जायजा लिया गया, समस्त कैमरे संचालित अवस्था में पाए गए। निरिक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि परीक्षा हेतु निर्धारित नियमों का उचित प्रकार से अनुपालन किया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए।

परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इस दृष्टि से भी व्यवस्थाओ को परखा कि परीक्षा केंद्र तक आने-जाने में में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है साथ ही उर्स के दृष्टिगत ट्रैफिक व्यवस्थाएं किस प्रकार की है।

# श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति की छबील सेवा जारी

**बरेली, 04 मई (तरूणमित्र)।** श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति एवं महिला मंडल बरेली द्वारा रविवार को चतुर्थ दिवस शरबत की छबील सेवा मंदिर के मुख्य द्वार पर रवि छाबड़ा के निर्देशन में हुई ।

मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री ठाकुर जी अपार कृपा से भीषण गर्मियों में श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति एवं महिला मंडल द्वारा राहगीरों, स्कूली बच्चों व आम जनता के लिए रोज दोपहर 12.30 बजे से शरबत का छबील सेवा श्री हरि मंदिर मुख्य द्वार पर चल रही है जो कि प्रभु इच्छा तक चलेगी। आज शरबत सेवा का चतुर्थ दिवस है।



आज की सेवा में मुख्य रूप से मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोरा, सचिव रवि छाबड़ा, संजय आनंद, गोविन्द तनेजा, दीपक साहनी, राकेश कुमार, पंकज, मन मोहन छाबड़ा, विजय सहगल आदि उपस्थित रहे।

# ताजुश्शरिया ने अरब दुनिया में आला हजरत के मिशन को आगे बढ़ाया

**बरेली, 04 मई (तरूणमित्र)।** ताजुश्शरिया हजरत मुफ्ती अख्तर रजा खां उर्फ अजहरी मियां के सातवें उर्स के मौके पर ग्रांड मुफ्ती हाउस में ‡ताजुश्शरिया और हमारी जिम्मेदारियां‡ के मुद्दे पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि हजरत ताजुश्शरिया की शख्सियत बड़ी महत्वपूर्ण थी, लोगों ने उनकी जिंदगी में उनकी एहमियत को नहीं समझा, उन्होंने दो दर्जन से ज्यादा उर्दू में पुस्तकें लिखी, और इतनी ही किताबें उन्होंने अरबी भाषा में लिखी। उनके कारनामों में सबसे बड़ा कारनामा ये हैं कि उन्होंने अरब दुनिया में आला हजरत के मिशन का प्रचार व प्रसार किया। मगर कुछ दिनों से ये देखा जा रहा है कि बहुत छोटे-छोटे मामलात में उलझने की वजह से ताजुश्शरिया के मिशन का काम रुक गया है।

मौलाना मुजाहिद हुसैन कादरी ने कहा कि ताजुश्शरिया भारत के रोहानी सिलसिले के सबसे बड़े पीर थे, उनके जरिए कादरी, बरकाती, रजवी रोहानी परम्पराओं ने खुब परवान चढ़ा। वो जिस क्षेत्र में जाते थे, हजारों की तादाद में लोग मुरिद हो जाते थे। मौलाना अली इलाहाबादी ने कहा कि उनके इतने खलीफा है, जितने किसी पीर के मुरीद हुआ करतें हैं। उन्होंने अपने नाना मुफ्ती ए आजम हिंद की दी गई जिम्मेदारियों को अच्छें से निभाया। एमएसओ के अध्यक्ष डॉ सुजात अली कादरी ने कहा कि ताजुश्शरिया बहुत सारी खुबियों की वजह से जाने जाते थे, इसमें सबसे बड़ी खूबी उनकी हक और सच्ची बात कहना थी। उन्होंने शरियत से हटे हुए किसी भी व्यक्ति को देखा, चाहे कोई अपना हो या पराया, उसको फौरन शरियत का हुक्म बताया, और गलत रास्ते पर न चलने की हिदायत की। ये खूबी आज के उलमा में नहीं पाई जाती है। उन्होंने शरियत के मामले में कभी किसी की परवाह नहीं की। हाजी नाजिम बेग ने कहा कि हजरत ताजुश्शरिया के नुरानी चेहरा देखने के बाद इमान ताजा हो जाता था। आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी की दुआ पर गोष्टी सम्पन्न हुई।

# पहलगाम हमला दिवंगत हुए पर्यटकों की आत्मा शांति को निकाली गयी कलश यात्रा

**फिरोजाबाद, 04 मई (तरूणमित्र)।** वैदिक संस्कार जागरण मंच एवं सयुंक्त परिवार सुखी परिवार के तत्वाधान में,,, आज रविवार को प्रातः 10 बजे से पहलगाम में हुए आंतकी हमले में दिवंगत हुए पर्यटकों की आत्म शांति हेतु 09 दिवसीय राम कथा के आयोजन पर निकाली गई कलश यात्रा रविवार को वैदिक संस्कार जागरण मंच एवं सँयुक्त परिवार के द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के दौरान दिवंगत हुए पर्यटकों की आत्मा को शांति हेतु 09 दिवसीय राम कथा का आयोजन के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में 251 सौभाग्यवती महिलाओ ने भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ रेलवे स्टेशन रोड स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर ?म जी कॉलेज,गांधी पार्क



चौराहे होते हुए कथा स्थल एल आई सी बल्डिंग, रानीवाला कम्पाउंड पर सम्पन्न हुई, यात्रा से पूर्व हनुमान मन्दिर पर हनुमान जी की आरती उतारी गयी, एवं कलश पूजन कर विधि विधान के साथ कथा स्थल पर पहुंचकर कथा व्यास और सुधीर शर्मा द्वारा पहलगाम में दिवंगत हुए पर्यटकों की आत्म शांति के लिए हवन कर उनकी आत्म शांति हेतु समस्त श्रद्धालुओं को खड़ा कर 2 मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि दिलाई गयी।

साथ ही यात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए गरिमामयी अतिथियों में सदर विधायक मनीष आसीजा, मेयर कामिनी राठौर, शंकर लाल गुप्ता,मुख्य यजमान अशोक दोनेरिया, शशि दोनेरिया, आचार्य रूद्र सुशील गुप्ता, मनोज सिकरवार, सुधीर शर्मा, पी के शर्मा, कृष्ण कुमार कनक, राजेश दुबे आदर्श, पूनम शर्मा पार्षद, अर्चना दुबे, अंजना सिंह, अंशु सिंह, उपेंद्र बजापेयी, मनोज दोनेरिया, ठाकुर रंजीत सिंह, राज धाकरे, बालवंत सिंह,एवं अन्य शहर के गणमान्य महानुभाव सम्मलित उपस्थित रहे।

# हंसने से हमारे शरीर की कई समस्याएं कम होती : डॉ मधु



**बरेली, 04 मई (तरूणमित्र)।** विश्व हास्य दिवस के अवसर पर सीबीगंज अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मधु गुप्ता ने की। डॉ. गुप्ता ने कहा, ‡हंसना और मुस्कराना न केवल हमारे चेहरे को तरोताजा रखता है, बल्कि यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यधिक लाभदायक है। हंसने से हमारे शरीर की कई समस्याएं कम हो जाती हैं।‡ आज के समय में मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियाँ आम हो गई हैं, जिनका मुख्य कारण व्यायाम और योग की कमी है। इन बीमारियों से बचने के लिए हमें नियमित व्यायाम और योग करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान, 70 वर्षीय वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनाकर लाभ प्रदान किया गया और सभी को विश्व हास्य दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही, बच्चों को खिलौने वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान आई। डॉक्टर्स और स्टाफ ने हास्य योगाभ्यास भी किया। इस अवसर पर हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता कुमारी, श्रवण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## स्वर्णप्राशन संस्कार के बताए फायदे



**बरेली, 04 मई (तरूणमित्र)।** रविवार को नीमा वूमेन फोरम द्वारा नारायण क्लिनिक मिनी बाईपास पर स्वर्णप्राशन संस्कार का पुष्पनक्षत्र में आयोजन किया गया।

जिसमे प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीलू मिश्रा, फोरम की जिला अध्यक्ष डॉ दीपाली शर्मा, सदस्य डॉ लवली अग्रवाल, डॉ नेहा अग्रवाल, डॉ चन्द्रप्रभा उपस्थित रहे। स्वर्णप्राशन संस्कार शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक विकास एवं शारीरिक स्वास्थ्य में लाभ प्रदान करता है। सभी माता पिता को इससे होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी गई। कैम्प में 20 बच्चों को इसकी खुराक दी गई ।

## हजरत सूफी सुल्लतान शाह बाबा का उर्स कब्बाली के साथ सम्पन्न

**फिरोजाबाद।** हजरत सूफी सुल्लतान शाह छैकुर वाले बाबा का चार दिवसीय उर्स गांव किशनपुर पर आयोजित किया गया। रविवार को मेला (उर्स) कुल कब्बाली के साथ हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ उर्स में विभिन्न राज्यों व जिलों के हजारों की संख्या में जायरीनों ने महिला पुरुष बच्चों के साथ पहुंचकर बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर मन्नतें माँगी। उर्स का समापन कब्बाली के साथ हुआ। कब्बाल बालक फेज ने कहा -अलीतेरा दर्द मिल गया मुझको, सहारा हो तो ऐसा हो। तेरे टुकडे पर पलते है, गुजारा हो तो ऐसा हो। दरगाह पर आये लोगों ने जम कर मेले मे झूले,चाट पकौड़ी का आनन्द लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सांड से टकराया बाइक सवार मौत

**फिरोजाबाद, 04 मई (तरूणमित्र)।** थाना मक्खनपुर क्षेत्र के जेवड़ा रोड पर शनिवार की रात बाइक सवार युवक सांड से टकरा गया जिसके फल स्वरुप उसकी मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव आरोज निवासी 28 वर्षीय राहुल पुत्र वीरेश्वर शनिवार की रात बाइक द्वारा कहीं जा रहा था, वह थाना मक्खनपुर क्षेत्र के जेवडा रोड पर पहुंचा ही था, कि तभी एक आवारा सांड से टकरा गया। जिसके फल स्वरुप वह जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गये। तब तक वह दम तोड़ चुका था। परिजनों में शव को देख कोहराम मच गया वहीं पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है, जहां रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से एक की मौत

**फिरोजाबाद , 04 मई (तरूणमित्र)।** थाना नारखी क्षेत्र में गोछ के बाग के समीप रविवार की भोर में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया पुलिस दोनों को सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई है जहां मृतक के शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है जबकि घायल का उपचार जारी है जनपद एटा के थाना अवागढ़ क्षेत्र के गांव टोडलपुर निवासी 19 वर्षीय सोमेश पुत्र जनक सिंह अपने साथी रामवीर पुत्र रामदयाल के साथ रविवार की भोर मैं ट्रैक्टर द्वारा भूसा भर कर नगला गिरधारी जा रहा था। ट्रैक्टर थाना नारखी क्षेत्र के गांव गोछ के बाग के समीप पहुंचा ही था। तभी असंतुलित होकर ट्रैक्टर पलट गया जिसके फल स्वरुप दोनों लोग नीचे दब गये। इधर दैनिक क्रिया के लिए निकले ग्रामीणों ने देखा तो मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने लोगों की सहायता से ट्रैक्टर के नीचे दबे दोनों लोगों को बाहर निकाला और आनंन-फानन में उन्हें उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया ,जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद सोमेश को मृत घोषित कर दिया। जब कि घायल उसके साथी रामवीर को उपचार के लिए भर्ती कर लिया, जहां उसका उपचार जारी है, वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए विच्छेदन गृह में रखवा दिया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गये जिनमें कोहराम मचा हुआ था।

### 6 कुन्तल सिंथेटिक पनीर के साथ 4 लोग गिरफ्तार



**फिरोजाबाद, 04 मई (तरूणमित्र)।** थाना दक्षिण पुलिस ने खाद्य विभाग की टीम को साथ लेकर सुहाग नगर के समीप से 06 कुन्तल सिंथेटिक पनीर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने मौके से 04 मोबाइल , 1 बुलेरो पिकअप गाड़ी, 05 प्लाटिक के ड्रम सहित 42 हजार 5 सौ रुपये बरामद किये है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही के दौरान मुखविर की सूचना पर 04 लोगो को विद्युत विभाग कार्यालय के समीप से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 600 किलोग्राम सिंथेटिक पनीर , 04 मोबाइल, 1 बुलेरो पिकअप गाड़ी अथवा 42 हजार 5 सौ रुपये सहित 05 प्लास्टिक ड्रम बरामद किये है। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये लोगो के नाम शैलेन्द्र सिंह ,इरशाद , आरिफ , एवं तालिम बताये है। पुलिस ने उपरोक्त सभी लोगो के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया है।

### राजकीय ठेकेदार की गाड़ी से चोरी गये रुपयों का 24 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

**फिरोजाबाद, 04 मई (तरूणमित्र)।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के समीप बिजली के एक राजकीय ठेकेदार की गाड़ी की खिड़की खोलकर दो लाख रुपये चोरी हो जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना को 36 घंटे का समय गुजर गया है, लेकिन पुलिस अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर स्टेशन से सुभाष तिराहे पर पहुंचे और यहां से आटो में बैठ कर चले गये। लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। घटना के बाद थाना पुलिस ने चोरों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। स्टेशन से लेकर सुभाष तिराहे तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस को सुभाष तिराहे पर टेंपो में बैठकर आते चार संदिग्ध आरोपित दिखाई दिए हैं। फिलहाल पुलिस उन आरोपितों की तलाश कर रही है। लेकिन आये दिन नगर में कोई न कोई घटना घट रही है। पुलिस की निरंकुशता के चलते आये दिन आरोपित पुलिस को चुनौती देकर फरार हो जाते हैं।

## एक दिवसीय पेन अपडेट सीएमई एवं वर्कशॉप का हुआ आयोजन

**बरेली, 04 मई (तरूणमित्र)।** दर्द स्वाभाविक है। कभी भी किसी को भी कैसा भी दर्द हो सकता है। यह होना ही है और इसे रोकना आज की सबसे बड़ी चुनौती। अच्छी बात है कि इसे कम किया जा सकता है और यह चिकित्सकों के हाथ में है। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रविवार को पेन अपडेट सीएमई और वर्कशाप में विशेषज्ञों ने कही। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एनेस्थीसिया और पेन मेडिसिन विभाग की ओर से इंडियन सोसायटी आफ पेन क्लीनीसियन के तत्वावधान में एक दिवसीय पेन अपडेट सीएमई एवं वर्कशॉप का आयोजन हुआ। इसके उद्घाटन सत्र में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने दर्द पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चोट लगने पर तो दर्द होता ही है, इसके साथ कटने, हड्डी टूटने और ऑपरेशन पर भी दर्द होता है। सह दर्द ही हैं। लेकिन हर तरह का दर्द अलग है। इसके मायने अलग हैं और इसकी तकलीफ भी अलग है। ऐसे में दर्द को रोकना और इसके असर को कम से कम करना चिकित्सक की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकों और रिसर्च की जानकारी आवश्यक है। इसी के लिए पेन अपडेट का आयोजन किया गया। इसमें कैंसर सहित हर तरह के असाध्य दर्द के निदान की जानकारी सभी ने साझा की। उम्मीद है इससे चिकित्सकों को फायदा होगा और मरीजों को राहत मिलेगी। उद्घाटन समारोह में पेन अपडेट 2025 की ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा.गीता कार्की के ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी और पेन मैनेजमेंट की चुनौतियों को भी बताया।

# कांग्रेस के नवनियुक्त जिला व महानगर अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**बरेली, 04 मई (तरूणमित्र)।** पुनः जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त होने पर प्रथम बार बहेड़ी पहुंचने पर कार्यकताओं द्वारा जिला एवं महानगर के नवनियुक्त दोनों अध्यक्षों का भव्य स्वागत किया गया और संगठन सृजन अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई।

स्वागत कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि राहुल गांधी जी के निर्देशन में संगठन सृजन अभियान मजबूती के साथ चल रहा है। उन्होंने संगठन सर्जन पर जोर देते हुए कहा की जिला कमेटी के साथ ब्लॉक, मंडल कमेटी व न्याय पंचायत स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर तत्काल प्रभाव से संगठन को मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर बहेड़ी में



समस्त इच्छुक पदाधिकारी बनने वाले प्रतिभाशाली कार्यकताओं से पद हेतु आवेदन मांगे गए, जिसमें 25 अधिक लोगों ने जिला एवं ब्लॉक नगर और मंडल अध्यक्षों की दावेदारी की। जिन पर जिला कमेटी विचार कर प्रदेश मुख्यालय भेजेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने जाति जनगणना कराने को लेकर भाजपा की सरकार को मजबूर किया एवं देश के अंदर जाती जनगणना हो रही है जो राहुल गांधी की देन है । इससे पिछड़ों दलितों आदिवासियों और अल्पसंख्यक लोगों को निश्चित तौर पर जितनी जिनकी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी सुनिश्चित होगी।

स्वागत समारोह में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दददा एड. ने कहा कि हम अध्यक्षों को आला कमान ने नई जिम्मेदारी दी है, इस नई जिम्मेदारी के तहत सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं से संवाद करके संगठन में जिम्मेदारियां दी जाएगीं और मजबूती से महानगर और जनपद में संगठन को खड़ा किया जाएगा।

इस अवसर पर अयाज खान, हरीश गंगवार, अकील अहमद राय साहब, नाजिम सकलैनी, जलीस ठेकेदार, उरुष फातिमा मोहम्मद सलमान, इमरान सकलानी, मोहम्मद तौसीफ सकलैनी, रमेश सारस्वत अजीम अंसारी, यासिर उर्फ कल्लू एवं हरीश शर्मा आदि रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच नीट की परीक्षा संपन्न

## पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर थाने पर बैठाया

**फिरोजाबाद, 04 मई (तरूणमित्र)।** शिकोहाबाद नगर में राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन रविवार को नगर के दो विद्यालयों में आयोजित की गई। इस अवसर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ थ्री लेयर चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रवेश प्रक्रिया सुबह साढ़े 11 बजे से प्रारंभ कर दी गई। छात्रों को डेढ़ बजे तक प्रवेश दिया गया।

इसके बाद विद्यालयों के गेट बंद कर दिये गये। अंदर छात्रों को थ्री लेयर चेकिंग के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान सीओ और प्रभारी निरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी। दोनों केंद्रों पर कुल 960 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। नगर में राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा दो केंद्रों पर पाली इंटर कॉलेज और बीडीएम इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। नीट की परीक्षा को नकल विहीन और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन एक दिन पूर्व से मुस्तैद दिखा। शनिवार की रात पुलिस ने नगर के होटल, ढावे और लॉज और धर्मशालाओं में चेकिंग की। इस दौरान मिले कई संदिग्धों को पुलिस थाने लेकर आई। इसके साथ ही पूर्व में हुई परीक्षाओं में नकल कराने वाले गिरोह के कुछ सदस्यों को भी प्रशासन ने हिरासत में लेकर थाने पर बैठाया। जिससे परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी को रोका जा सके। प्रशासन इसमें सफल भी रहा। परीक्षा दोपहर दो से सायं पांच बजे तक हुई। जैसे ही शाम पांच बजे परीक्षा समाप्त हुई, पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। परीक्षा के दौरान एसएसपी सौरभ दीक्षित ,एसपी ग्रामीण डॉ.अखिलेश भदौरिया के अलावा जिलाधिकारी रमेश रंजन ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सीओ प्रवीन कुमार और इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने शनिवार शाम से ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए ताबड़तोड़ चेकिंग की। सुबह साढ़े 11 बजे से प्रभारी निरीक्षक ने नगर के दोनों परीक्षा केंद्रों पर पहुंच कर पुलिस ड्यूटी को चेक किया।

जो पुलिस कर्मी साढ़े 11 बजे नहीं पहुंचे उन्हें फोन कर शीघ्र परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिये। चेतावनी भी दी कि जो देर से पहुंचेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सभी कर्मचारी दौड़ते हुए परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गये। वहीं परीक्षार्थियों की तीन बार चेकिंग की गई। साढ़े 11 बजे परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंच गये। जिसके बाद उन्होंने रोल नंबर देखा। पुलिस ने चेकिंग की इसके बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा की निगरानी के लिए चार सेक्टर मजिस्ट्रेट और सात स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्ति किये गये थे। सिटी कोऑर्डिनेटर के रूप में द एशियन स्कूल के डायरेक्टर राजेंद्र यादव को जिम्मेदारी दी गई , इस बार जिले से करीब 2477 परीक्षार्थी नीट में शामिल हो रहे हैं। सिटी कोऑर्डिनेटर ने बताया कि सभी केंद्रों पर एनटीए के दिशा निदेर्शों के अनुसार परीक्षा कराई जाएगी।

केंद्र व्यवस्थापकों को सफाई, बैठने की व्यवस्था और निगरानी आदि से संबंधित सभी जरूरी निर्देश दिये गये हैं।

### सख्ती इतनी थी कि पेन और रुपये भी नहीं जाने दिए परीक्षा केंद्र पर

परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती इतनी थी कि परीक्षार्थियों को पेन और रुपये भी अंदर नहीं ले जाने दिया। परीक्षार्थी को केवल प्रवेश पत्र और आधार कार्ड ही अंदर ले जाने की इजाजत थी। इसके अलावा कोई भी वस्तु अंदर नहीं जाने दी। यहां तक कि परीक्षार्थी को पेन भी अंदर नहीं ले जाने दिया गया। पाली इंटर कॉलेज और बीडीएम गर्ल्स इंटर कॉलेज के गेट पर ही परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग की गई। परीक्षार्थियों को केवल पारदर्शी पानी की बोतल ही ले जाने की इजाजत थी। इसके अलावा कोई चीज नहीं अंदर जाने दी गई।

# पुलिस का कारनामाः पीड़ित पक्ष का ही झगड़े की आशंका में किया चालान

फतेहपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल जहां जिले की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के प्रयासों में लगे हुए हैं वहीं जिले की खाकी के ही कुछ कारखास पुलिस की छवि को दागदार कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को प्रकाश में आया। जहां पुलिस ने पीड़ित पक्ष के लोगों को ही पक्ष एवं विपक्ष बनाकर चालान कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई पर पीड़ित पक्ष का कहना रहा कि विपक्षीगणों से सांठगांठ कर-के पुलिस ने यह खेल रचा है। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

सरांय सईद खां बिलन्दा गांव निवासी फरहान मिर्जा बेग ने बताया कि पंद्रह अप्रेल को पड़ोस के रहने वाले रिजवान मिर्जा पुत्र स्व0 सुभान मिर्जा ग्राम समाज के तालाब को आधे से ज्यादा पुरवा कर बाउण्ड्री उठवा चुके थे। इतना ही नहीं बचे हुए तालाब को पुरवाने के लिए ट्रैक्टर लेकर आ रहे थे जिसको आस-पास के लोगों ने रूकवा दिया था। इसकी शिकायत हसवा चौकी सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी। शिकायत के बाद हसवा चौकी पुलिस उलटा पीड़ित पक्ष पर ही मामले में सुलह-समझौता करने व सीसीटीवी कैमरे हटवाने का दबाव बना रही थी। जब पीड़ित पक्ष ने सुलह-समझौता करने व कैमरा हटाने की बात कही तो चौकी इंचार्ज श्रीधर शुक्ला झल्ला गए और उन्होने उल्टा पीड़ित पक्ष के लोगों को ही पक्ष

**❑ पीड़ित पक्ष बोला- विपक्षीगणों से सांठगांठ कर पुलिस ने रचा खेल**

एवं विपक्ष में डालकर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। पीड़ित फरहान मिर्जा बेग ने बताया कि पुलिस ने अपनी कार्रवाई में दिखाया है कि चैकी इंचार्ज अपने हमराही सिपाहियों के साथ सरांय सईद खां बिलन्दा पहुंचे जहां प्रथम पक्ष के सूफियान बेग, शाहिद बेग, मुन्ना बेग, शीबू बेग, रिजवान बेग निवासी सरांय सईद खां थाना थरियांव व द्वितीय पक्ष के फरहान बेग, अदनान बेग, जीशान बेग, इमरान बेग, इब्राहीम बेग निवासी बिलंदा सरांय सईद खां के मध्य पुरानी बातों, जमीन की कब्जेदारी व कैमरा लगवाने को लेकर कहासुनी व विवाद है। जिससे तनाव की स्थिति व्याप्त है। इनका स्वतंत्र रहना जनहित में ठीक नहीं है। इसलिए इन सभी का शांति व्यवस्था के दृष्टिगत धारा 126/135 बीएनएस में चालान किया जाता है। पीड़ित फरहान मिर्जा बेग का कहना रहा कि यहां शिकायतकर्ताओं को ही पक्ष व विपक्ष बनाकर पुलिस ने खेल खेला है। यह खेल विपक्षीगणों की सांठगांठ से हुआ है।

उन्होंने बताया कि विपक्ष की ओर से सिर्फ रिजवान बेगम का ही चालान किया गया है, जबकि अन्य लोगों को पुलिस ने खुली छूट दे रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इब्राहिम बेग पुत्र नवाब बेग काफी समय से बीमार चल रहे हैं और उनका इलाज मुम्बई के एक हास्पिटल में चल रहा है। इनका नाम भी पुलिस ने कार्रवाई में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस कारगुजारी की शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

## ब्लॉक प्रमुख ने इंटरलॉकिंग सड़क का किया लोकार्पण

सोनभद्र, 04 मई (तरूणमित्र)। सदर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मुठेर में रविवार को सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया गया।

सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि पंचम राज वित्त 15 वां वित्त आयोग योजना अंतर्गत अनुसूचित बस्ती कन्हैया के घर से धनेश्वर के दुकान तक संपर्क मार्ग कालोकार्पण किया गया है जिससे आमजन को आने जाने में सुविधा उपलब्ध हो सके। सदर ब्लाक प्रमुख में बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में सड़क पानी लाइट व सरकारी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। भाजपा सरकार सबके साथ सबका विकास सबके विश्वास के साथ विकास कार्य कर रही। प्रमुख ने बताया कि और आसपास के गांव में विकास कार्यों को लेकर कार्य तेजी पूर्वक कराया जा रहे हैं जल्दी उनके भी लोकार्पण किया जाएंगे। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य अवधेश चतुर्वेदी, रामकेश, राजन गुप्ता, शेषनाथ, शंकर, धनेश्वर, राजकुमार, चंदन, सोनू ,संतोष आदि लोग मौजूद रहे।

# त्रिवेदी डेंटल केयर का विधायक ने किया उद्घाटन



फतेहपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। रविवार को शहर के अबूनगर जीटी रोड पर त्रिवेदी डेंटल केयर का भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल व आयाह शाह विधायक विकास गुप्ता द्वारा हवन पूजन व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

संचालक डॉ अजित कुमार त्रिवेदी ने बताया कि प्रतिष्ठान पूर्व में बाकरगंज स्थित ग्रे कंपनी में चल रहा था। आबूनगर स्थित नई बिल्डिंग में आधुनिक मशीनों को लगाया है। जहां दांत एवं मुख संबंधी सभी रोगों का पूर्ण रूप से एडवांस मशीनों के माध्यम से इलाज किया जा सकेगा। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि डेंटल केयर हॉस्पिटल के बन जाने से जनपद के लोगों को दांत संबंधी रोगों के इलाज के लिए कानपुर या इलाहाबाद नहीं जाना पड़ेगा। लोगों को जिले में ही इलाज की सुविधा आसानी मिल सकेगी। इस मौके पर डॉक्टर अतुल त्रिवेदी, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, प्रदीप गर्ग, मनोज मिश्रा, राजेन्द्र त्रिवेदी, पूर्व विधायक आदित्य पांडेय, अमित शिवहरे, नितिन सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



हापुड़ः भाजपा जिला कार्यालय पर आज जिलाध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में वक्फ सुधार जन जागरण के अंतर्गत आयोजित, अल्पसंख्यक जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जमालुद्दीन सिद्दीकी, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, सदर विधायक विजयपाल आढ़ती कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि रहे।

## चौ0 अजीत सिंह की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाने की तैयारी

सोनभद्र, 04 मई (तरूणमित्र)। मंगलवार 6 मई को सिंचाई डाक बंगला राबर्ट्सगंज में राष्ट्रीय लोक दल के संस्थापक स्वर्गीय चैधरी अजीत सिंह की चैथी पुण्यतिथि धूमधाम से मनाने की तैयारी में लगे राष्ट्रीय लोक दल सोनभद्र के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों के लोगों के साथ की बैठक। श्रीकांत त्रिपाठी ने बताया कि किसानों एवं कामगारों के लिए चैधरी अजीत सिंह का योगदान सदैव याद किया जाता रहेगा। 6 तारीख को सिंचाई डाक बंगले पर पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाएगी। श्रीकांत त्रिपाठी ने पूर्वांचल नव निर्माण मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय से भी मुलाकात कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

# संविधान बचाओ रैली के माध्यम से घर-घर दस्तक देगी कांग्रेस

फतेहपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में देश का संविधान खतरे में है। एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक समाज के प्रति साम्प्रदायिक लोगों के द्वारा नफरत भर कर देश की एकता अखंडता और भाईचारे को तोड़ने का काम किया जा रहा है। लोगों के मौलिक अधिकार खतरे में हैं। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर मई माह में देश में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से लोगों को संविधानिक अधिकारों की जानकारी देने के साथ ही कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का काम किया जाएगा। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ



गुड्डा ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

रविवार को शहर के ज्वालागंज बस स्टॉप स्थित शहर कांग्रेस कमेटी के कैम्प कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा संविधान के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिसके क्रम में जनपद में भी कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं। तीन मई से लेकर दस मई तक जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली आयोजित की जायेगी।

जिसमे भाजपा सरकार की गलत नीतियों को उजागर करने के साथ ही मंहगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बनाकर व युवाओं, महिलाओं, मजदूरों एवं वंचित समाज के लोगों

**❑ जिला स्तरीय विधानसभावार व गांव-गांव जाकर संविधान बचाने को करेंगे जागरूक**

से जुड़ाव सुनिश्चित किया जाएगा। 11 से 20 मई तक विधानसभावार रैलियों का आयोजन किया जाना है। पार्टी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके लोगों व उम्मीदवारों, ब्लाक अध्यक्षों, बूथ स्तरीय नेताओं, पार्टी के सदस्यों द्वारा रैलियों के माध्यम से राज्य शासन की विफलताएं, ईडी, सीबीआई समेत केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को डराने की साजिशों को बेनकाब करेंगे। लोगों को सामाजिक न्याय समानता व संवैधनिक वादों के विषय में जागरूक किया जायेगा। इसी क्रम में 20 से 30 मई तक पार्टी के पीसीसी सदस्य अपनी बूथ स्तरीय टीम व कार्यकताओं के साथ घर-घर दस्तक देकर दलितों, आदिवासियों, ओबीसी, शोषित वंचित, मजदूर, समुदाय के लोगों के घर-घर जाकर जनसंपर्क करके साहित्य वितरित करेंगे व संविधान रक्षा संकल्प द्वारा लोगों का जनसमर्थन जुटाने का काम करेंगे।

जिला व शहर अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही जनपद में जिला, शहर व बूथ कमेटियों का गठन करेंगे। कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए मंडल व ग्राम पंचायत स्तर की भी कमेटी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस नेता राजू लोधी, पं0 रामनरेश महाराज, ओम प्रकाश गिहार आदि रहे।

# जातीय जनगणना कराने का पीएम का निर्णय साहसिकः अमित

फतेहपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने का निर्णय साहसिक है। जनगणना हो जाने के बाद ओबीसी समाज को पहचान व अधिकार पाने का अवसर मिलेगा। यह बात रविवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शिवहरे ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

श्री शिवहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहस का परिचय देते हुए जातीय जनगणना कराए जाने का फैसला लेकर भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम किया है। जातीय जनगणना कराने से विशेष कर भारत के अन्य पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी संख्या की पहचान होगी और संख्या के अनुपात में संवैधानिक अधिकारों को पाने का



अवसर मिलेगा। उन्होने कहा कि अंतिम रूप से जातीय जनगणना आजादी के पूर्व वर्ष 1931 में हुई थी। 94 वर्ष का लंबा अंतराल ऐसा गुजरा जिसमें अधिकांश समय में कांग्रेस या गैर भाजपा दलों की सरकारें देश में रही लेकिन अफसोस की मोदी के अलावा गैर भाजपाई किसी भी सरकार ने जातीय जनगणना कराने का कभी साहस नहीं जुटाया। आज राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव जैसे अनेक पिछड़ा विरोधी सोंच रखने वाले नेता मोदी के जातीय जनगणना कराने के फैसले का श्रेय लेने की होड़ में लगे हैं। उन्होने कहा कि गांधी परिवार से तीन प्रधानमंत्री बने। जिसमें पं0 जवाहरलाल नेहरू, इन्दिरा गांधी के अलावा राजीव गांधी शामिल हैं। इन लोगों ने कभी ओबीसी समाज के दर्द को नहीं समझा। पीएम मोदी सही मायनों में देश की 140 करोड़ जनता के रहनुमा हैं। जिन्होने सबका साथ सबका विकास की अवधारणा पर सबको आगे बढ़ाने का काम किया। आज भारत के अंदर ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा मिला। ओबीसी के चेयरमैन को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलना, नीट परीक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण मिलना, केन्द्रीय एवं सैनिक विद्यालयों में 27 प्रतिशत रिजर्वेशन मिलना, क्रीमिलेयर आय सीमा को आठ लाख तक बढ़ाना व केन्द्रीय कैबिनेट में 27 प्रतिशत पिछड़े सांसदों को मंत्री बनाना जैसे महत्वपूर्ण निर्णय हुए हैं। यह सब मोदी सरकार में ही हुआ है। उन्होने कहा कि पीएम का आभार जताने के लिए ओबीसी मोर्चा जिला, मण्डल व क्षेत्र में जश्न मनाकर आभार व्यक्त करेगा। इस मौके पर जितेन्द्र विश्वकर्मा, रवी कुमार, अखिलेश कुमार भी मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण

एटा, 04 मई (तरूणमित्र)। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन जागृति 4.0 के अंतर्गत 3 मई 2025 को ब्लॉक शीतलपुर में यूनिसेफ के सहयोग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक करना और उन्हें विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर प्रशिक्षित करना था। यूनिसेफ की प्रतिनिधि कल्पना जौहरी द्वारा प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छह प्रमुख विषयों पर महिलाओं के प्रति हिंसा, झूठे मुकदमे, किशोर अवस्था में प्रेम प्रसंग, साइबर अपराध, नशा और पारिवारिक विवाद पर विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, क्षेत्राधिकारी नगर, कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक, महिला थाना प्रभारी एवं उपनिरीक्षक अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाना है।

# प्राचीन गंगा मंदिर में सप्तमी पर्व मनाया

हापुड़, 4 मई (तरुण मित्र)। हापुड़ के प्राचीन गंगा मंदिर में गंगा सप्तमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। गंगा मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित प्रेम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि गंगा मंदिर में हर वर्ष सप्तमी के दिन यह आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है गंगा सप्तमी का सनातन धर्म में बड़ा महत्व है।

इस दिन मां गंगा की पूजा की जाती है माना जाता है कि इस विशेष दिन पर गंगा का पृथ्वी पर पुर्नजन्म हुआ था। यह दिन मोक्ष की प्राप्ति और पापों के नाश का प्रतीक माना जाता है गंगा सप्तमी का पर्व हर वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। मान्यता है इस दिन मां गंगा का स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था इस पावन पर्व पर गंगा स्नान, जप, तप और दान का विशेष महत्व होता है यह दिन मोक्ष



**❑ अभिनव कृपाल रहे मुख्य आयोजक**
**❑ मुख्य पुजारी प० प्रेम प्रकाश मिश्रा ने दी जानकारी**

की प्राप्ति और पापों के विनाश का प्रतीक माना जाता है।

गंगा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी कई दिन पहले से शुरू हो गई थी इस कार्यक्रम में हापुड़ के अलावा, गाजियाबाद, मेरठ, हाथरस, मथुरा, सीतापुर, लखनऊ से भी भक्त गंगा मंदिर आकर आशीर्वाद लेते है सूत्र बताते है मंदिर के मुख्य पुजारी प० प्रेम प्रकाश मिश्रा को कुछ सिद्धियां प्राप्त है यही वजह है जो आज हापुड़ जनपद में गंगा मंदिर जिले के अलावा पूरे प्रदेश में विख्यात है। इस अवसर पर अभिनव कृपाल, गंगा मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित प्रेम प्रकाश मिश्रा, संजय शर्मा (FCI) वाले,रितिक त्यागी, सोनू वत्स, आकाश त्यागी, जय भगवान गौतम, जयप्रकाश गौतम, मुरारी गौतम, अनु गौतम, कमल गौतम, अतुल गौतम, संजय इलेक्ट्रॉनिक वाला नूपुर सिंघल,अतुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी संपन्न

फतेहपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। शहर के मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 383वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन केपी सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे।

काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए केपी सिंह कछवाह ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा- शारदे मां शारदे, अज्ञान-तम संहार दे। बुद्धि, मन निर्मल हृदय कर, ज्ञान का भंडार दे।। पुनः कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतभावों को प्रस्तुत किया- विकसित राष्ट्र बने यह भारत, स्वर्णिम नया विहान हो। एक साथ सारे चुनाव का, पारित नया विधान




हो।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया- नेता ऐसा चाहिए, देशधर्म चित लाय। आपुनि चिंता छांड़ि. के, जनहित मां बलि जाय।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये- लाख-लाख शुभता की दात्री, जग-जननी सीता मइया। मना पवित्र जयंती नवमी, पाएं चरणों की छइयां।। डॉ शिवसागर साहू ने काव्य पाठ में अपने भावों को कुछ इस प्रकार शब्द दिए- मां शबरी की भक्ति थी, अद्भुत और महान। खाये जूठे बेर प्रभु,कर बहुविधि गुण गान।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये- इस छोटे से जीवन में ही, कुछ ऐसा कर जाओ।

**❑ पहलगाम वाली घटना से मर्माहत है पूरा देश**
**❑ पाकिस्तानी आतंकी हों ढेर, न रह जाए लवलेश**

जिससे याद करे यह दुनिया, अक्षय कीर्ति कमाओ। कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजक ने आभार व्यक्त किया।

## तीन वर्षीय मासूम की हालत बिगड़ी, अस्पताल ले जाते वक्त मौत

एटा, 04 मई (तरूणमित्र)। सकीट थाना क्षेत्र के गांव सरदलगढ़ में रविवार को तीन वर्षीय मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। खेलते समय अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, सरदलगढ़ निवासी ईश्वरदयाल का तीन वर्षीय पुत्र विशाल सुबह घर के बाहर अपने हमउम्र बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन उसे गंभीर स्थिति में निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शोकाकुल परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही घर लेकर चले गए। घटना की सूचना पुलिस को भी नहीं दी गई, जिससे मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## 48 घंटे के अंदर 54 अभियुक्त गिरफ्तार

फतेहपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध व पुरस्कार घोषित, गैंगेस्टर, जिला बदर, वांछित, वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में चार अप्रैल को विगत 48 घण्टे में जनपद के समस्त थानों ने टीमों का गठन कर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए 11 वांछित व 43 वारंटियों सहित कुल 54 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में जहां भय का माहौल है वहीं कुछ अपराधियों ने शहर भी छोड़ दिया है।


## कार्यालयः ग्राम पंचायत भूरेका, विकास खण्ड नौहझील (मथुरा)

पत्रांकः निविदा/ पंचम राज्यवित्त/15वां वित्त/2025-26 दिनांक 03.05.2025

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से ग्राम पंचायत भूरेका, नौहझील (मथुरा) के अन्तर्गत 15वां वित्त/राज्य वित्त के अन्तर्गत कार्य करने हेतु लो.नि.वि./ग्रा.अ. विभाग/आयकर, व्यापार कर एवं श्रम विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 05.05.2025 से दिनांक 08.05.2025 के दोपहर 01:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 08.05. 2025 को दोपहर 04:00 बजे ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेगे। निविदा प्रपत्र की बिक्री एवं अन्य जानकारी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय भूरेका से की जाएगी जो कार्यालय समय में ग्राम पंचायत अधिकारी भूरेका से निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | कार्य की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य रू० | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत भूरेका में मोहन के घर से ओमवीर के घर तक पेवर मरम्मत व मिट्टी भराव कार्य | 1.40 | 2 प्रतिशत | 150/- | 15 दिन |
| 2 | ग्राम पंचायत भूरेका में लखपत के घर से आर.सी.सी. तक पेवर मरम्मत व मिट्टी भराव कार्य | 1.50 | 2 प्रतिशत | 250/- | 15 दिन |
| 3 | ग्राम पंचायत भूरेका में सुरेश के घर से श्यामवीर के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 0.70 | 2 प्रतिशत | 150/- | 10 दिन |
| 4 | ग्राम पंचायत भूरेका में मन्नू लाल के घर से कालीचरन के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 4.00 | 2 प्रतिशत | 200/- | 20 दिन |
| 5 | ग्राम पंचायत भूरेका में मोहन के घर से रमेश के घेर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 1.00 | 2 प्रतिशत | 150/- | 10 दिन |

नोटः-1. निविदा के साथ 100 रु. का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एक रुपये का रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त लगाना अनिवार्य है, 2. निविदा के साथ दो प्रतिशत धरोहर राशि की राष्ट्रीयकृत बैंक की एफडीआर/बचत पत्र जो अधोहस्ताक्षरी के नाम बंधक होगा टेंडर के साथ जमा करना अनिवार्य है, निविदा की धनराशि 6 माह तक ग्राम पंचायत में बंधक रहेगी, 3. कार्य की मात्रा घट-बढ़ सकती है, 4. प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग निविदाएं देनी होंगी, 5. गुणवत्ता परीक्षण टीएसी/उच्च अधिकारियों के निरीक्षण में इंगित कमियों के लिए कटौती की जाने वाली राशि ठेकेदार के व्यय पर की जाएगी, 6. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा, 7. जीएसटी का नियमानुसार भुगतान/कटौती की जाएगी।

(धर्मेन्द्र सिंह)
सचिव
ग्राम पंचायत भूरेका
विकास खण्ड नौहझील, मथुरा

(भुवनेश)
प्रधान
ग्राम पंचायत भूरेका
विकास खण्ड नौहझील, मथुरा


# लूट की वारदात का पर्दाफाश, तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार

अमरोहा, 04 मई (तरूणमित्र)। थाना अमरोहा देहात व थाना नौगावां सादात की संयुक्त पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल लूट की घटना का महज 12 घंटे में खुलासा कर तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, एक चोरी की बाइक और अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात अवधभान सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में यह सफलता हासिल की गई।



**घटना का विवरणः**

बीती 3 मई की रात करीब 7:40 बजे ग्राम मुनव्वरपुर निवासी विवेक कुमार चौहान से नहर पुलिया के पास मोटरसाइकिल लूट ली गई थी। इस संबंध में थाना अमरोहा देहात में एफआईआर संख्या 129/25 के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम गठित की।

संयुक्त पुलिस टीम ने 4 मई को रायपुर रोड से सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान तीन अभियुक्तों झ अरबाज, अमीरूद्दीन उर्फ छोटू और आरिफ को गिरफ्तार किया। इनके पास से लूटी गई स्प्लेंडर बाइक (UP23A8677), चोरी की ड्रीम डीलक्स मोटरसाइकिल (बिना नंबर) और 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुए।

**अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः**

गिरफ्तार बदमाशों पर पहले से मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें अमरोहा देहात व नौगावां सादात थानों में बीएनएस की धाराओं के तहत मामले शामिल हैं।

**पुलिस टीम को मिला सम्मानः**

घटना का सफल अनावरण करने वाली संयुक्त पुलिस टीम को ?25,000 का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नामः**

अरबाज पुत्र ताहिर, निवासी मिठ्ठेपुर, अमीरूद्दीन उर्फ छोटू पुत्र नन्हें, निवासी खेड़ा अपरोला

आरिफ पुत्र मासूम अली, निवासी मिठ्ठेपुर

**बरामद सामानः**

लूटी गई मोटरसाइकिल स्प्लेंडर (UP23A8677)

एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस

चोरी की मोटरसाइकिल ड्रीम डीलक्स (चेसिस नं: ME4JC894GLG014324)

टीम में शामिल अधिकारीः

प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र (थाना अमरोहा देहात), प्रभारी निरीक्षक थाना नौगावां सादात, उपनिरीक्षक विनोद कुमार राठी, कांस्टेबल अमित मलिक, अनुज कुमार, मोमीन और नासिर खान।

# विश्व हास्य दिवस पर विशेष योग शिविर का आयोजन

## व्यायाम के साथ मन मस्तिष्क व शरीर को निरोगी रखता है हास्य-योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी

**गोंडा , 04 मई (तरूणमित्र)।** विश्व हास्य दिवस पर आवास विकास स्थित प्रेरणा पार्क में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त योग साधकों को हास्य आसान का अभ्यास करवाया और उससे होने वाले अनंत लाभ के बारे में बताया। योगाचार्य ने कहा मन, मस्तिष्क और शरीर को निरोगी बनाने के लिए नियमित व्यायाम के साथ हास्य योग एक महत्वपूर्ण क्रिया है। हास्य योग से शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। दिनभर के विभिन्न कार्यों को पूरी क्षमता के साथ कर पाना संभव होता है। हास्य योग एक ऐसा व्यायाम है जिसमें हँसी पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसमें कुछ आसान अभ्यासों की श्रृंखला शामिल होती है जिसमें हँसना, सांस लेना और अन्य शारीरिक गतिविधियाँ शामिल होती हैं।योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा हँसी के लाभ पर भी प्रकाश डाला गया कयोगाचार्य ने बताया कि हँसी तनाव को



कम करने, प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और सामाजिक संबंध को मजबूत करने में मदद करती है।यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए फायदेमंद है।यह दिन हमें हंसी के महत्व के बारे में याद दिलाता है और हमें हँसने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह हमें जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लेने के लिए प्रेरित करता है।यह विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने का एक तरीका है। शिविर में आशीष गुप्ता,शिव पूजन,अश्वनी कुमार,मनीष दूबे,डॉ टी पी जयसवाल,शमीम खान,संतोष गुप्ता,रश्मि टण्डन,प्रमिला,बिंदु पांडे,पूनम दूबे,गरिमा,आभा, नेहा,ज्योति, शिल्पी,कविता,मांडवी,कांति, साधना, अनिका,ऐनी,सार्थक, माधव सहित अन्य-जन मौजूद रहे ।

### पहलगाम में मारे गये लोगों की आत्मशांति के लिए किया हवन

**मथुरा, 04 मई (तरूणमित्र)।** चौमुहां में रविवार सुबह छटीकरा के श्री ख्याली धाम गेस्ट हाउस पर कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की आतंकियों द्वारा हत्या कर दी गयी थी, मृतकों की आत्मशांति हेतु हवन किया जिसमें पंडित सत्यदेव शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण कर हवन को सम्पन्न कराया गया। इसके बाद दिल्ली से आये हुये अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच के राष्ट्रीय संयोजक श्री रमेश राघव जी का जोरदार स्वागत किया। राघव जी ने आतंकियों की निंदा करते हुये समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने पर बल दिया तथा लोगों से अपने-अपने बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा दिलवाने और नशा से बचने को कहा। मथुरा में जल्दी ही एक बड़ा प्रोग्राम करने की बात कही जिसका सभी लोगों ने समर्थन किया।

# खोए हुए 106 एण्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद

**आजमगढ़, 04 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि जनपद पुलिस द्वारा खोए हुए कुल 106 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 20 लाख रुपए) बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 से अब तक कुल 1661 (वर्ष 2025 में कुल 436) एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 03 करोड़ रुपए) बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है, जिन्हे बरामद करने हेतु



सीसीटीएनएस प्रभारी जनपद आजमगढ़ को निर्देशित किया गया था।जनपद में माह फरवरी 2024 से गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है। जनपद पुलिस द्वारा माह फरवरी 2024 से माह मार्च 2025 तक कुल 1555 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 02 करोड़ 80 लाख रुपएं) बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किये जा चुके है। इसी क्रम में माह अप्रैल में जनपद पुलिस द्वारा खोए हुए कुल 106 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 20 लाख रुपए) को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि रिजर्व पुलिस लाइन में बरामद एण्ड्रायड मोबाइल फोन को प्रत्येक स्वामियों को सुपुर्द किया गया है। इस तरह विगत 15 माह में कुल 1661 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 03 करोड़ रुपए) को बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किया गया है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

## पीएचसी सैदनपुर में 250 फुटफाल के सापेक्ष देखें गये 90 मरीज

**बाराबंकी, 04 मई (तरूणमित्र)।** शासन की मंशा के अनुरूप सी एच सी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह के नेतृत्व में तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया । जहां पर मरीजों की जांचें करके उनमें दवाओं का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ सन्तोष कुमार शुक्ला फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा वार्ड ब्वाय त्रिभुवन सिंह एल टी शुभम अवस्थी एस एम धीरेन्द्र वर्मा एस एल ए रामतीरथ गौतम एन एम कौशल्या देवी की मौजूदगी में 38



मरीजों की जांच कर के उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया यहां का फुट फाल 150 रहा। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ अन्विता पांडे फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा वार्ड ब्वॉय राजबहादुर की मौजूदगी में 46 मरीज देख कर के उनमें दवाओं का वितरण हुआ फुट फाल 1 60 रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डॉक्टर जगदीश फार्मासिस्ट वीरेन्द्र कुमार श्री वास्तव वार्ड ब्वाय शिवाकान्त सिंह स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल पुरुष नर्स शैलेंद्र कुमार की मौजूदगी में 90 मरीज देखे गए। फुट फाल 250 रहा।इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मौसम में बदलाव के कारण जुखाम बुखार जैसी बीमारियां अपने पांव पसार रही हैं इसलिए आप सभी लोग साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखें उबला हुआ पानी पिए बार बार बुखार आने की बार-बार शिकायत होने पर अपनी जांच अवश्य कराएं जिससे समय पर उपचार मिल सके। यदि कहीं पर भी स्वास्थ संबंधी कोई समस्या है तो मुझे समय रहते सूचित करें शीघ्र समस्या का समाधान किया जाएगा।

### सामाजिक न्याय के लिए जातिगणना जरूरी, राहुल गांधी की मांग माननी पड़ी

**मथुरा, 04 मई (तरूणमित्र)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस मुकेश धनगर के नेतृत्व में राहुल गांधी द्वारा जातिगत जनगणना कराई जाने हेतु केंद्र सरकार को बाध्य कराए जाने के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय से लेकर विकास बाजार स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तक धन्यवाद यात्रा निकाली गई। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि पार्टी के द्वारा नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी विगत कई वर्षों से देश में जातिगत जनगणना कराए जाने हेतु केंद्र सरकार से अनवरत मांग करते आ रहे है। उनके लंबे प्रयासों का ही प्रतिफल है कि केंद्र की भाजपा सरकार को जातिगत जनगणना कराई जाने के लिए बाध्य होना पड़ा। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई में जातिगत जनगणना एक बेहद जरूरी कदम है। महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा जाति जनगणना अब जन आंदोलन बन चुका है राहुल गांधी जी की आवाज ने भाजपा सरकार को मजबूर किया जनगणना के बिना हिस्सेदारी नहीं और यह धन्यवाद मार्च न प्रयास था (

## चार चरण में मृदा नमूने लेने की अंतिम तिथि 5 मई -उप कृषि निदेशक

**अंबेडकरनगर, 04 मई (तरूणमित्र)।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत नेशनल प्रोजेक्ट आफ स्वायल हेल्थ फर्टिलिटी कार्यक्रम वर्ष 2025- 26 में जनपद में कुल 18000 मृदा नमूना संग्रहित किए जाने हैं। जिसमें खरीफ 2025 में 120 ग्रामों से 12000 मृदा नमूने एकत्रित किए जाएंगे शेष 6000 नमूना रबी सीजन में 60 ग्रामों से एकत्रित किए जाएंगे।उप कृषि निदेशक डॉ अश्वनी कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद में 21,25, 29 अप्रैल 2025 एवं 5 मई 2025 कुल चार चरणों में अभियान के रूप में मृदा नमूना एकत्रित किए जा रहे हैं ।इस कार्य के लिए कृषि विभाग के 46 कर्मचारी एवं 11 कृषि सखियों की ड्यूटी लगाई गई है।अवगत कराया गया की मृदा नमूना एकत्रित करते समय इस स्थान से जियो टैगिंग फोटोग्राफ्स मोबाइल ऐप के माध्यम से अपलोड किया जा रहे हैं।अभियान के अंतिम दिवस 5 मई 2025 को सभी अधिकारी कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से मृदा नमूना एकत्रित करण का कार्य करेंगे। उन्होंने जनपद के सभी कृषक बंधुओ से अनुरोध किया है की अंतिम अभियान दिवस 5 मई 2025 को मृदा नमूना के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए मृदा नमूना संग्रहित करने में अपना सहयोग प्रदान करें जिससे शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**आजमगढ़, 04 मई (तरूणमित्र)।** जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के डीहपुर गांव में रविवार की सुबह युवक अभिषेक 26 वर्ष पुत्र राम कृष्ण शर्मा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर साड़ी के फंदे से पंखे से लटकता मिला। रविवार की सुबह मृतक अभिषेक शर्मा की मां ने चाय पीने के लिए बुलाया तो आवाज न आने से मां ने दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा नहीं खुला। मां ने अपने बेटे व मृतक के भाई शैलेष शर्मा व परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाकर दरवाजा तोड़वाया तो देखा कि अभिषेक शर्मा का शव साड़ी के सहारे पंखे से लटक रहा है। इस घटना से घर में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने तुरंत डायल 112 पुलिस तथा दीदारगंज थाना की पुलिस को सूचित किया। डायल 112 पुलिस व थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर फोरेंसिक टीम को बुलाया और शव को फंदे से उतरवाकर उचित कार्रवाई में जुट गए। मृतक अविवाहित था तथा पांच भाईयों में चौथे नम्बर पर था। सभी भाईयों तथा बहनों की शादी हो चुकी है सिर्फ मृतक की शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाकर परीक्षण कराने हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**टिकैतनगर/बाराबंकी, 04 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेरीराजा स्थित लोधेमऊ गांव में रविवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान सीमा (25) पत्नी शिवकुमार रावत के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीमा का विवाह सात वर्ष पूर्व बेलवारपुरवा निवासी शिवकुमार पुत्र राम समुझ के साथ हुआ था, जबकि गौना चार वर्ष पूर्व संपन्न हुआ था। दंपति की कोई संतान नहीं थी। घटना की जानकारी मृतका के मायके पक्ष को दी गई, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। मृतका के पति शिवकुमार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टिकैतनगर पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के अनुसार, मृतका का पति अपने चाचा की बेटी की शादी का निमंत्रण देने गांव से बाहर गया था। फिलहाल, मायके पक्ष की ओर से कोई आरोप नहीं लगाया गया है।पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### एआरपी चयन परीक्षा में 76 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**बहराइच , 04 मई (तरूणमित्र)।** प्राचार्य, डायट, पयागपुर, बहराइच ने बताया कि जनपद बहराइच में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यरत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के 217 शिक्षको द्वारा ए.आर.पी. चयन परीक्षा हेतु आवेदन किया था। प्राचार्य डायट ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पयागपुर, बहराइच में सम्पन्न हुई। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पयागपुर, बहराइच में दो पालियों में सम्पन्न परीक्षा की प्रथम पाली में हिन्दी, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय एवं द्वितीय पाली गणित एवं सामाजिक विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रथम पाली प्रातः 10:30 बजे से पूर्वान्ह 11:30 बजे तक सम्पन्न हिन्दी विषय की परीक्षा में 22 के सापेक्ष 13, विज्ञान विषय में 49 के सापेक्ष 33 तथा अंग्रेजी विषय में 27 के सापेक्ष 14 अभ्यथीर्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी प्रकार द्वितीय पाली मध्यान्ह 12.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक सम्पन्न परीक्षा में गणित विषय में 62 के सापेक्ष 45 एवं सामाजिक विषय में 57 के सापेक्ष 36 अभ्यथीर्यों ने प्रतिभाग किया। दोनो पालियों में सम्पन्न परीक्षा में कुल पंजीकृत 217 के सापेक्ष 141 अभ्यथीर्यों ने प्रतिभाग किया जबकि 76 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

### श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**देवरिया , 04 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा वृहद स्तर पर श्रमदान कर थाना परिसर की साफ-सफाई की गयी । पुलिस कर्मियों द्वारा थाना परिसर में लगे फूलों की कटायी, साफ-सफायी तथा थाना परिसर में खड़े वाहनों को क्रमवार खड़ा किया गया । पुलिस कर्मियों द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु श्रमदान कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु संकल्प लिया गया और स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### खेलों प्रतियोगिताओं में यूआईडी अनिवार्य, नहीं ले सकेंगे भाग

**मथुरा, 04 मई (तरूणमित्र)।** गणेशरा स्पोर्ट्स स्टेडियम मथुरा पर अंडर 20 आयु वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रायल हुआ। जिसमें 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अब चयनित हुए खिलाड़ी प्रयागराज में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव जय सिंह ने बताया कि इस ट्रायल के दौरान बालकों की 10 किलोमीटर दौड़ में आकाश, विष्णु, ,कुलदीप, 5 किलोमीटर दौड़ में आकाश,कुलदीप , कृष्णा, 3 किलोमीटर स्टीपल चेज दौड़ में विष्णु, कृष्णा, गर्ल्स की 5 किलोमीटर दौड़ में सोनिया उपाध्याय, ज्योति, पायल, बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ में भिक्को, गौरव, अमित बालिका वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में सोनिया उपाध्याय, बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में श्याम सुंदर, पंकज सिंह, गौरव, बालिका वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में शिवानी बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में हिमांशु चौधरी, आशीष,कृष्णकांत शर्मा का चयन किया गया।

# जिले के 7 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई नीट (यूजी)-2025 परीक्षा

**बहराइच, 04 मई (तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जिले के 07 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित नीट (यूजी)-2025 परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परीक्षा केन्द्रों भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम मोनिका रानी ने परीक्षा केन्द्र महराज सिंह इण्टर कालेज, महिला पीजी कालेज व किसान पीजी कालेज में स्थापित दो परीक्षा केन्द्रों ब्लाक ए व बी का निरीक्षण किया।इस अवसर पर डीएम ने बताया कि जनपद बहराइच में नीट (यूजी)-2025 की परीक्षा 07 केन्द्रों पर आयोजित की गयी। परीक्षा में कुल 2976 परीक्षार्थियों को सम्मलित होना था, जिसमें 60 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के दृष्टिगत सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स की भी व्यवस्थाएं की गयी। इसके अलावा कन्ट्रोल रूम की स्थापना भी की गयी है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर शान्ति व्यवस्था के साथ परीक्षा आयोजित की गयी। साइबर सुरक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केन्द्रों पर जैमर भी लगाये गये। सभी परीक्षार्थियों के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर गर्मी के दृष्टिगत स्वच्छ पेयजल की भी व्यवस्था की गयी है।

# निलम्बित सचिव बहाली आंदोलन 15 मई तक टला

**अम्बेडकरनगर, 04 मई (तरूणमित्र)।** ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति अम्बेडकरनगर द्वारा निलंबन के विरोध में सत्याग्रह कार्यक्रम सभी विकासखंडों पर शांतिपूर्ण ढंग से चलाया जा रहा था तत्क्रम में मुख्य विकास अधिकारी से वार्ता 29 अप्रैल 2025 को की गई तत्क्रम में विकासखंड बसखारी के सभागार में समन्वय समिति की आवश्यक बैठक की गई जिसमें समन्वय समिति के पदाधिकारियों व ग्राम पंचायत सचिवों की उपस्थिति में वार्ता के बिंदुओं एवं 15 दिन में निलंबित ग्राम सचिवों के बहाली की कार्रवाई किए जाने के आश्वासन के संबंध में महामंत्री अनिल कुमार सिंह महामंत्री-समन्वय समिति द्वारा सभी को अवगत कराया




गया।अधिकांशतः विकासखंडों द्वारा आंदोलन को जारी रखने की बात कही लेकिन समन्वय समिति अम्बेडकरनगर के द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन की महत्ता को देखते हुए वार्ता क्रम में 15 मई 2025 तक सत्याग्रह कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लिया गया।मौके पर सहयोगी प्रधान संगठन अन्य कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी द्वारा भी सहमति व्यक्त की गई।समन्वय समिति द्वारा उपरोक्त समय में 15 मई 2025 तक बहाली ना होने की स्थिति में 16 मई 2025 से विकासखंडों पर सत्याग्रह पूर्ववत जारी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता गंगाराम गुप्ता, एवं संचालन सूर्यभान सिंह द्वारा किया गया।मौके पर घनश्याम यादव अध्यक्ष अखिल भारतीय प्रधान संगठन पूर्वी उत्तर प्रदेश,बलिराम गौतम राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय प्रधान संगठन,सुनील कुमार यादव मंडल उपाध्यक्ष अयोध्या, सुनील कुमार मिश्रा प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय प्रधान संगठन,राज बहादुर यादव जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय प्रधान संगठन जनपद अंबेडकर नगर, ग्राम सचिव अरूण यादव, राकेश सिंह, अवनीश यादव, बांकेलाल मौर्य, सुनील दुबे, दिनेश यादव, इंद्रसेन, गौरव कुमार, मित्रसेन यादव, विमल कुमार, विनय मिश्रा, राजीव वर्मा,आदि मौजूद रहे। समन्वय समिति के निर्णय से जनपद प्रशासन को अवगत करा दिया गया।

# ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनऊ से आए बच्चों ने कतर्नियाघाट का किया शैक्षिक भ्रमण

**बहराइच, 04 मई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य मंशादीन शुक्ला इंटर कालेज नादान महल रोड लखनऊ से ईको टूरिज्म ऑर्गनाइजर सुनील शर्मा के नेतृत्व में 20 छात्रों का दल शैक्षिक भ्रमण पर कतर्नियाघाट घूमने के लिए पहुँचा। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी शिवशंकर ने दल के कतर्नियाघाट पहुंचने पर उनका स्वागत किया और कतर्नियाघाट की जैव विविधता के बारे में अवगत कराया। ईको टूरिज्म ऑर्गनाइजर सुनील शर्मा ने इस दौरान बताया कि कतर्नियाघाट की पारिस्थितिकी तंत्र को अवगत कराने हेतु रेलवे द्वारा विस्टाडोम कोच का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिछिया रेलवे स्टेशन से विस्टाडोम के माध्यम से दुधवा कतर्नियाघाट जंगल होते हुए मैलानी जंक्शन पहुंचकर बच्चों का दल लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेगा। यात्रा के दौरान शैक्षिक भ्रमण पर आये बच्चों के लिए खानपान की समुचित व्यवस्था की गई। शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य है कि यात्रा के माध्यम से बच्चों को दुधवा व कतर्नियाघाट के परिस्थितिकी तंत्र, यहां के जीव जंतु तथा घनों जंगलों के बीच रेल संचालन के बारे में जानकारी हो सके। श्री शर्मा ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह शनिवार व रविवार को छात्रों का दल विस्टाडोम पर सवार होकर कतर्नियाघाट व दुधवा की प्राकृतिक छटा को निहारेंगें। शैक्षिक भ्रमण के लिए आये बच्चों ने भी कतर्नियाघाट की खूबसूरती की मुक्तकंठ से सराहना की। बिछिया रेलवे स्टेशन मास्टर सुधांशु गिरी ने शैक्षिक भ्रमण पर आये छात्र-छात्राओं को गाड़ियों के परिचालन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा, पर्यटन सूचना अधिकारी बहराइच मनीष श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमकार नाथ मिश्रा, केमेस्ट्री लेक्चरर डॉ. सुमन लता, कतर्नियाघाट वनक्षेत्राधिकारी आशीष गौड़, डीसीआई मैलानी गाइड नावेद जिया आदि मौजूद रहे।

### 10 मई तक आवेदन आमंत्रित

**बहराइच , 04 मई (तरूणमित्र)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने बताया कि महिला कल्याण विभाग अन्तर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय बहराइच में जेम अनुबन्ध संख्या-511687743009781 द्वारा आउटसोर्सिंग सेवाप्रदाता के माध्यम से हब फार इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन एवं चाइल्ड हेल्प लाइन योजना के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट मिशन कोआर्डिनेटर, जेण्डर स्पेशलिस्ट, स्पेशलिस्ट इन फाइनेंसियल लिटरेसी, एकाउण्ट असिस्टेंट डाटा इंट्री आपरेटर, एम.टी.एस., प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर, काउन्सलर, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर एवं केसवर्कर के पद पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि को बढ़ा कर 10 मई 2025 कर दिया गया है। श्री राय ने बताया कि ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो आवेदन करने से छूट गये हैं, सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से उपरोक्त पदो के लिए 10 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

## मथुरा में निकाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**मथुरा , 04 मई (तरूणमित्र)।** श्री परशुराम शोभा यात्रा समिति के तत्वावधान में आज भगवान परशुराम की शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में दो दर्जन झांकियां, डीजे, ताशा और कई बैंड शामिल रहे। शोभायात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे परशुराम शोभायात्रा समिति का बैनर, ऊँट, घोड़ा, ढोल ताशा, झाँकी गणेश जी, हनुमान जी, अखाड़ा वृन्दावन, झाँकी विष्णु लक्ष्मी जी, झाँकी नगरकोट वाली मईया, झाँकी नरसिंह भगवान, ताशा पार्टी, झाँकी यमुना जी, श्रीनाथ जी, अखाड़ा, झाँकी भैरों बाबा, झांकी जीवंत परशुराम, रोड शो शिव बरात, झाँकी राम जी अयोध्या वाले, अखाड़ा, जन्मस्थान बैंड, झाँकी जन्मभूमि, शहनाई पार्टी फरसा दल, विंटेज, कार, प्रकाश बैण्ड, अंत में भगवान परशुराम का सुंदर सजा डोला चल रहा था। विप्र समाज के युवक बैंड बाजों की धुनों पर झूमते और परशुरामजी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। वहीं अखाड़ों में शामिल युवक अपनी कलाबाजी व पटेबाजी का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा प्रारंभ होने से पहले परशुराम शोभा यात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम गोपाल शरर्म राष्ट्रीय महामंत्री बंसीलाल शर्मा ,आचार्य रमाकांत गोस्वामी ,मनोज बॉबी भैया,गजेंद्र शर्मा, ओ पी उपाध्याय , के के शर्मा राधापुरम,चंद्रप्रकाश कवि ,गौरी शंकर ,अखिलेश गौड़,आशुतोष भारद्वाज, कृष्ण जन्म संस्थान से अनुराग पाठक ,सचिव गौरव कांत शर्मा, राकेश गौड़ संजय पिपरोनिया, केके शर्मा, मोनू पंडित, सुनील शर्मा, अध्यक्ष भावना शर्मा ने वैदिक मंत्रों के साथ भगवान परशुराम के विग्रह का अभिषेक किया।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने बैठक कर हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाने के लिए तय की रूपरेखा

**गोंडा , 04 मई (तरूणमित्र)।** जनपद में हिंदी पत्रकारिता दिवस को लेकर रविवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की एक बैठक सिंचाई विभाग के डाक बंगले में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा,महामंत्री महेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें आगामी 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाये जाने के लिए संगठन के पदाधिकारी और अन्य साथियों के साथ विचार विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मत से यह तय हुआ कि इस बार संगठन प्रत्येक तहसील से पांच पत्रकारों को सम्मानित करेगा। इसमें पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले दो नए पत्रकार तथा दो पुराने सदस्यों के अलावा एक बाहरी पत्रकार को सम्मानित किया जाएगा। उसके लिए पहले से ही मानक तय कर लिए गए हैं। संगठन के साथी स्वेच्छा से पत्रकारिता दिवस में होने वाले खर्च में सहभागिता कर सकते हैं। इसके लिए कोई बाध्यता नहीं रहेगी। सहयोग के अलावा जो भी खर्च आएगा। उसे संगठन के कोष से खर्च किया जाएगा। इस पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त किया।आपदा राहत कोष स्वैच्छिक रहेगासंगठन के पदाधिकारी और सदस्यों के बीच सर्वसम्मत से यह तय किया गया है। कि आगामी दिसंबर माह में इस बार सदस्यता शुल्क के रूप में पुराने सदस्यों से 300 सौ रुपये और नए सदस्यों से 350 लिया जाएगा। पत्रकार सदस्यों के हितों को ध्यान में रखकर संगठन ने यह बड़ा फैसला लिया है। आपदा कोष को स्वैच्छिक कर दिया गया है। इसमें वही पुराने नियम लागू होंगे। जिन सदस्यों की आपदा कोष में भागीदारी होगी। उन्हीं को इसका लाभ मिलेगा।दिवंगत पत्रकार और पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलिहिंदी पत्रकारिता दिवस को लेकर बैठक का समापन करने से पहले पत्रकारिता जगत को दो महान हस्तियों की स्मृति में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। 2 मिनट मौन रहकर पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।संगठन की बैठक में प्रमुख रूप से श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा महामंत्री महेंद्र तिवारी, श्याम प्रकाश तिवारी, संजय कुमार सिंह,रघुनाथ पांडे,शोभ नाथ पांडे तहसील अध्यक्ष मनकापुर,किशोर कुमार तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव,राहुल तिवारी,अखिलेश कुमार शुक्ला, राकेश कुमार सिंह,जनार्दन पांडे,राम प्रताप वर्मा, लखन लाल शुक्ला तहसील अध्यक्ष करनैलगंज, उमेश श्रीवास्तव,सुभाष त्रिपाठी, आरके मिश्रा,यू पी मिश्रा कोषाध्यक्ष, दिलीप गुप्ता, ओमचंद शर्मा तहसील अध्यक्ष सदर,नदीम सिद्दीकी, राकेश कुमार, दिव्यांश सिंह, विजय विश्वकर्मा, कृष्ण शर्मा, विजय बहादुर तिवारी,श्री प्रकाश सिंह, बजरंग त्रिपाठी,आर सी पांडे ,पंकज सिन्हा, प्रमोद शर्मा ,संजीव यादव,पुरनचंद गुप्ता, विश्वनाथ वर्मा,चंद्रगुप्त मौर्य आदि पत्रकार शामिल रहे।

### पंडित कमल ने वैदिक मंत्रों से कराया पूजा पाठ

**मेहनवन (गोंडा) , 04 मई (तरूणमित्र)।** रविवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने थाना धानेपुर में आरक्षी बैरक और प्रभारी निरीक्षक के कक्ष का वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच उद्घघाटन कर परिसर में पौधा रोपण किया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने इसके लिए बेहतर इंतजाम किये थे। इस मौके पर पूरे थाने को दुल्हन की तरह सजाया गया। जलपान और भोजन की उचित व्यवस्था कराई गई। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी शिल्पा वर्मा सहित अन्य विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

# झिलमिलाती धूप की गर्मी से पेयजल के लिए अब लोगों को मिलेगी राहत -ब्लॉक प्रमुख

**अम्बेडकरनगर, 04 मई (तरूणमित्र)।** अकबरपुर ब्लाक प्रमुख देविका वर्मा पत्नी आनन्द वर्मा के द्वारा जगह- जगह वाटर कूलर फ्ढ लगाकर सराहनीय कार्य किया गया है इस झिलमिलाती धूप व 42 डिग्री सेल्सियस टेंपरेचर की गर्मी में पेयजल की व्यवस्था को देखते हुए अकबरपुर ब्लॉक परिसर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में अभी तक ब्लॉक प्रमुख देविका वर्मा पत्नी आनंद वर्मा द्वारा जगह-जगह लगभग 19 वाटर कूलर फ्ढ लगवाया गया गर्मी मे जनता को ठंडा पानी पीने से काफी राहत मिल रही है।ऐसे सराहनीय कार्य करने पर जनता जनार्दन ने उनका आभार व्यक्त किया,,अकबरपुर ब्लाक के कई क्षेत्र पंचायतों में वाटर कूलर लगाकर गर्मी मे पानी पीने से जनता को राहत मिल रही हैं।पेयजल की समस्या के समाधान के लिए,अकबरपुर ब्लॉक प्रमुख देविका वर्मा पत्नी आनंद वर्मा ने जगह-जगह आरओ (रो) प्लांट स्थापित किए हैं। उन्हों ने कहा की यह कदम पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां पानी की गुणवत्ता खराब है या दूषित है।कई क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता खराब होने, दूषित होने या उपलब्धता की कमी होने के कारण पेयजल की समस्या विकराल रूप ले रही है।

उन्हों ने बताया की आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) एक जल शोधन तकनीक है जो पानी को साफ करके पीने योग्य बनाता है।अकबरपुर ब्लॉक प्रमुख देविका वर्मा पत्नी आनंद वर्मा ने यह भी बताया की पेयजल की समस्या से निपटने के लिए जगह-जगह आरओ प्लांट लगाए हैं, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सकेआरओ प्लांट पानी को छानकर उसमें मौजूद अशुद्धियों, जीवाणुओं और हानिकारक तत्वों को हटा देते हैं, जिससे शुद्ध पेयजल मिलता है।उन्होंने बताया की अभी तक हमारे द्वारा लगभग 19 वाटर कूलर फ्ढ लगवाया गया हैं जो ब्लॉक परिसर से ले कर ग्रेमीड बनगांव दिहवा,कुर्ती बाजार,एरिया, बाजार,ताराखुर,पालाई सहित कई ऐसे ग्रामीड़ छेत्रो मे लगाया गया जिससे आने जाने वाले राहगीरो ओर अन्य लोगो को ठंडा पानी पीने को मिल सके ।

# कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने राज्यपाल आनंदीबेन से की शिष्टाचार भेंट

गोरखपुर,, 04 मई (तरूणमित्र)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने लखनऊ स्थित राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति महामहिम श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर प्रो. टंडन ने महामहिम को विश्वविद्यालय की हीरक जयंती (75वें स्थापना



दिवस) के उपलक्ष्य में लोकार्पित विशेष स्मारक सिक्का एवं विशेष डाक टिकट भेंट किए।भेंटवार्ता के दौरान महामहिम ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध विकास और नवाचार योजनाओं की सराहना की तथा भावी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कुलपति प्रो. टंडन ने विश्वविद्यालय में चल रहे सुधारात्मक प्रयासों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से संबंधित पहलुओं की भी जानकारी महामहिम को दी।

## शराब के नशे में पिता ने बेटे के सीने व बहू के पेट में मारी गोली

गोला गोरखपुर , 04 मई (तरूणमित्र)।गोला तहसील क्षेत्र अन्तर्गत कोतवाली बड़हलगंज के चौतीसा गांव में शनिवार रात एक दिल दहलाने वाला घटना सामने आया, जहां नशे में धुत एक पिता ने अपनी ही लाइसेंसी दोनाली बंदूक से अपने पुत्र और बहू पर गोलियां चला दीं। इस हमले में पुत्र अनूप यादव (38) और छोटी बहू सुप्रिया यादव (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल से दोनो को बीआरडी मेडिकलकॉलेज भेजा गया। जहा इलाज के दौरान पुत्रअनूप की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, आरोपी पिता हरि यादव, जो रिटायर्ड होमगार्ड है, शराब के नशे में घर पहुंचा था। परिजनों ने उसके शराब पीने की आदत और आए दिन होने वाले घरेलू विवाद पर आपत्ति जताई। इससे नाराज हरि ने अपनी लाइसेंसी बंदूक निकाली और अपने बेटे अनूप के सीने में गोली मार दी, जबकि बहू सुप्रिया के बाएं हाथ और पेट में गोलियां लगीं। गोली चलने की आवाज से गांव में सनसनी फैल गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी हरि यादव को बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह ने बताया कि हरि को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हरि यादव शराब का आदी है और अक्सर नशे में घर में विवाद करता था। घायल सुप्रिया का पति जीतनारायन यादव इस समय बाहर है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव से देश को मिलेगी मजबूती-डा. प्रजा

उतरौला(बलरामपुर) 4 मई (तरूणमित्र)। एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर भाजपा महिला सम्मेलन का आयोजित हुआ।जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी डॉ प्रजा त्रिपाठी रहीं।भाजपा महिला सम्मेलन की । कार्यक्रम कीअध्यक्षता उतरौला नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सविता गुप्ता ने की तथा संचालन साधना पांडे ने किया।इस कार्यक्रम में भाजपा महिला कार्यकताओं ने भारी संख्या में शामिल होकर एक राष्ट्र,एक चुनाव का समर्थन किया। इस दौरान कार्यक्रम मुख्य अतिथि बहराइच से भाजपा में एमएलसी डॉ प्रजा त्रिपाठी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश को और अधिक ताकत मिलने का काम करेगा, जिसका आमजन को भी लाभ मिलेगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा,



उतरौला चैयरमेन सविता गुप्ता चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी,जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ललिता तिवारी,शेरा वाली शुक्ला,लता पांडे, जिला महामंत्री विंदु विश्वकर्मा जी, झूमा सिंह,ललिता श्रीवास्तव, नंदनी शुक्ला समेत सैकड़ों भाजपा महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## गैस सिलेंडरों की समस्या दिन रात बढ़ती जा रही

उतरौला/बलरामपुर 4 मई (तरूणमित्र)। सहालग (शादी विवाह) के सीजन में कुकिंग गैस की किल्लत बढ़ गयी है। यह किल्लत केवल उपभोक्ताओं के लिए ही है। इसी बहाने गैस सिलेंडरों की जमकर काला बाजारी की जा रही है। इसका खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। ब्लैक में एक गैस सिलेंडर लेने के लिए उन्हें डेढ़ से दो गुना तक कीमत चुकानी पड़ रही है। घरेलू गैस की अचानक बढ़ी किल्लत से आम नागरिक काफी परेशान हैं। श्रवण कुमार, अखिल, रामजी, तिलक राम, बजरंगी, राहुल, सौरभ, आरिफ, सलमान, वाजिद आदि उपभोक्ताओं का कहना है कि बाजार में गैस की कालाबाजारी की जा रही है जिससे आम उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने एक गैस एजेंसी पर आरोप लगाते हुए कहा कि गैस एजेंसी के कर्मियों द्वारा गैस की कालाबाजारी की जा रही है। बाहर से गैस की गाड़ी ना आने व गैस खत्म होने की बात कहकर उपभोक्ताओं को वापस कर दिया जाता है। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है। यदि गैस एजेंसी ने अपनी इस कार्यशैली में सुधार नहीं किया तो इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी। जहां एक तरफ लोगों को कुकिंग गैस नहीं मिल पा रहा है तो वहीं शादी विवाह, होटलों, ढाबों व अन्य प्रतिष्ठानों में खुलेआम घरेलू गैस का प्रयोग करते देखा जा रहा है। सहालग शुरू होते ही रसोई गैस की किल्लत फिर गहरा गई है। एजेंसियों पर ब्लैकियों की तादाद भी एकाएक बढ़ गई है। उपभोक्ताओं से पहले ब्लैकियों को रीफिल मिल रही है, जबकि आम उपभोक्ताओं को एक-एक सिलेंडर के लिए पापड़ बेलने पड़ रहे हैं। शादी-पार्टियों में ब्लैकियों की मार्फत घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी का गोरखधंधा भी खूब चल रहा है। उपभोक्ताओं के हक की गैस ब्लैक मार्केट में भी खूब खप रही है। पहले सब्सिडी वाले सिलेंडरों का रोना था, लेकिन अब तो बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर भी आसानी से नहीं मिल रहे। किल्लत केवल आम उपभोक्ता के लिए है। ब्लैकियों के धंधे पर कोई फर्क नहीं है।

## कलरव: जोधपुर झील पर पक्षियों ने डाला डेरा

मथुरा , 04 मई (तरूणमित्र)। आगरा मथुरा और भरतपुर के मध्य स्थित जोधपुर झाल पर इस समय इंजीनियर पक्षियों का कलरव गूंज रहा है। यहां प्रजनन से पहले विभिन्न प्रजातियाँ इन दिनों अपना घोंसला बना रही हैं, इनकी घोंसला बनाने की अद्भुत कला के कारण ही इन्हें इंजीनियर के नाम से भी जाना जाता है। जोधपुर झाल मथुरा जनपद में फरह के निकट स्थित है। इसे उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा वन विभाग के सहयोग से वेटलैंड्स के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ बेहतर वातावरण के चलते बड़ी संख्या में पक्षियों की विभिन्न प्रजातियाँ यहाँ प्रवास करती हैं। बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी ( बीआरडीएस) के पक्षी विशेषज्ञ डॉ केपी सिंह ने बताया कि जोधपुर झाल पर वीवर की तीन प्रजातियां बया बीवर, ब्लैक-ब्रस्टेड बीवर और स्ट्रीक्ड बीवर प्रजनक निवासी हैं।

## पूर्व विधायक संजय की रिहाई के लिये समर्थकों ने किया बैड़वा समय माता मंदिर में हवन यज्ञ

बस्ती , 04 मई (तरूणमित्र)। पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल की जेल से रिहाई के लिये रविवार को उनके समर्थकों ने बैड़वा समय माता मंदिर में हवन यज्ञ के साथ विशेष पूजा अर्चना किया।ज्ञात हो कि वर्ष 2003 में विधान परिषद चुनाव में मतगणना के दौरान मतदान प्रक्रिया को लेकर हुये विवाद के प्रकरण में एम.पी. एम.एल. कोर्ट ने पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल के साथ ही पूर्व प्रमुख त्र्यम्बक पाठक, महेश सिंह, अशोक कुमार सिंह, मो. इरफान को जेल भेज दिया गया है। पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल की गिरफ्तारी को लेकर उनके समर्थकों में बेचैनी है और वे हवन, यज्ञ आदि के द्वारा ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि उन्हें रिहाई मिले।बैड़वा समय माता मंदिर में हवन, यज्ञ, विशेष पूजा के दौरान महेश सिंह, भोला सिंह, मनोज सिंह, विकास शर्मा, मोनू पाठक,बब्लू सिंह, रणजीत यादव, उमेश ठाकुर, मंटू तिवारी, प्रिंस जायसवाल प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, विपिन जायसवाल, दिनेश कुमार, अतुल यादव, परवेज कुमार, सचिन पाण्डेय, महेंद्र यादव, विशाल गुप्ता,भानु सिंह, बलवंत सिंह,शैंकी श्रीवास्तव, अनूप जायसवाल, मनीष चौधरी, आशीष चौधरी, अवधेश पाठक , संजय चौबे, रफीक,अभय सिंह,संजू सिंह, विष्णु जायसवाल, विकास सिंह, सुनील पाण्डेय, विकास सिंह, शिव कुमार सिंह, सोनू सिंह, बलवन्त सिंह, विक्की सिंह, मनीष मोदनवाल, दिनेश कुमार, आशीष चौधरी, भानु प्रताप सिंह, रफीक आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व हिन्दू महासंघ का विस्तार, शिव सेना छोड़ जिला प्रभारी बने प्रमोद

बस्ती , 04 मई (तरूणमित्र)। विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने प्रदेश उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह राणा की संस्तुति पर शिवसेना के जिला प्रमुख प्रमोद पाण्डेय जी को विश्व हिन्दू महासंघ के जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा है। इसी कड़ी में जिला प्रभारी विन्दु गोपाल त्रिपाठी को सहमंडल प्रभारी बस्ती मंडल, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, अजय मिश्र को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है।अमहट घाट के निकट सिद्धेश्वर मंदिर के परिसर में आयोजित पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे जाने के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री अधिवक्ता प्रकोष्ठ कुलदीप मिश्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी , राकेश सिंह, बालकृष्ण सिंह, अर्पण श्रीवास्तव, उपेंद्र सिंह, बाबा जय प्रकाश दास, सौरभ चतुर्वेदी, शिवम पाण्डेय, जमुना प्रसाद, अमरजीत यादव, रूप नरायन गौड़, के साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

### योग दिवस बनेगा ऐतिहासिक : आज से शुरू आन व ऑफ लाइन प्रशिक्षण

बस्ती , 04 मई (तरूणमित्र)। इंडियन योगा एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश चैप्टर एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित योग अभ्यास श्रृंखला के अंतर्गत, प्रदेश के चेयरपर्सन पियूषकांत मिश्रा एवं सेक्रेटरी अमित गर्ग के दिशा-निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व पचास दिनों की विशेष श्रृंखला में प्रत्येक रविवार को विशिष्ट योगाचार्यों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से योग प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के पूर्वी जोन अध्यक्ष डॉ. नवीन सिंह ने बताया कि इस वर्ष पूरे जिले में पतंजलि, भारत स्वाभिमान एवं अन्य योग संस्थाओं के सहयोग से योग दिवस को ऐतिहासिक रूप देने का संकल्प लिया गया है।इस अवसर पर अखंड संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट एवं प्रैक्सिस विद्यापीठ बस्ती की कंट्रोलर एवं योगाचार्या डॉ. संगीता यादव द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा,₹योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। यदि हम प्रतिदिन अपने 24 घंटों में से मात्र 45 मिनट अपने लिए निकाल लें, तो हमारा शरीर स्वस्थ और निरोगी बन सकता है।₹उन्होंने आगे बताया कि प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम अत्यंत आवश्यक हैं, और इस सत्र में सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, लंबर स्पॉन्डिलाइटिस तथा जोड़ों के दर्द के लिए विशेष योगाभ्यास करवाया गया।₹योगाभ्यास गर्दन, पीठ व रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याओं में राहत देने में अत्यंत सहायक है। योग से जुड़िए, दर्द से मुक्ति पाइए और जीवन में संतुलन लाइए!

### नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

गोरखपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। नगर पंचायत उनवल वार्ड नं 10 स्थित पोस्ट ऑफिस पर निशुल्क कैम्प का किया गया आयोजन। सुयोग्य क्लीनिक के डॉक्टर विवेक गुप्ता और उनकी टीम ने निशुल्क शिविर लगाकर लोगो का किया इलाज। डा विवेक गुप्ता जी के पिता नन्द कुमार गुप्ता जी एयरफोर्स आर्मी से रिटायर्ड है। डॉक्टर विवेक गुप्ता जी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता है कि पिता जी ने देश की सेवा की है मै अपने गांव के लोगों को और समाज के लोगों के लिए कुछ अच्छा काम करूं ताकि लोगों को बेहतर सुविधा और इलाज मिल सके। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे चले इस कैम्प में कौड़ीराम से खजनी से बांसगांव से सरया तिवारी से भटौली से कोठा भालुआन, कूड़ा भरत से डोमरघाट, गोरसैरा से 124 मरीजों को निशुल्क देखा गया है एवं उनको निशुल्क समुचित इलाज उपलब्ध कराई गई। मरीज को अपने उपचार हेतु समस्या हो तो वह मेरे रव डॠक्लीनिक पर आकर अपना इलाज करा सकते हैं उक्त अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष उनवल इन्द्र कुमार निगम, नन्द कुमार गुप्ता, यशवन्त निगम, देवानंद निगम, अजय जायसवाल, सुनील निगम के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इंडिया की बैठक संपन्न

गोंडा , 04 मई (तरूणमित्र)। रविवार को राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इंडिया की बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी के परसदा स्थित आवास पर संपन्न हुई जिसमें पार्टी के कार्यकाल समाप्त होने एवं संगठनात्मक चुनाव पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार मिश्र ने चुनाव 25 म?ई 2025 को कर???ाने का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि पार्टी सभी वर्गों एवं संप्रदाय को एक साथ लेकर चलेगी और पार्टी में लोकतांत्रिक तरीके से संगठनात्मक चुनाव कराया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार मिश्र, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार शुक्ला, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवपूजन तिवारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं युवा कवि रविंद्र पांडेय, दीपचंद तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष डॉ बादशाह और मुनव्वर अली गुडडू अलीआदि पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

## स्वच्छ बस्ती, सुंदर बस्ती अभियान चलाकर किया जागरूक



बस्ती , 04 मई (तरूणमित्र)। सामाजिक संस्था बस्ती विकास समिति एवं छात्र युवा दल द्वारा जनजागरूकता अभियान के तहत एक कदम स्वच्छता की ओर ₹स्वच्छ बस्ती, सूंदर बस्ती अभियान₹ नगर पालिका के सहयोग के साथ चलाकर आज वार्ड नम्बर 09 विशुनपुरवा में साफ सफाई कर लोगों को जागरूकता पर्चा देते हुए इधर उधर, सड़क पर कूड़ा करकट न फेकने का निवेदन किया गया।संस्थापक राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि एक कदम स्वच्छता की ओर ₹स्वच्छ बस्ती सुंदर बस्ती अभियान₹ एक जनजागरूकता अभियान है जिसके माध्यम से स्वच्छता के साथ साथ लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास है, अभियान का मुख्य उद्देश्य बस्ती को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताकर जागरूक किया जा रहा है और उन्हें अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।समिति उपाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर और आसपास के क्षेत्र को साफ रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। 27 अप्रैल से शुरू यह स्वच्छता अभियान नगर के पच्चीसों वार्डों में बारी बारी से संचालित किया जाएगा। इस दौरान बंद नालियों की सफाई एवं कूडे.का निस्तारण किया जाएगा और यह स्वच्छता अभियान लगातार जारी रहेगा।छात्र युवा दल जिलाध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि लीगों को अपने घर, दुकान के आसपास चारो तरफ साफ सफाई स्वयं भी रखना चाहिए ।

## बाबू गेंदा की प्रतिमा अनावरण समारोह की तैयारी बैठक में बांटी जिम्मेदारियां

राजापाकड़/कुशीनगर, 04 मई (तरूणमित्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व मंत्री-सांसद बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह 10 मई को गेंदा सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय, बरवा राजापाकड़ परिसर में आयोजित होगा। प्रतिमा का अनावरण प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा करेंगे। समारोह को लेकर रविवार को सीताराम चौराहा, बरवा राजापाकड़ में तैयारी बैठक आयोजित हुई, जिसमें आयोजन समिति ने जिम्मेदारियां सौंपीं।बैठक में आयोजक व केंद्रीय कारपोरेट मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य डा. पुनीत राय ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी और सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक पीएन पाठक, मनीष जायसवाल, डा. असीम कुमार, विवेकानंद पांडेय, मोहन वर्मा, विनय गोंड तथा पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा का नाम है।



कार्यक्रम के मुख्य स्वागतकर्ता के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा उपस्थित रहेंगे। डा. पुनीत राय ने कहा कि यह समारोह स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम के गौरव को स्मरण करने का अवसर है। सभी को जिम्मेदारी से अपना दायित्व निभाना होगा। बैठक में तय किया गया कि समारोह के सफल आयोजन के लिए स्वागत समिति, साफ-सफाई, मंच संचालन, ध्वनि व्यवस्था, अतिथि सत्कार, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा प्रबंध व जलपान व्यवस्था हेतु विभिन्न टीमें गठित होंगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय राय ने की तथा संचालन सत्येंद्र उर्फ गुड्डू शुक्ल ने किया। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्रनाथ राय, चंद्रभान राय, रजनीश राय, मनीष राय, राजन सिंह, राजेश शाही, संदीप सिंह, अभय शाही, अरुण राय, रोहित सिंह, बिट्टू शुक्ल, प्रवीण सिंह, नितिन राय, नवीन सिंह, विश्वजीत राय, हारुन अंसारी, इम्तियाज अंसारी, निखिल, अंकित राय, डा. रवि भारद्वाज, मेवालाल बरनवाल, अविनाश राय, रमन कौशिक, मीडिया प्रभारी अशोक राय, रामनाथ गुप्ता, प्रेमशंकर पटेल, मंगरु चौहान, संतोष गोंड, रंजन सिंह, शोभित राय, डिंपल शुक्ल, प्रिंस शुक्ल, देवीलाल कुशवाहा आदि को जिम्मेदारियां बांटी गईं।

## अर्पित हॉस्पिटल के संचालक समेत पांच के खिलाफ गैंगस्टर

गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज), 04 मई (तरूणमित्र)। बीआरडी मेडिकल कालेज में बच्चे का इलाज कराने आए परिजनों को भयभीत करके निजी अस्पताल में बेचने के मामले में गुलरिहा पुलिस ने अर्पित हॉस्पिटल के संचालक प्रवीन सिंह,मैनेजर तुषार टेकडीवाल,एम्बुलेंस माफिया अमन गुप्ता समेत पांच के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की है। संचालक प्रवीन अभी जेल में है वही अन्य चार जमानत पर बाहर है। जानकारी के मुताबिक प्रवीन सिंह देवरिया जिले के बरहज थाना क्षेत्र के बेलदार गांव का रहने वाला है,जिसने आर्मेनिया से चिकित्सक की कूटरचित डिग्री हासिल करके चिलुआताल के करीमनगर में अर्पित हॉस्पिटल संचालित कर रहा था। हॉस्पिटल डाक्टर साकेत सलीम के नाम से पंजीकृत था। हॉस्पिटल में मरीजों की ओपीडी संचालित नहीं होने से हॉस्पिटल का बिल और भाड़ा बढ़ने लगा तो अस्पताल के मैनेजर तुषार टेकड़ीवाल के माध्यम से दलालों से संपर्क स्थापित कर लिया। दलाल मेडिकल कालेज से तीमारदारों को बरगलाकर मरीज को हॉस्पिटल में बेचते और इसके बदले प्रवीन सिंह दलाल को कमीशन देकर तीमारदारों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल करता रहा।मामला तब सामने आया जब देवरिया जिले के सलेमपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 भरौली निवासी लक्ष्मी देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 17 जनवरी को देवरानी लीलावती देवी के बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर 108 नंबर एंबुलेंस से बीआरडी भर्ती करने के लिए लेकर गई। लेकिन बाल रोग सेवा संस्थान के कर्मचारियों ने बताया कि वेंटीलेटर खाली नहीं है। बीआरडी से बाहर निकली तो बिचौलिया अमन गुप्ता ने एंबुलेंस चालक से मरीज खरीदने के बाद निजी अस्पताल को बेच दिया था। हालत में सुधार न होने पर अस्पताल प्रशासन से रेफर करने के लिए कहा तो स्टाफ ने बच्चे को गलत इंजेक्शन लगाकर जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में गुलरिहा पुलिस आरोपित 108 एंबुलेंस चालक व ईएमटी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की तो परत दर परत खुलती गई और मामले में बिचौलिया अमन गुप्ता,हॉस्पिटल मैनेजर तुषार टेकड़ीवाल समेत प्रवीन सिंह का नाम प्रकाश में आया था।

## नाला निर्माण के लिए जय चौबे से मिले प्रधानाचार्य दुधारा

संतकबीरनगर, 04 मई (तरूणमित्र)। ए. एच.एग्री . इंटर कालेज दुधारा के सामने बाउंड्रीवाल व सड़क के मध्य दरेंसी में ढक्कन सहित नाले के निर्माण को लेकर प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी अपने टीम के साथ पूर्व विधायक जय चौबे व जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव* से मिले। प्रधानाचार्य ने बताया कि नाले का निर्माण ना होने से बरसात के दिनों में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। पूरे परिसर में पानी भरा रहता है। छात्र छात्राओं को बहुत दिक्कत होती है।नेताद्वय ने प्रधानाचार्य द्विवेदी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कहा है कि एक सप्ताह के अंदर स्टीमेट तैयार कर-के स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी।

*ब्लाक प्रमुख सेमरियावा प्रतिनिधि मुमताज अहमद* ने कहा कि मंगलवार को स्टीमेट बनाने व स्थल निरीक्षण के लिए तकनीकी अभियंता जायेंगे। जल्दी से जल्दी काम शुरू करा देंगे। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक मुहम्मद इस्तियाक, कमरे आलम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## एसडीएम की पहल पर दो दशक पुराने मार्ग विवाद का पटाक्षेप

### भारी विरोध के बीच राजस्व टीम ने कराया रास्ते का पुनर्निर्धारण

तमकुहीराज/कुशीनगर, 04 मई (तरूणमित्र)। सेवरही ब्लाक के ग्राम कोइंदी बरियारपुर में रविवार को वर्षों से चला आ रहा सेक्टर मार्ग विवाद प्रशासनिक हस्तक्षेप से सुलझ गया। तहसील दिवस के दौरान प्राप्त शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए उपजिलाधिकारी ऋषभ पुंडीर ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेज कार्रवाई सुनिश्चित कराई।करीब बीस वर्षों से अराजी संख्या 526 को लेकर गांव में पक्ष-विपक्ष आमने-सामने थे। पंचायत स्तर पर सुलह की कई कोशिशें नाकाम रही थीं। मामले के तहसील दिवस तक पहुंचने पर एसडीएम ने पैमाइश कर दस्तावेजों के आधार पर निष्पक्ष निस्तारण का आदेश दिया।राजस्व निरीक्षक वेदप्रकाश और लेखपाल कमरुज्जमा ने वादी-प्रतिवादी, ग्राम प्रधान तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में पैमाइश शुरू की। कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी जताया, लेकिन प्रशासनिक सख्ती के आगे विरोध टिक नहीं सका। राजस्व अभिलेखों के आधार पर रास्ता चिन्हित कर ग्राम समाज के खाते में दर्ज कर दिया गया। इस निर्णय पर दोनों पक्षों ने अंततः सहमति जताई। गांव में बीस साल पुराने विवाद के समाधान से राहत और खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने राजस्व टीम की निष्पक्षता और प्रशासन की तत्परता की सराहना की है।

## नाथनगर सीएचसी की बदहाल स्थिति पर विधायक ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

संतकबीरनगर , 04 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले के धनघटा तहसील की क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नाथनगर/मलौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक गणेश चंद्र चौहान ने आज उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपने क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उलउ) नाथनगर, मलौली से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। विधायक चौहान ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि नाथनगर उलउ में डॉक्टरों की भारी कमी है, आवश्यक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता नहीं है, और भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि इन हालातों के कारण आमजन को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त करने में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विधायक द्वारा उठाए गए बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश देने का आश्वासन दिया।



विधायक चौहान का यह प्रयास क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम माना जा रहा है। क्षेत्रीय जनता ने इस पहल का स्वागत करते हुए शीघ्र समाधान की आशा जताई है।

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

मथुरा, 04 मई (तरूणमित्र)। थाना कोसीकलां पुलिस ने युवक को मोटरसाइकिल चोरी और नशीला पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने एक मोटर साइकिल व195 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया है। अभियुक्त के खिलाफ थाना कोसीकला पर एक साल से भी कम समय में आधा दर्जन चोरी के मुकदमे दर्ज हुए हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल थाना कोसीकलां, एसआई अमरपाल तोमर चौकी प्रभारी शाहपुर थाना कोसीकलां, एसआई उत्तम चौहान चौकी प्रभारी जिंदल चौराहा थाना कोसीकलां, एसआई अंकित मलिक चौकी प्रभारी बठैन गेट थाना कोसीकलां आदि थे। चौकिंग के दौरान अभियुक्त तालिम पुत्र हाकिम निवासी गांव खेडला थाना बिछोर जिला नूंह मेवात हरियाणा उम्र करीब 20 वर्ष को नई कोसी कामर सड्क पर मसान घाट से करीब 80 कदम कोसीकला की तरफ सर्विस रोड पर से 195 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम व चोरी की एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया।

## अदालती नोटिस

बअदालत सिविल जज (जू.डि.) शहर, जौनपुर।
मु.नं. 1624 सन् 2024

1. बरसाती सरोज उ.त. 55 साल पुत्र मेवालाल सरोज
2. प्रकाश सरोज उ.त. 45 साल पुत्र मेवालाल सरोज साकिन मौजा पिलखिनी, परगना सरेमू, तहसील सदर जिला-जौनपुर। ....मुददईयान

बनाम

1. मेवालाल सरोज उ.त. 80 साल पुत्र स्व. बाबू नन्दन सरोज साकिन मौजा पिलखिनी परगना सरेमू तहसील सदर जिला जौनपुर।
2. बजरंगबली उ.त. 50 साल पुत्र मुखतार साकिन मौजा मनपुर पो. तरकुलवा जिला देवरिया।
3. बद्री कुमार उ.त. 50 साल पुत्र अशोक गुप्ता साकिन मौजा पिलखिनी परगना सरेमू तहसील सदर जिला जौनपुर। ...मुददालेहुम

हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 06 जुलाई 2025 बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करें और हरगाह वही तारीख को आपके इजहार के लिये मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है कतई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

तारीख पेशी 06 जुलाई 2025

बदस्तखत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज जारी किया गया।

न्यायालय सिविल जज
(जू.डि.) शहर-जौनपुर

## अदालती सम्मन

बअदालत सिविल जज (जू.डि.) शहर, जौनपुर।
मु.नं. 1624 सन् 2024

1. बरसाती सरोज उ.त. 55 साल पुत्र मेवालाल सरोज
2. प्रकाश सरोज उ.त. 45 साल पुत्र मेवालाल सरोज साकिन मौजा पिलखिनी, परगना सरेमू, तहसील सदर जिला-जौनपुर। ....मुददईयान

बनाम

1. मेवालाल सरोज उ.त. 80 साल पुत्र स्व. बाबू नन्दन सरोज साकिन मौजा पिलखिनी परगना सरेमू तहसील सदर जिला जौनपुर।
2. बजरंगबली उ.त. 50 साल पुत्र मुखतार साकिन मौजा मनपुर पो. तरकुलवा जिला देवरिया।
3. बद्री कुमार उ.त. 50 साल पुत्र अशोक गुप्ता साकिन मौजा पिलखिनी परगना सरेमू तहसील सदर जिला जौनपुर। ...मुददालेहुम

हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 06 जुलाई 2025 बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करें और हरगाह वही तारीख को आपके इजहार के लिये मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है कतई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

तारीख पेशी 06 जुलाई 2025

बदस्तखत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज जारी किया गया।

न्यायालय सिविल जज
(जू.डि.) शहर-जौनपुर

# पुराना पंचायत भवन में लगी भीषण आग, भूसा जलकर राख

**जसपुरा/बांदा, 04 मई (तरूणमित्र)**। थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमराः बीती रात अमारा गांव के पुराने ग्राम पंचायत भवन में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह भवन प्रयोग में नहीं था और वहां केवल गौशाला का करीब 100 कुंतल भूसा भरा हुआ था। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

गांव के प्रधान अशोक कुमार विश्वकर्मा ने जब भवन से धुआं उठते देखा तो तुरंत ग्रामीणों को सूचित किया और थाना जसपुरा को भी जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनुपमा तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत फायर ब्रिगेड बाँदा को खबर दी। बाँदा से फायर ब्रिगेड को अमारा गांव पहुंचने में करीब 50 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ा, लेकिन तब तक सारा भूसा जलकर राख हो चुका था।

थाना प्रभारी अनुपमा तिवारी खुद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और गांव प्रधान के साथ ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुट गईं। एक निजी समर सिविल की मदद से और फायर ब्रिगेड की सहायता से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन भूसे के नुकसान से पशुपालकों को भारी क्षति हुई है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का निर्वाचन सम्पन्न

**बबेरु/बांदा, 04 मई (तरूणमित्र)**। रविवार को उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लाक कमासिन में ब्लाक स्तरीय निर्वाचन, अधिवेशन पूर्व माध्यमिक विद्यालय कमासिन बीआरसी भवन के समीप सम्पन्न हुआ। जिसमें संघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र तथा आदित्य प्रकाश महामंत्री, डाक्टर केतराम पाल कोषाध्यक्ष के निर्देशन पर चुनाव अधिकारी आदित्य प्रकाश शुक्ला तथा ब्लॉक नरैनी के मंत्री शत्रुघ्न वीर ने निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निर्वाचन कराया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर राकेश सिंह, पूर्व माध्यमिक छिलोलर, तथा मंत्री पद पर राम बाबू यादव, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनहुली कम्पोजिट तथा पूर्व कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार कुशवाहा ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें,एकल फार्म होने के कारण तीनों पदों पर सर्व सम्मति से निर्विरोध



निर्वाचित घोषित किये गये, सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को केतराम पाल जिला कोषाध्यक्ष ने शपथ दिलाईद्य उपस्थित शिक्षक साथियों में निवर्तमान अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी, एवं कमलेश वर्मा पूर्व मंत्री, दिरपाल ,सुरेशपाल पंकज गुप्ता तथा सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## हज यात्रा से पहले हाजियों को माला पहनाकर दी मुबारकबाद

**बबेरू/बांदा, 04 मई (तरूणमित्र)**। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदौली गांव में इलेक्ट्रानिक मीडिया से वरिष्ठ पत्रकार मुफीद आलम खान के पिता इदरीश खान व उनकी माता के हज रवाना होने से पहले उनके घर में मिलाई समारोह व मिलाद का कार्यक्रम रखा गया। जहां वरिष्ठ पत्रकार के पिता इदरीश खान को हाजरीन ने फूलों का हार्ट पहनकर मुबारकबाद पेश किया। वहीं शेयरों ने कसीदे पढ़ी है, वही मौलाना नईमुद्दीन ने हज के बारे में लोगों को बताया। और मां बाप की फजीलत बयान किया। वही कार्यक्रम में परिवार व रिश्तेदारों के साथ साथ गांव के सैकड़ो लोग मौजूद रहे, वही बताया कि हमारा लखनऊ से टिकट



है, और हम बहुत ही भाग्यशाली हैं जो, हमारा टिकट दोनों पति-पत्नी का हो गया है।

वहीं हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी हज यात्रा में जा रहे, वरिष्ठ पत्रकार मुफीद आलम के पिता इदरीश खान को मुबारकबाद दिया। और हज और मक्का ,मदीना में देश में अमन चौन की दुआ मांगने की भी अपील किया है कि, हमारा देश खुशहाल रहे और तरक्की करें। इस मौके पर मौलाना नईमुद्दीन ,एनाउंसर गौस मोहम्मद, शायर कारी कुछूस, मौलाना खुर्शीद, तौहीद आलम, मोईद आलम, जैद आलम, नावेद आलम, हाजी आशिक खान, सगीर खान, मोईन खान, शमीम खान, सहित अन्य सैकड़ो की संख्या में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# चोरी के मोबाइल सहित दो पकड़े

**ललितपुर, 04 मई (तरूणमित्र)**। महरौनी पुलिस ने म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत थाना बण्डा के ग्राम मुड़ारी निवासी गोलू लोधी पुत्र करन सिंह एवं सागर के ही थाना सानोदा अंतर्गत गनेशगंज शाहपुर निवासी आमिर खान पुत्र हबीब खान को मुर्गा मन्डी बाईपास ललितपुर-बानपुर रोड कस्बा महरौनी से गिरफ्तार किया गया है। उक्त लोगों के पास से पुलिस ने चोरी किया हुआ एक मोबाइल इनफिनिक्स व वादी का आधार कार्ड बरामद हुआ है।

पूछताछ के दौरान उक्त बदमाशों ने पुलिस को बताया कि हम लोग जगह-जगह घूम फिरकर राहगीरों को टारगेट करके, उनको अपनी बातों से विश्वास में ले लेते है तथा




समय व मौका पाकर उनकी जेब से मोबाइल फोन व रूपयों की चोरी करते है। बताया कि उन्होंने 29 अप्रैल 2025 को सिलावन गांव के पास से एक व्यक्ति के पैन्ट की जेब से एक मोबाइल व कुछ कागज चुराये थे। शनिवार को वह दोनों फिर से चोरी करने की जुगत में थे।

## कमेटी की बैठक में जरूर प्रतिभाग करें पदाधिकारी-कुशल

**चित्रकूट, 04 मई (तरूणमित्र)**। कांग्रेस की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में में संपन्न हुई।बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सभी ब्लाकों में जल्द से जल्द कार्यालय खोले जाएंगे तथा प्रत्येक महीने की तीन तारीख को जिला कमेटी की मासिक बैठक संपन्न होगी। कार्यकताओं से अनुरोध है कि मासिक बैठक में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करने का कष्ट करे। पटेल, जगजाहिर सिंह पटेल, अगनू प्रसाद, महेंद्र सिंह पटेल, गोरेलाल, रामबदन प्रजापति, कुलदीप द्विवेदी, प्रशांत कुमार आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# विहिप ने प्रदर्शन कर की गिरफ्तारी की मांग



**चित्रकूट, 04 मई (तरूणमित्र)**। विश्व-हिन्दू परिषद द्वारा 4 मई रबिवार कोचैकी शिवरामपुर के अंतर्गत निबिहा पुरवा के मुसलमानों द्वारा भारत माता को गाली देने और हिंदुस्तान मुदार्बाद, पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के विरोध में जिला मंत्री नीरज केसरवानी व जिला सहसंयोजक शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्षन गांव के मस्जिद के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र ने की।

इस मौके पर सिद्धार्थ, मृदुल, उमाकांत शुक्ला, कपिल, प्रिंस पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ में जिला समिति का हुआ पुनर्गठन

**चित्रकूट, 04 मई (तरूणमित्र)**। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संपादन और संस्कृति, संस्कारों के संरक्षण के लिये जिला समिति का पूनर्गठन किया गया। कार्यक्रम का संरक्षण संरक्षक समिति डॉ रामनारायण त्रिपाठी, जगदीश गौतम, डॉ रजनीश सिंह, कलिका श्रीवास्तव, डॉ अशोक द्विवेदी द्वारा किया जायेगा। जिला संयोजक जीतेन्द्र सिंह,



सह संयोजक विवेक श्रीवास्तव, डॉ संग्राम सिंह, जगमोहन यादव, रामलखन केसरवानी, शंकर दयाल त्रिपाठी, शिवम् मिश्र, जगन्नाथ यादव, कमलेश त्रिपाठी, प्रमोद पटेल राजकुमार ओझा, सुधा तिवारी जोन समन्वयक, रेखा गुप्ता, आदि पदाधिकारी नियुक्त किये गये। इस मौके पर शांतिकुंज प्रतिनिधि राधेश्याम त्रिपाठी, रामशंकर द्विवेदी उप जोन समन्वयक, भवनिदीन यादव जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए हुआ भूमिपूजन

## मंदिर का इतिहास गौरवशाली : मलूक पीठाधीश्वर

**ललितपुर, 04 मई (तरूणमित्र)**। तालाबपुरा स्थित श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर पर मलूक पीठाधीश्वर डा.राजेन्द्र दास महाराज देवाचार्य द्वारा शनिवार को मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिये भूमि पूजन वैदिक विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन के कार्यक्रम के पूर्व हवन, शिला पूजन कार्यक्रम मलूक पीठाधीश्वर देवाचार्य द्वारा किया गया। नींव के अन्दर शिलायें वृन्दावन से आये पं. विष्णुकांत शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित की गयीं।

इस मौके पर मलूक पीठाधीश्वर डॉ. राजेन्द्र दास महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर का इतिहास गौरवशाली है। कार्यक्रम में किशोर देव महाराज, रामबालक दास महाराज साढूमल, महंत गंगादास महाराज, ओमप्रकाश शास्त्री, पवन शास्त्री, कमलेश शास्त्री, राज्यमन्त्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन



कुशवाहा, अनुराधा शर्मा, रमेश लोधी, प्रदीप चौबे, सुभाष जायसवाल, आदित्यनारायण बवेले, रामेश्वर सडैया, बीके सरदार, अजय तिवारी नीलू, शशि राजा, हरिश्चन्द्र रावत, अशोक गोस्वामी, भगवत नारायण वाजपेयी, बालकृष्ण नायक, रमेश रावत, गोविंद रावत, कमलापत रिछारिया, विलाश पटैरिया, सुधांशू शेखर हुण्डैत, रमेश पाठक, राजीव कुमार बवेले, गिरीश पाठक, धर्मेन्द्र रावत, विवेक सडैया, ह्रदेश हुण्डैत, संतोष चौबे, सुबोध गोस्वामी, मनोज चतुर्वेदी टेडे महाराज, नरेश विदुआ, प्रभाकर शर्मा, दिवाकर शर्मा, ओमप्रकाश रिछारिया, नवल किशोर सोनी, भरत रिछारिया, हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, बृजेन्द्र रावत, श्रीकांत करौलिया, श्रीकांत कुशवाहा, कौस्तुभ चौबे, माधव चौबे, राजू यादव, मदन पुरोहित, अनिल संज्ञा, अरविंद संज्ञा, डा. विक्रांत तोमर, संग्राम चौबे, कृष्णकांत सोनी, आशीष तिवारी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

गर्भ गृह में स्थापित प्रतिमाओं को अस्थायी मन्दिर में रखा गया। श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर के गर्भ गृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं को महंतों द्वारा विधि विधान के साथ गर्भ गृह से बाहर निकालकर मन्दिर परिसर में बनाये गये अस्थायी मन्दिर में स्थापित कर पूजन-अर्चन कर आरती की गयी। तत्पश्चत भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## दो दिवसीय वक्फ जन संवाद अभियान कल से

**झांसी, 04 मई (तरूणमित्र)**। भाजयुमो कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में आज वक्फ संशोधन बिल को लेकर कानपुर क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक संपन्न हुई, जिसमें वक्फ जनसंवाद अभियान को लेकर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शशांक गुरुनानी को संयोजक और उनके साथ में अंकित अग्रवाल और शशांक शेखर मिश्रा को सह संयोजक बनाया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि प्रत्येक जिले की हर विधानसभा में ₹वक्फ जन संवाद अभियान₹ 6,7,8 मई को चलाया जाएगा। वक्फ संशोधन बिल से देशवासियों को कई लाभ होंगे, जैसे- वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी संपत्ति के दुरुपयोग को रोका जाएगा और गरीब और महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। बैठक में खेमराज शर्मा, अंकित अग्रवाल, उज्जवल जायसवाल, शिखा मिश्रा, ऋषभ शुक्ला, अर्शी सुल्तान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाजसेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं - अवधेश

## मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव ने बढ़ाया संघर्ष सेवा समिति का हौसला



**झाँसी, 04 मई (तरूणमित्र)**। मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने रविवार को संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजसेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है।

निस्वार्थ रूप से संघर्ष सेवा समिति जो कर रही है, वह सभी के लिए अनुकरणीय है। इससे पहले समिति के संयोजक डॉ संदीप सरावगी के नेतृत्व में प्रमुख सचिव का माल्यार्पण, शॉल पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अरविंद कुमार उपाध्याय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, मुन्नालाल गौड़ तहसीलदार दतिया, देवेंद्र सेन, छत्रपाल राजपूत, अतुल यादव, जगदीश, आनंद चौहान, सतनाम सिंह काके, रिजवान, मास्टर मुन्नालाल, सुशांत गुप्ता, संदीप नामदेव, महेंद्र रायकवार, रेखा विश्वकर्मा, नीलू रायकवार, दीक्षा साहू, बसंत गुप्ता, भूपेंद्र यादव, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, आनंद चौहान, प्रमेंद्र सिंह, भगवान दास, मीना मसीह, अनूप खरे, के.के. दुबे आदि उपस्थित रहे।

## जीवन विद्या परिचय शिविर का आयोजन



**ललितपुर, 04 मई (तरूणमित्र)**। बचपन प्ले स्कूल में जीवन विद्या परिचय शिविर का प्रथम दिन गहराई से सोचने और स्वयं को समझने की एक नई शुरूआत बना। ए. नागराज के मध्यस्थ दर्शन पर आधारित इस शिविर में इंसान की मूल आवश्यकताओं, संबंधों, और आत्मिक समृद्धि पर सारगर्भित चर्चा की गई। शिविर के प्रबोधक राजेश बहुगुणा (ऋषिकेश) ने बताया कि आज के युग में हम जितना साधनों और सुविधाओं को इकट्ठा कर रहे हैं, उतना ही प्रेम, विश्वास और सम्मान जैसे मानवीय मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं। भोजन, वस्त्र और आवास जैसी भौतिक आवश्यकताएं निश्चित हैं, लेकिन प्रेम, विश्वास, सम्मान और समझ जैसी भावनात्मक आवश्यकताएं असीमित हैं और इनकी पूर्ति ही सच्चा सुख है। आयोजन में स्वप्निल बरया, बलजीत सलूजा, विवेक चोपरा, कैलाश अगरवाल और डॉ. सौरभ देवलिया का सराहनीय सहयोग रहा।

# आंधी से गिरा पेड़, मकान व दुकान ध्वस्त

**ललितपुर, 04 मई (तरूणमित्र)**। शनिवार को तेज आंधी चलने के कारण कस्बा जाखलौन में रहने वाले थाने के पास शहादत अली पुत्र रहमत अली जो कि अपने परिवार के साथ निवासरत हैं और मकान के बाहर डिब्बा रखकर दुकानदारी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करते हैं।

तेज आंधी व हवा के चलते पेड़ गिरने से उक्त डिब्बा व मकान क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे अब उक्त परिवार भुखमरी की कगार पर आ पहुंचा है। पेड़ गिरने से जहां एक ओर उसका मकान और उसमें रखी गृहस्थी बर्बाद हो गयी, तो वहीं दुकान पर पेड़ गिरने से आय का



जरिया भी समाप्त हो गया।

बताया जा रहा है कि शहादत अली के चार लड़की व एक लड़का है और वह स्वयं ड्राइवरी करके बच्चों का पालन पोषण करता है। इस हादसे में उसका लगभग 2 से 3 लाख का नुकसान हुआ है कोई भी जनहानि नहीं हुई। पीडित परिवार ने जिला प्रशासन से मौके पर जांच कराकर आर्थिक सहायता दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटन जागरूकता के लिए विशेष कैम्प कल

**झांसी, 04 मई (तरूणमित्र)**। उप्र पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन नीति-2022 के वृहद स्तर पर प्रचार व जागरूकता अभियान के क्रम में 05 मई को जिला उद्योग कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में सुबह 11:30 बजे कैंप लगाया जाएगा, जिसमें प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। पर्यटन विभाग का प्रयास है कि गंतव्य स्थलों के साथ-साथ एनएच, एसएच सहित अन्य प्रमुख मार्गों के किनारे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वे साइड एमिनिटीज जैसे ढाबा, होटल में भव्य पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि मार्ग में पड़ने वाली इन इकाइयों में पर्यटक उच्चस्तरीय सुविधाओं का लाभ ले सकें। कैंप में पर्यटन, उद्योग, राजस्व अधिकारी, जीएसटी अधिकारी, विकास प्राधिकरण के अधिकारी, व्यापार एवं उद्योग मंडल के अध्यक्ष सहित होटल मालिक, ढाबा संचालक सहित अन्य निवेशक हिस्सा लेंगे। इन्हें पर्यटन नीति-2022 के लाभों से अवगत कराया जायेगा।

### भाजपा जिलाध्यक्ष का किया सम्मान

**झांसी, 04 मई (तरूणमित्र)**। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल का स्वागत और सम्मान बजरंग कॉलोनी निवासी अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के बुंदेलखंड अध्यक्ष भाई अवधेश निरंजन के निज निवास पर महानगर इकाई के द्वारा फूल माला और बुके भेंट कर किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि हम हमेशा समाज हित में कार्य करने के लिए तत्पर है, और जब भी समाज को हमारी जरूरत महसूस होगी हम हमेशा समाज के साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर डॉ बी के निरंजन, विनोद निरंजन, वीरेंद्र निरंजन, आनंद पटेल, लोकेंद्र पटेल, सुरेंद्र प्रकाश निरंजन, रामकिशन निरंजन, मधुकर निरंजन, ज्ञान प्रकाश गौड़, राघवेंद्र सिंह निरंजन, हिमांशु पटेल, नरेंद्र पटेल, डॉक्टर शिवकुमार कटियार, पंकज निरंजन, डॉक्टर बीके सिंह, डा कुलदीप निरंजन, अभिलाषा निरंजन, ममता निरंजन आदि लोग मौजूद रहे। अवधेश निरंजन ने आभार व्यक्त किया।

### जाति तोड़ो - बहुजन समाज बनाओ सम्मेलन में मौजूद रहे दिग्गज

**झांसी, 04 मई (तरूणमित्र)**। राष्ट्रीय चौधरी महासभा के तत्वावधान में बुंदेलखंड स्तरीय जाति तोड़ो- बहुजन समाज बनाओ भाई चारा महासम्मेलन कुंज वाटिका तालपुरा में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि बृज लाल खाबरी पूर्व सांसद, डॉ चन्द्रपाल यादव पूर्व सांसद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, डॉ रामादीन बौद्धाचार्य, का कार्यक्रम आयोजक अध्यक्ष एड महेश रिछारिया बबलू ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने बहुजन समाज बनाओ पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि विजय कुशवाहा, रविन्द्र नगरा, उदयभान अहिरवार पूर्व पार्षद, आर. के. अहिरवार, राजू राजगढ़, कमल दोहरे, चौधरी जयाश्री, अतुल कुमार गौतम, नरेन्द्र नीलू, राजा खान, चन्द्र शेखर आजाद अज्जू , राजेन्द्र दुरखुरु, डॉ अमर सिंह सिंघानिया, रजनीश स्वामी, एड राजेश बौद्ध, आशीष रायकवार पार्षद, प्रभुदयाल आदिम, अजय जाटव, हरचरण लाल बौद्ध, काशीराम बौद्ध, देश राज रिछारिया, रणजीत सिंह गौतम, आशीष विनायक, देव भइया, डॉ मोती लाल वर्मा, सुन्दर सिंह शास्त्री, जगदीश बाबू आदि मौजूद रहे। महेश रिछारिया ने आभार व्यक्त किया।

# रोटी बैंक सोसाइटी ने ग्रामीणों को बांटी कापी और किताबें

## महुआ ब्लाक के ग्राम गोविंदपुर में हुआ आयोजन

**बांदा, 04 मई (तरूणमित्र)**। रविवार को बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज,मनु बंसल के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य महेन्द्र पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान राधे पाल ग्राम गोविन्दपुर ब्लॉक महुआ तहसील नरैनी जनपद बांदा की उपस्थित में शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़े, किताबें,जूते चप्पल,पर्स आदि का वितरण जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को नशामुक्ति,जल संरक्षण तथा उनके



कानूनी अधिकार के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के उपाध्यक्ष मुईनुद्दीन फारूकी और सचिव मोहम्मद इदरीश के द्वारा जागरूक किया गया।

उक्त कपड़े,किताबें, जूते चप्पल आदि पाकर ग्राम वासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआएं आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में अध्यक्ष रिजवान अली मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दन नाका,अलीमुद्दीन आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## श्रीराम कथा के पांचवें दिन हुआ श्रीराम के वनवास कथा का वर्णन

**तिंदवारी (बांदा), 04 मई (तरूणमित्र)**। तिंदवारी क्षेत्र के ग्राम मिरगहनी में सिद्ध पीठ श्री 1008 श्री वंशदास बाबा महाराज के प्रांगण में आयोजित 9 दिवसीय संगीतमयी दिव्य श्री राम कथा के पांचवें दिन रविवार को प्रभु श्री राम के वनवास कथा का वर्णन हुआ। जहां श्री राम के राज तिलक से वनवास तक की कथा सुनायी सुनाई गई। कुरसेजा धाम से आए कथा व्यास लोकेंद्र दास जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम दशरथ के चार पुत्र में सबसे बड़े पुत्र थे।

श्री राम अपने पिता की हर बातों का पालन करते थे। चारों भाइयों में सबसे बड़े होने के नाते राम को राजपाठ का भी बहुत ज्ञान था। हर समय अपने पिता दशरथ का हाथ बंटाते थे। जैसे-जैसे प्रभु राम बड़े हुए तो दशरथ के मन में एक ही बात थी, कि मैं अपने जीते-जीते राम को आयोध्या का राजा बना कर राज तिलक कर दूं। राजा दशरथ ने अपने राज्य में युवराज राम को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। पूरी आयोध्या नगरी प्रभु श्री राम के राज तिलक को उतावली थी।

इसी बीच माता कैकई ने राजा दशरथ से वरदान मांगते हुए श्रीराम को वनवास भेजने व भरत का राज तिलक करने की बात कही। जैसे ही राजा महल से निकल दरबार में आए तो उन्होंने राज तिलक के स्थान पर प्रभु श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास दे दिया। स्वामी लोकेंद्र दास महाराज जी ने कहा कि श्री राम बिना कुछ सवाल किए अपने पिता राजा दशरथ की बातों को सुन वनवास के लिए जाने लगे। इसी बीच माता सीता और भाई लक्ष्मण भी उनके साथ वनवास के लिए निकल गए।

# रोज स्कूल आएं, कड़ी मेहनत कर अपना लक्ष्य प्राप्त करें : बीईओ

## मऊ कंपोजिट विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

कोंच/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। विकास खंड नदीगांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊ कंपोजिट में खंड शिक्षा अधिकारी नदीगांव दिग्विजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित वार्षिकोत्सव/पुरस्कार वितरण समारोह एवं शारदा संगोष्ठी में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुमित यादव ने की, विशिष्ट अतिथि पूर्व एआरपी प्रमोद गुप्ता और पूर्व प्रधानाध्यापक लाखन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ नदीगांव इंद्रपाल सिंह गुर्जर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम मनोहर पटेल, पूर्व एआरपी महेवा राज कुमार, एससी-एसटी के जिला संरक्षक देवेंद्र जाटव, एसएमसी के अध्यक्ष चंद्र शेखर तिवारी रहे। मां सरस्वती के चित्र का पूजन कर अतिथियों ने कार्यक्रम को गति प्रदान की। बीईओ दिग्विजय सिंह ने कक्षा 1 से लेकर 8 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार पाने वाले बच्चों के चेहरों की खुशी देखने लायक थी। बीईओ ने सभी बच्चों को शुभाशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा, कड़ी मेहनत करके ही कोई मुकाम हासिल किया जा सकता है। बच्चे रोज स्कूल आएं, मन लगा कर पढ़ें और आगे चलकर देश व समाज की सेवा में अपनी भूमिका तय करें। संचालन शिक्षक संजय सिंघाल ने किया।

इस दौरान साकेत बिहारी, फूल सिंह, शिव शंकर सिंह गुर्जर, सुरेंद्र निरंजन, राजेश सविता, सर्वेश शर्मा, अमित गौतम, रवि करण, अमित गुप्ता, रामसिया, अजमेर सिंह गुर्जर, भानु यादव, लारेंस गौतम, लल्ला सिंह, प्रधानाध्यापिका नीतू यादव, नाथूराम बौद्ध, अरविंद खाबरी, राम अनुग्रह सिंह गुर्जर, देवेंद्र वर्मा, गिरीशचंद्र स्वर्णकार, कमलेश कुमार, गंगा देवी, किशोरी देवी, शिवकुमार तिवारी, राजेंद्र कुमारी आदि रहे।

# डिग्री क्लासेज के बच्चों ने सीखे पुलिसिंग के तौर-तरीके

कोंच, 04 मई (तरूणमित्र)। कस्बे के डिग्री क्लासेज के छात्र-छात्राओं ने करीब एक महीना पुलिस अधिकारियों के सानिध्य में गुजारा और पुलिसिंग के तौर-तरीके सीखे। उनको न केवल किताबी बातें बताई गई बल्कि फील्ड में ले जाकर ऑन स्पॉट जानकारियों से भी अवगत कराया गया। शिक्षण-प्रशिक्षण का टाइम पूरा होने के बाद रविवार को सीओ और कोतवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए। सीओ परमेश्वर प्रसाद ने कहा, एक महीने में जो कुछ भी इन विद्यार्थियों ने सीखा है उसका उपयोग आने वाले समय में वे लक्ष्य निर्धारण में कर सकते हैं। विद्यार्थियों में अगर सीखने की ललक है तो उनके लिए असंभव कुछ भी नहीं है।

स्पेल प्रोग्राम के अंतर्गत पहली अप्रैल से तीस अप्रैल तक कस्बे के दो महाविद्यालयों सूरज ज्ञान महाविद्यालय और मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के नौ बच्चों ने रोजाना कोतवाली जाकर पुलिसिंग के तौर-तरीके सीखे। मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स द्वारा चलाए गए इस कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के इतर प्रोफेशनल लाइफ के बारे में ज्ञानार्जन कराना है। डिप्टी एसपी



**● सीओ और कोतवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को दिए प्रमाण पत्र**

के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडे, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लू राम, निवर्तमान एसएसआई अभिलाष मिश्रा, एसआई राजकुमार, एसआई नितीश कुमार, एसआई संदीप दीक्षित, एसआई संतराम कुशवाहा आदि ने इन विद्यार्थियों को पुलिस कार्यशैली के बारे में बेसिक जानकारी दी, उन्हें नए कानूनों की जानकारी देने के साथ ही अपराधों की रोकथाम, अपराध कारित होने के बाद पुलिस के काम काज के तौर-तरीकों के बाबत बताया गया। समय-समय पर इन विद्यार्थियों को घटनास्थल पर ले जाकर ऑन स्पॉट पुलिस गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गई। रविवार को सभी नौ विद्यार्थियों सूरज ज्ञान के अनुराग मिश्रा, समर्थ वाजपेयी तथा मथुरा प्रसाद के सौम्या बबेले, प्रतिज्ञा उपाध्याय, ज्योति कुशवाहा, मोहम्मद रजा और शिवांश तिवारी को पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद तथा प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडे ने प्रमाण पत्र देकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का हुआ उद्घाटन

जैतपुर(महोबा), 04 मई (तरूणमित्र)। जनपद महोबा के विकासखंड जैतपुर में कमला मार्केट स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का आज भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चक्रपाणि त्रिपाठी (कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष), ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत, ग्राम प्रधान रामपुरा रामकुमार पटेल एवं अमित तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। केंद्र के संचालक भुनेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि यह केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट स्थित है तथा यहाँ हृदय रोग, मधुमेह (डायबिटीज) सहित कई सामान्य बीमारियों की दवाएं बेहद रियायती दरों पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, रोगियों की आवश्यकता अनुसार कई प्रकार के स्वास्थ्य उपकरण भी उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। चतुर्वेदी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस जनहितकारी सेवा का लाभ अवश्य उठाएं और एक बार केंद्र की सेवाओं का अनुभव प्राप्त करें। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्देश्य आम जनता को गुणवत्ता युक्त दवाएं कम लागत पर उपलब्ध कराना है, जिससे चिकित्सा व्यय में कमी लाई जा सके और सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचे।

### किशोरी को भगा कर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

कोंच/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। कस्बे के नदीगांव रोड निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 27 अप्रैल को एक बजे उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को विष्णु नाम का युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी बेटी का अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका है। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी विष्णु के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

### शातिर एटीएम हैकर चढ़ा पुलिस के हत्थे

मौदहा हमीरपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। कस्बे के अलग अलग एटीएम से आएदिन कार्ड बदलकर होने वाली टप्पेबाजी ने पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगा दिया था जिसके बाद पुलिस ने हैकर्स की तलाश शुरू कर दी थी और रविवार तड़के पुलिस ने नेशनल हाईवे पर लगे एटीएम से एक बाहरी जनपद के हैकर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से लगभग तीन दर्जन एटीएम कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किया है। रविवार तड़के कस्बे के बाहर नेशनल हाईवे पर बड़े चौराहे पर लगे हिटाची कम्पनी के एटीएम से जनपद जालौन के कालपी थानाक्षेत्र के हीरापुर निवासी मनमोहन सिंह पुत्र कालीचरण को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी के पास से 34 अलग अलग बैंकों के एटीएम कार्ड,एक मोबाइल फोन, एक पैनकार्ड, एक फाईवीकोल और पांच सौ से अधिक रुपये बरामद किए हैं।आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। बताते चलें कि कस्बे के अलग अलग एटीएम से आएदिन कार्ड बदलकर रुपये निकलने के मामले सामने आ रहे थे जिससे आमजन भयभीत था इसी को लेकर पुलिस ने अपना जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी के गिरफ्तार होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

### गस्त करते सियार से टकराकर बाइक सवार दो सिपाही गंभीर घायल, रेफर

मौदहा हमीरपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। महोबा जनपद के थाना खन्ना में तैनात दो सिपाही बाईक से गश्त करते समय राजमार्ग पर सियार से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें मुख्यालय रेफर कर दिया गया। इधर बिवार मार्ग पर एक बाइक सवार के सड़क पर गिर घायल होने के बाद सरकारी अस्पताल से मुख्यालय रेफर कर दिया गया। जनपद महोबा के थाना खन्ना में तैना सिपाही अमित कुमार 36 वर्ष पुत्र रामबाबू व राहुल 34वर्ष पुत्र देवराज शनिवार की रात बाईक द्वारा नेशनल हाईवे पर ग्रस्त कर रहे थे तभी अचानक सड़क पर आए सियार से टकराकर उनकी बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिन्हें नेशनल हाइवे अथॉरिटी की एंबुलेंस की मदद से गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उनकी हालत नाजुक देख उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें मुख्यालय रेफर कर दिया। इधर थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम खड़ेही लोधन निवासी धर्मेंद्र 21 वर्ष पुत्र राम लखन बीती रात मौदहा से एक वैवाहिक कार्यक्रम से सम्मिलित होकर अपने गांव लौट रहा था तभी बिवांर मार्ग पर संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे लहू लुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

# विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का आयोजन 16 व 27 मई को

उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। तहसीलदार/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण तहसील कालपी ने विधिक साक्षरता शिविर/जागरूकता कार्यक्रमो के सम्बंध में बताया कि सचिव/न्यायाधीश कार्यालय जिला सेवा प्राधिकरण जालौन स्थान उरई के पत्र दिनांक 28-04-2025 के द्वारा माह मई 2025 में विधिक सेवा कार्यक्रमों/विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन हेतु तहसील कालपी के ग्राम बबीना के प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय में दिनांक 16-05-2025 को अपरान्ह 2 बजे शिक्षा का अधिकार/महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता (सेनेटरी नैपकिन) के प्रति जागरूकता/महिला संरक्षिकरण तथा महिलाओं का संरक्षण अधिनियम/पॉश एक्ट की जानकारी एवं दिनाँक 27-05-2025 को अपरान्ह 2 बजे ग्राम हैदलपुर के प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय में पशु क्रूरता से संरक्षण अधिनियम/नालसा/सालसा की योजनाएँ एवं भरण पोषण अधिनियम/लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम और किशोर न्याय विधि/पॉश एक्ट की जानकारी व प्रचार-प्रसार के विषय पर आयोजन किया जाना है।

# शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण की नींव: सांसद

जालौन/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। मेधावी छात्र न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का गौरव होते हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन हमें यह विश्वास दिलाते हैं कि देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। यह बात बीते दिन मथुरा देवी बालिका इंटर कॉलेज में मेधावियों के सम्मान में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद नारायणदास अहिरवार ने कही।

मथुरा देवी बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले मेधावियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर मौजूद क्षेत्रीय सांसद नारायणदास अहिरवार ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को

**● मथुरा देवी बालिका इंटर कॉलेज में मेधावियों को किया गया सम्मानित**

सम्मानित करना न सिर्फ उनके उत्साहवर्धन का माध्यम है, बल्कि अन्य छात्रों को भी प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण की नींव है। वह सभी सम्मानित छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते है और उनके अभिभावकों व शिक्षकों को भी बधाई देते हैं, जिनके मार्गदर्शन से मेधावियों की सफलता संभव हुई है। प्रधानाचार्या शिल्पी गुबरेले ने बताया कि हाईस्कूल में राजेंद्र पाल ने 93.57 प्रतिशत अंक पाकर नगर में पहला स्थान प्राप्त किया। राजेंद्र पाल ने गणित विषय में में 100 में 100 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा सुमित कुमार व दीपशिखा ने भी 90 फीसदी से अधिक अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीराम पाल, संचालक संतोष तिवारी, पाल बघेल विकास महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल, रंजीत कुमार, महेश विश्वकर्मा, गजराज सिंह सेंगर, मलखान सिंह सेंगर, डॉ. विवेक दीक्षित, धर्मसिंह पाल,राममोहन सेंगर, आदर्श मिश्रा, राजन द्विवेदी, अवनीश तिवारी, मेहेर, सुंदरम, निहाल, रघुवीर, वर्षा, सौम्या, स्वीटी, अर्पिता, आदि मौजूद रहे।

# न्यायालय ने चार लोगों को किया तलब

जालौन/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद के बाद आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जब मामला दर्ज नहीं किया तो पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय परिवाद दर्ज कर चार लोगों को तलब किया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चैधरयाना निवासी आकाश सोनी ने बताया कि 13 अगस्त 2023 को रात करीब 10 बजे वह अपनी गाड़ी मकान के दरवाजे के पास खड़ी कर रहा था। उसी समय राम खिलावन, प्रीतम अरविंद व दीपक के साथ प्रिंस व विशाल आ गए। वह लोग उसे गाड़ी करने से मना करने लगे। जब उसने बताया कि वह अपने दरवाजे के सामने गाड़ी खड़ी कर रहा है। इस पर वह आपत्ति क्यों कर रहे हैं।

# शिक्षक ने प्राइवेट विद्यालयों की खोली कलई

उन्नाव, 04 मई (तरूणमित्र)। ग्रामीणों का दर्द छलका और जुबान सख्त हो गई जब औरास के रामपुर गढ़ौवा में शिक्षकों ने परिषद के सैकड़ों होनहार बच्चों को लेकर गांव में स्कूल चलो जागरूकता अभियान की रैली के साथ प्रवेश किया। बेसिक के बच्चों के मुस्कुराते और रोमांचित चेहरे देखकर सभी हतप्रभ रहे।




शिक्षक शिक्षिकाओं ने घर घर जाकर प्रत्येक ग्रामीण से उनके बच्चों के नामांकन संबंधी जानकारी जुटाई। कुछ अभिभावकों ने तो यहां तक बताया कि महीने भर पेट काटकर बच्चे का नाम प्राइवेट में लिखवाया लेकिन हालात और शिक्षा पहले से भी बदतर रही। कुछ बोले कि तीन महीने की फीस जमा करवा लेने के बाद अचानक जानकारी मिली कि स्कूल की मान्यता ही नहीं, अब ऐसे में गांव का मजदूर और किसान क्या ही करे। जिन अभिभावकों के बच्चे परिषद में नामांकित हैं उन्होंने विद्यालयों में बच्चो को मिलने वाली शिक्षा और सरकारी व्यवस्थाओं पर खुशी जाहिर की। एक अभिभावक ने कहा कि फसल इस बार अच्छी नहीं हुई इसलिए कॉपियां खरीदने में समस्या है लेकिन बच्चे को किताब मुफ्त में मिली इससे चिंता कम हुई, वहीं साथ में प्राइवेट विद्यालयों जा रहे दूसरे बच्चे को अभी तक किताबें भी न खरीद पाने पर दुखी हो गया। शिक्षकों ने आस पास चल रहे प्राइवेट विद्यालयों की हकीकत से भी ग्रामीणों को परिचित करवाया। अप्रशिक्षित व्यक्तियों को अध्यापक बनाकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किए जाने पर चिंता व्यक्त की। बहुत से विद्यालयों की मान्यता की जांच होने पर फर्जी चल रहे विद्यालयों को नोटिस दिए जाने की भी जानकारी शिक्षक प्रदीप वर्मा ने ग्रामीणों को दी। प्राथमिक और उच्च

**● स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत घर घर जाकर शिक्षकों ने की बातचीत, नामांकन बढ़ाने पर रहा जोर**

प्राथमिक विद्यालय दोनों के ही बच्चों ने स्कूल चलें हम, गीत पर अपनी प्रस्तुति देते हुए परिषद के विद्यालयों में म रही सुविधाओं से सभी को परिचित करवाया। बच्चों को जल्द ही परिषदीय विद्यालयों में नाम लिखवाकर उनके भविष्य सुधार पर चर्चा की। लड़कों की पढ़ाई पर ध्यान न देने और बेटियों के लिए अच्छा घर तलाशने पर शिक्षक ने ग्रामीणों से प्रश्न किया, पढ़ाई को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए शिक्षक ने कमजोर बुनियाद पर ऊंचे मकान नहीं बनते, की बात कही। रैली में शिक्षक डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा के साथ शशि देवी, शाहे खुबा, रमनजीत, आरती आदि रहे।

# मच्छरों ने लोगों का छीना सुख-चैन

उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। बदलते मौसम के कारण मुख्यालय मे मच्छरो की बाढ़ सी आ गई है। मच्छरो को लेकर आमजन परेशान नजर आ रहा है। हालत यह है कि मच्छरो की फौज ने लोगों की रात की नींद तथा दिन का चैन छीन कर रख लिया है। लोगो को पूरी पूरी रात मच्छरो के कारण करवटे बदलते निकल जाती है। मच्छरो ने लोगो का सुख चैन छीन रखा है। लेकिन पालिका प्रशासन एवं मलेरिया विभाग को मच्छरो की भनक तक सुनाई नही दे रही है।

जबकि मच्छरो के कारण आमजन परेशान हो रहा है। मुख्यालय मे मौसम के कारण मच्छरो की संख्या दिनो दिन बढनें के कारण आम जन बुरी तरह से परेशान है। मच्छरो की बढ़ती संख्या नागरिको के लिए सर दर्द बन रही है। मच्छरो से राहत के लिए चाहे मोर्टीन की क्वाइल जलाकर रखे या ऑल आउट इत्यादि उपकरण। किसी तरह लोग मच्छरो से अपना बचाव कर रहे हो। हालत यह होती है कि जब तक मोर्टीन जलती है। जो धुंआ होता तब तक मच्छरो से कुछ राहत रहती है। मोर्टीन की क्वाइल व धुंआ समाप्त होते ही मच्छर कानो पर गाना गाते हुए आक्रमण करने लगते है। मौसम के कारण नगर मे मच्छरो की भारी फौज तैयार हो गई है। हर व्यक्ति मच्छरो से परेशान है। लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा तथा मलेरिया विभाग द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके कारण मच्छरो की संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है। हालत यह हो रही है कि मच्छरो के माना गाने के कारण लोगो को रात भर जागरण कर उनका गाना सुनना पड़ रहा है। मच्छर के झुण्ड जब एक साथ आकर आक्रमण करते है तो अचानक सोते हुए भी लोग जाग जाते है।

# नाले पर हो रहे अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए एसडीएम को सौंपा पत्र

कोंच/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। तहसील क्षेत्र के ग्राम सदूपुरा निवासी ग्रामवासियों ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि ग्राम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे नाले पर वर्तमान प्रधान द्वारा अवैध कब्जा कर आरसीसी की दीवार नाले में बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है एवं चित्तरपुरा माइनर की मिट्टी का खनन कर नाला में भरवाई जा रही है।

मना करने पर उक्त प्रधान ग्रामवासियों को धमकी दी है कि तुम लोगों को जहां शिकायत करना है कर दो मैं नाले पर अवैध कब्जा करूंगा। ग्रामवासियों ने लेखपाल रमेश कुमार पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि लेखपाल द्वारा प्रधान से मिलकर नाले की गलत पैमाइश की है बल्कि नाले के उस पार मनोज पटेल पुत्र भगवान सिंह का खेत मौके पर खतौनी में दर्ज रकवे से कम है खेत व नाले की सही पैमाइश नहीं की है। ऐसी स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा मौका मुआयना कर सही पैमाइश की जाए और उक्त नाले पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया गया और पानी की निकासी नहीं होने पर हमारे खेतों की फसलें बर्बाद हो जायेगीं। ग्रामवासियों ने एसडीएम से मौके पर हो रहे नाले के अतिक्रमण हटाकर पैमाइश किये जाने की मांग की है। इस अवसर पर मनोज कुमार, गजेंद्र सिंह, गौरव कुमार, सौरभ, श्रीगोविन्द, कौशल, किशोर, धीरज कुमार, राजीव कुमार, राम कुमार आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मासूम पुत्री के साथ महिला छत से गिरी, मौत

जालौन/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। नगर के मुहल्ला नारो भास्कर में बीती शनिवार की रात टहलते समय संतुलन बिगड़ने से मासूम पुत्री के साथ महिला छत से नीचे गिर गई। हादसे में मां की मौत हो गई जबकि बेटी को गंभीर हालत में उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताते चलें कि बंगाल के जिला हुवकी ग्राम गंगाधरपुर निवासी आसिम अली पांच साल पहले पत्नी शेख अरबिया के साथ नगर में आया था। जो मुहल्ला नारो भास्कर में मुहम्मद जैद सिद्दीकी के मकान में किराए पर रहते था और ज्वैलरी का काम करता था। बताया गया है कि शनिवार की रात को अरबिया अपनी डेढ़ वर्षीय पुत्री इरबिक को गोद में लेकर छत पर टहल रही थी। इसी दौरान वह बच्ची समेत नीचे सीसी सड़क पर आ गिरी।

# बुआ भतीजे में पहले दोस्ती हुई फिर प्यार और मामला शादी तक जा पहुंचा


कोंच/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। आज के दौर में रिश्तों की मयार्दा तार-तार होना आम बात हो गई है। ऐसा ही सनसनीखेज प्रकरण रविवार को पुलिस के सामने आया जिसमें बुआ-भतीजे के बीच हुई दोस्ती कब प्यार में बदल गई और मामला शादी तक जा पहुंचा। युवती की मां ने अपनी बेटी को गांव के ही रिश्ते के एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को जब शिकायती पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की तो शादी का मामला खुल कर सामने आ गया। हैरान करने वाली बात यह है कि शादी हुए पूरे दो साल हो गए और उनके परिवार वालों को भनक तक नहीं लगी। युवती और युवक के बीच बुआ और भतीजे का रिश्ता है, पढ़ाई के दौरान दोनों में दोस्ती हुई और फिर फिर प्यार हो गया। सालों तक यह सिलसिला चलता रहा और जब दोनों बालिग हो गए तो आदर्श विवाह समिति झांसी से दोनों ने शादी कर ली जिसका सर्टिफिकेट भी उनके पास है।

मामले के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के चांदनी गांव की रहने वाली एक युवती और पड़ोस में ही रहने वाला रिश्ते में उसका भतीजा स्कूली पढ़ाई के दौरान साथ साथ पढ़ते थे जिससे दोनों में अच्छी दोस्ती थी। समय के साथ दोनों में प्यार परवान चढ़ गया लेकिन रिश्ते में बुआ भतीजे होने से दोनों को शादी न हो पाने का डर था। यह तब की बात है जब दोनों नाबालिग थे। बाद में जब वे बालिग हो गए तो दोनों ने किसी को कुछ बताए बगैर झांसी स्थित आदर्श विवाह समिति से 15 जून 2023 को विवाह कर लिया और गांव आकर अपने अपने घर में चुपचाप रहने लगे। अभी दो-तीन दिन पहले युवती के घर वालों को अचानक उनकी शादी की भनक लग गई तो वे आगबबूला हो गए और उन्होंने युवती को घर से निकाल दिया। ऐसी स्थिति में युवती अपने कथित पति के घर जा पहुंची जिसको लेकर युवती की मां ने बेटी के कथित पति पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दे दिया और कार्रवाई किए जाने की मांग की। मामले को लेकर कोतवाल विजय कुमार पांडे का कहना है कि जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। युवती को फिलहाल मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है।

# डॉ. एसके वर्मा आधुनिक चिकित्सा ज्ञान और सेवा भावना का संगम

(मनीष तिवारी)

उन्नाव, 04 मई (तरूणमित्र)। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता लंबे समय तक एक बड़ी चुनौती रही है। कभी सही विशेषज्ञ न होने की समस्या, तो कभी इलाज की पारदर्शिता और समर्पण पर प्रश्नचिह्न। लेकिन जब चिकित्सा सेवा में एक ऐसा नाम उभरकर सामने आता है जो इन सभी चुनौतियों का सधा हुआ समाधान बन जाए, तब वह केवल डॉक्टर नहीं रहता वह विश्वास का प्रतीक बन जाता है। डॉ. एस.के. वर्मा आज उन्नाव में वही प्रतीक बन चुके हैं। आवास विकास कॉलोनी स्थित कमलावती हॉस्पिटल में बैठने वाले डॉ. वर्मा सिर्फ रोगों का इलाज नहीं करते वे रोगी की आंखों में छुपी चिंता, परिवार की आशंका और एक आम इंसान की असुरक्षा को भी पहचानते हैं। उनके पास जाने वाला मरीज सिर्फ एक पर्ची और रिपोर्ट लेकर नहीं लौटता, बल्कि एक नयी ऊर्जा, नये विश्वास और स्वस्थ भविष्य



की उम्मीद लेकर लौटता है।

**तीव्र निदान, सटीक उपचार और संवेदनशील संवाद डॉ. वर्मा की विशेषता:** एमबीबीएस और एमडी की शैक्षणिक योग्यता के साथ डॉ. वर्मा ने चिकित्सा के क्षेत्र में जो अनुभव और दृष्टिकोण विकसित किया है, वह उन्हें विशिष्ट बनाता है। उनकी विशेषज्ञता विशेष रूप से पेट रोग, डायबिटीज, थायरॉइड, बीपी, पाचन तंत्र और मेटाबॉलिक डिसऑर्डर के क्षेत्र में है। लेकिन जो उन्हें बाकी डॉक्टरों से अलग करता है, वह है उनकी 'क्लिनिकल प्रजेंस' यानी मरीज के लक्षणों, स्वभाव, आदतों और जीवनशैली को समग्र रूप से पढ़ने और समझने की विलक्षण क्षमता।

डॉ. वर्मा मानते हैं कि ह्हर रिपोर्ट, हर बीमारी के पीछे एक कहानी होती है, और जब तक हम उस कहानी को नहीं पढ़ते, तब तक इलाज केवल आधा होता है। यही कारण है कि उनका हर परामर्श व्यक्तिगत और गहराई लिए होता है।

**कमलावती हॉस्पिटल: एक हॉस्पिटल नहीं, एक संस्था**

कमलावती हॉस्पिटल, जिसका नाम डॉ. वर्मा ने अपने परिवार की स्मृति में रखा, आज केवल इलाज का स्थान नहीं बल्कि एक चिकित्सा संस्था के रूप में कार्य कर रहा है। यहाँ रोगियों को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ भावनात्मक संबल भी मिलता है। परिसर स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सम्मानजनक है। हर वर्ग, हर आयु और हर परिस्थिति के मरीज के लिए यहाँ न केवल इलाज है, बल्कि समझ भी है।

**जनसेवा को चिकित्सा से जोड़ा:** डॉ. वर्मा नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते हैं, जहाँ वे दर्जनों मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवा उपलब्ध कराते हैं। उनका मानना है कि 'स्वास्थ्य सिर्फ सुविधा नहीं, अधिकार है। और डॉक्टर वह माध्यम है जो इसे जन-जन तक पहुँचा सकता है।'

कोरोना काल में जब अधिकांश चिकित्सक दूरी बनाकर चले गए थे, डॉ. वर्मा अपनी टीम के साथ फ्रंटलाइन पर डटे रहे। उन्होंने न सिर्फ मरीजों का इलाज किया, बल्कि प्रशासन के साथ मिलकर दवा वितरण, होम आइसोलेशन की व्यवस्था और परामर्श सेवाएं भी चलाईं।

**समाज और प्रशासन में गहरी प्रतिष्ठा:** डॉ. वर्मा को जिला प्रशासन, स्थानीय मेडिकल एसोसिएशन और सामाजिक संस्थाओं द्वारा समय-समय पर सम्मानित किया गया है। पुलिस विभाग से लेकर न्यायिक अधिकारियों तक हर क्षेत्र के लोग उन्हें एक समझदार, गंभीर और सजग चिकित्सक के रूप में जानते हैं।

**मरीजों की नजरों में डॉक्टर से बढ़कर:** कमलावती हॉस्पिटल में इलाज करा चुके सैकड़ों मरीजों की राय एक समान है 'डॉ. वर्मा सिर्फ इलाज नहीं करते, वो उम्मीद देते हैं।' उनके पास आने वाले कई मरीजों ने पहले बड़े शहरों तक दौड़ लगाई, लेकिन जब समाधान नहीं मिला, तब डॉ. वर्मा ने बिना किसी घबराहट के उन्हें आराम दिया।

डॉ. एस.के. वर्मा आज उन्नाव के चिकित्सा क्षेत्र में वह नाम हैं, जिनके पास न तो दिखावे की भाषा है और न ही व्यावसायिक लोभ उनके पास है तो केवल एक डॉक्टर की वो दृष्टि, जो विज्ञान को सेवा से जोड़ती है।


# श्रीविष्णु महायज्ञ व श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ का हुआ शुभारंभ

कोंच/उरई, 04 मई (तरूणमित्र)। श्री श्री 108 संत श्री सरमनदास त्यागी महाराज के आश्रम, ग्राम पाडोरी में 51 कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महायज्ञ 4 मई 2025 से प्रारंभ होकर 12 मई 2025 तक चलेगा आयोजित कार्यक्रम में कथा प्रवक्ता बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत श्री सीताराम दास जी महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता निर्मोही अखाड़ा गोवर्धन यज्ञाचार्य, पंडित सोमदत्त शुक्ल वृंदावन धाम, रामकथा वाचक श्री श्री 108 महंत रणछोड़दास जी, महाराज लाल कोठी गोला घाट अयोध्या धाम यज्ञ पारीक्षित कुशल पाल सिंह पाडोरी भागवत पारीक्षित शैलेंद्र प्रताप सिंह पूर्व प्रधान पाडोरी इस पावन आयोजन के व्यवस्थापक गोविंद सिंह, नरसिंह महाराज, बब्बू राजा (कारस देव मंदिर) हरगोविंद बाबा एवं नाटी महाराज हैं। इस अवसर पर शर्मन दास जी महाराज, कुशल पाल सिंह, राजपाल सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अनंत पाल सिंह, नारायण दास, गोविंद सिंह, बाबू इंद्रभान सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, कुलदीप सिंह, कान्हा, वैभव प्रताप, भगवान सिंह, मुलायम, निरंजन, रणवीर, राजीव, महेंद्र पाल सिंह, शिवपाल सिंह, यश प्रताप सिंह, प्रभु दयाल, धीरेंद्र सिंह, शिवराज सिंह कुशवाहा सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह आयोजन भक्ति, ज्ञान और सामुदायिक सहयोग का अनूठा संगम साबित हो रहा है, जिसमें देशभर से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

# एक्सप्रेस-वे पर हादसाः कार सवार दो की मौत, तीन गंभीर

**मथुरा, 04 मई (तरूणमित्र)।** यमुना एक्सप्रेस वे पर मांट क्षेत्र में नोएडा से आगरा की तफर माइल स्टोन 98 पर रात के समय हुए भीषण सडक हादसे में दो कार सवार दो की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

हादसे के बाद रात में यमुना एक्सप्रेस वे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस बल और जेपी की क्रेन की मदद से दुर्घटना ग्रस्त वाहन को हटाया गया और घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक महिला और एक पुरुष को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन अन्य को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। मृतक और घायल सभी सफारी कार में सवार थे। सड़क हादसा रात को करीब पौने दो बजे गांव जाबरा के समीप हुआ। माना जा रहा है कि रात मे चालक को नींद की झपकी आने से कार किसी वाहन से टकरा गई। हालांकि घटना कैसे हुई इस बात की ठीक जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने मृतक और घायलों की पहचान सुनिश्चित कर ली है। कार में सवार प्रेम सिंह पुत्र रामवृक्ष निवासी गौर सिटी सी 1505 नोएडा, सूर्य सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी उपरोक्त को अनन्तकीर्ति हॉस्पिटल लक्ष्मी नगर मथुरा तथा पूजा पत्नी प्रेम सिंह, सुमित पुत्र सिकन्दर निवासी दरभंगा बिहार, रोशन पुत्र राजाराम निवासी रविदास गली विश्वास नगर नई दिल्ली पूर्वी हैं। सभी गंभीररूप से घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय मथुरा लाया गया जिसमें पूजा व सुमित को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सीओ मांट गुंजन सिंह ने बताया कि हादसे में दो की मौत हो गई और बाकी घायलों का इलाज चल रहा है। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सड़क किनारे किया गया है।



❑ मांट क्षेत्र में गांव जावरा के पास रात के समय हुआ हादसा

## टाटा कैंटर से 120 पेटी शराब पकड़ी

**मथुरा, 04 मई (तरूणमित्र)।** आबकारी टीम के साथ मिल कर थाना छाता पुलिस ने दो लोगों को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। 120 पेटी अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहन को पुलिस ने कब्जे में लिया है। एनएच 19 पर चौकिंग के दौरान आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम को यह सफलता मिली।

संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना के आधार पर रविवार को करीब करीब साढे आठ बजे कस्बा चौकी के आगे मन्दिर के सामने एनएच 19 से अजय कुमार पुत्र सन्तुराम निवासी कुदरिया मांगो थाना पारों जिला मुजफ्फरपुर बिहार व अजय कुमार पुत्र लागनराम निवासी कटारू फतेपुर थाना बेलसाड जिला वैशाली राज्य बिहार को पुलिस ने पकडा। पुलिस ने 110 पेटी रॉयल स्टेज (750एमएल) व 10 पेटी ब्लैंडर प्राइड (750 एमएल) अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का (कुल 120 पेटी) को बरामद किया। शराब की पेटियों को टाटा आईसर कैन्टर बीआर 06 जीवी 5116 में छुपाकर ले जाया जा रहा था।

इस संबंध मेंआबकारी अधिनियम में थाना छाता पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना छाता, निरीक्षक अपराध अमित चौहान थाना छाता, आबकारी निरीक्षक अंजली शर्मा मय टीम मथुरा। एसआई चन्द्रवीर सिंह थाना छाता, एसआई हुकम सिंह थाना छात आदि पुलिसकर्मी थी।

## नगर निगम ने कब्जाई बिना नोटिफिकेशन यूनिवर्सिटी की जमीन

**अलीगढ़, 04 मई (तरूणमित्र)।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की जमीन जिस तरह नगर निगम ने बिना किसी नोटिफिकेशन के कब्जाई है वो गैर कानूनी है, क्यूँकि पिछले 80 सालों से यूनिवर्सिटी उस जमीन पर मालिकाना हक रखती है और तमाम कागजात और सबूत यूनिवर्सिटी के पास मौजूद हैं। ये एक सेक्युलर इरादा है जो की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्व योगदान दे रहा है, इसलिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को मिनी इंडिया के नाम से सम्भोदित किया था और चूँकि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी केंद्र शासित यूनिवर्सिटी है जिसकी हर एक जानकारी केंद्र सरकार के पास मौजूद है, लिहाजा हम इस जमीन कब्जे की निंदा करते हैं और जो भी लोग इदारे के इस साजिश में लिप्त हैं उन्हें भी जवाब देना पड़ेगा क्यूँकि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से ताल्लुक रखने वाला हर शक्स इस इदारे को अपनी मादरे गारसगाह समझता है जिसके हक को पाने के लिए हर तरीके से तैयार है।



# एक राष्ट्र, एक चुनावः लोकतंत्र को स्थायित्व देने वाला कदमः अरुण

**मथुरा, 04 मई (तरूणमित्र)।** देश में चुनाव सुधार की दिशा में केंद्र सरकार की श्एक राष्ट्र, एक चुनावश नीति को लेकर शनिवार को गोवर्धन के गुरु कृपा गार्डन, पुराना सौंख बाईपास रोड पर एक प्रबुद्धजन समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, विधायक मेघ श्याम सिंह ठाकुर और महापौर विनोद अग्रवाल एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण सिंह ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' कोई राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में लिया गया दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने कहा कि बार बार होने वाले चुनावों से न केवल शासन प्रक्रिया बाधित होती है, बल्कि समय और संसाधनों की भी भारी बबार्दी होती है। इस प्रणाली से देश को स्थिर और विकासोन्मुख प्रशासन मिलेगा। विधायक मेघ श्याम सिंह ठाकुर ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों में सरकारी मशीनरी जैसे शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल बार-बार व्यस्त हो जाते हैं, जिससे विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।




❑ हरिशंकर राजू यादव बोले देश को चाहिए एकजुट लोकतांत्रिक सोच

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा से नीति निर्माण और योजनाओं के क्रियान्वयन में निरंतरता बनी रहेगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि यह प्रणाली राजनीतिक स्थायित्व की दिशा में एक बड़ा सुधार है। इससे जनता को बार-बार मतदान की प्रक्रिया में शामिल होने की असुविधा नहीं होगी और सरकारें पूरे कार्यकाल तक विकास लक्ष्यों पर केंद्रित रह सकेंगी। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र राणा ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कारिंदा सिंह हीरा सिंह कुंतल पूर्व महापौर डॉ मुकेश आर्य बंधु पूर्व जिला अध्यक्ष डीपी गोयल पूर्व ब्लाक प्रमुख पन्नालाल गौतम संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी रामकिशन पाठक हरिओम शर्मा अंकुर अग्रवाल मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा विजय शर्मा यज्ञ दत्त कौशिक दीपक गोला नितिन चतुर्वेदी कपिल पटेल विनीत शर्मा अंकुर गुर्जर बृजेश अहेरिया हनुमान गुर्जर मंडल अध्यक्ष कान्हा शर्मा प्रकाश गौड़ करतार सिंह हाकिम सिंह टीटू जितेन्द्र वार्ष्णेय नितिन कौशिक लोकेश निषाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न-डीएम

**मैनपुरी, 04 मई (तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट यू.जी.-2025 परीक्षा आज जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर शान्ति पूर्वक सम्पन्न संपन्न हुई, परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं विघ्न रहित संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 01-01 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किया गया था इसके अतिरिक्त 10 परीक्षा केन्द्रों को 03 सेक्टर में विभाजित कर 01-01 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे, तैनात स्टैटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट निरंतर परीक्षा अवधि में भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने भी परीक्षा के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय, नेशनल डिग्री कॉलेज भोगांव, कुं. आर.सी कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज, श्री गंगा सहाय कन्या इंटर कॉलेज के परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय भ्रमण कर जायज लेते हुए केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट से कहा कि एन.टी.ए. के निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कर परीक्षा को शांतिपूर्ण, विघ्न रहित सम्पन्न करायें, जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 2910 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2833 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 77 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।




## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत

**अलीगढ़, 04 मई (तरूणमित्र)।** थाना गांधी पार्क क्षेत्र के भदेशी पुल पर ट्रक चालक ने बाइक सवार दो मोसेरे भाइयों को टक्कर मार दी, इस हादसे में 20 वर्षीय जुबैर की मौके पर मौत हो गई व उनका 17 वर्षीय मोसेरा भाई रिहान गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के भुजपुरा निवासी जुबैर पीतल पालिश का काम करते थे। वे अपने मोसेरे भाई रिहान के साथ ननिहाल जा रहे थे। भदेशी पुल पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने दिल्ली-कानपुर नेशनल हाईवे पर करीब दो घंटे तक जाम लगाए रखा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। मृतक के चाचा सलीम ने बताया कि रिहान इंटर का छात्र है, उसकी हालत नाजुक बनी हुई है, उसे मेडिकल में भर्ती कराया गया है।

## ट्रेन में टैक्स चोरी का पकड़ा लाखों का माल

**अलीगढ़, 04 मई (तरूणमित्र)।** रेलवे जंक्शन पर शनिवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली से आने वाली एक पैसेंजर ट्रेन में लाखों रुपये का माल टैक्स चोरी करके लाया जा रहा था। आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) और सेल्स टैक्स विभाग की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और करीब 50 लाख रुपये से ज्यादा कीमत का सामान जब्त कर लिया। पकड़े गए सामान में महंगे कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स और कई अन्य कीमती चीजें शामिल हैं। ये माल दिल्ली के बाजारों से बिना जीएसटी और सेल्स टैक्स चुकाए खरीदा गया था। इसे अलीगढ़ व आसपास के इलाकों में बेचने की योजना थी। माल की पैकिंग इतनी चालाकी से की गई थी कि आम यात्री को शक न हो, लेकिन यात्री की सूचना ने इसे पकड़वा दिया। एक यात्री ट्रेन में सफर कर रहा था। यात्री ने मामले की जानकारी रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद आरपीएफ व सेल्स टैक्स विभाग की टीमें हरकत में आईं। अलीगढ़ जंक्शन पर ट्रेन रुकते ही प्लेटफॉर्म नंबर एक पर छापेमारी शुरू हो गई। ट्रेन में तलाशी के दौरान भारी मात्रा में टैक्स-फ्री माल बरामद हुआ।

# पहलगाम में मारे गये लोगों की आत्मशांति को किया हवन



**मथुरा, 04 मई (तरूणमित्र)।** चौमुहां में रविवार सुबह छटीकरा के श्री ख्याली धाम गेस्ट हाउस पर कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की आतंकियों द्वारा हत्या कर दी गयी थी, मृतकों की आत्मशांति हेतु हवन किया जिसमें पंडित सत्यदेव शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण कर हवन को सम्पन्न कराया गया। इसके बाद दिल्ली से आये हुये अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच के राष्ट्रीय संयोजक श्री रमेश राघव जी का जोरदार स्वागत किया। राघव जी ने आतंकियों की निंदा करते हुये समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने पर बल दिया तथा लोगों से अपने-अपने बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा दिलवाने और नशा से बचने को कहा। मथुरा में जल्दी ही एक बड़ा प्रोग्राम करने की बात कही जिसका सभी लोगों ने समर्थन किया। क्षत्रिय मंच के जिला अध्यक्ष अशोक प्रताप सिंह ने संगठन की मजबूती पर बल दिया और गांव गांव जाकर लोगों को संगठन से जोड़ने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से रमेश राघव, अशोक प्रताप सिंह, अवनीश सिंह, बिहारी लाल, भगवान सिंह दरोगा, रामकिशोर राजावत,अमित कुमार राजावत, ठा. बलवीर सिंह, सत्यदेव शर्मा, कृष्णा सिंह, रूपेश, कान्हा, ऋषभ चौहान, मुकेश सिसोदिया आदि लोग मौजूद रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**मथुरा, 04 मई (तरूणमित्र)।** थाना कोसीकलां पुलिस ने युवक को मोटरसाइकिल चोरी और नशीला पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने एक मोटर साइकिल व195 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया है। अभियुक्त के खिलाफ थाना कोसीकला पर एक साल से भी कम समय में आधा दर्जन चोरी के मुकदमे दर्ज हुए हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल थाना कोसीकलां, एसआई अमरपाल तोमर चौकी प्रभारी शाहपुर थाना कोसीकलां, एसआई उत्तम चौहान चौकी प्रभारी जिंदल चौराहा थाना कोसीकलां, एसआई अंकित मलिक चौकी प्रभारी बठैन गेट थाना कोसीकलां आदि थे। चौकिंग के दौरान अभियुक्त तालिम पुत्र हाकिम निवासी गांव खेडला थाना बिछोर जिला नूंह मेवात हरियाणा उम्र करीब 20 वर्ष को नई कोसी कामर सडक पर मसान घाट से करीब 80 कदम कोसीकला की तरफ सर्विस रोड पर से 195 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम व चोरी की एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया।

## पेज 1 का शेष...

### 'आउटसोर्सिंग सेवा निगम'...

भी अवसर मिलेगा। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे महिलाओं को रोजगार की न केवल समान अवसर मिलेगा, बल्कि उनकी सामाजिक स्थिति में भी सुधार होगा। निगम ने महिला कर्मचारियों के लिए 180 दिनों का मातृत्व अवकाश देने का प्रावधान किया है, जो केवल दो बच्चों तक सीमित रहेगा। इसके अलावा, विधवा कर्मचारियों को 1000 रुपये से लेकर 2900 रुपये तक की आजीवन पेंशन भी दी जाएगी। यह कदम उन महिलाओं के लिए राहत लेकर आएगा जो अपने जीवन के कठिन दौर से गुजर रही हैं और जिन्हें परिवार का पालन-पोषण करना होता है।

### 1984 में जो हुआ वह...

भारत में सिख समुदाय के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं और उनके साथ प्रेमपूर्ण संबंध हैं। बातचीत के वीडियो के इस हिस्से को टैग करते हुए, भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को कहा, एक युवक राहुल गांधी से उनके सामने यह कहता है, उन्हें उस निराधार भय फैलाने की याद दिलाता है जो उन्होंने अपनी पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान किया था। मालवीय ने कहा, यह काफी अभूतपूर्व है कि राहुल गांधी का अब न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में उपहास किया जा रहा है। भाजपा ने उसी बातचीत में भगवान राम को एक पौराणिक व्यक्ति कहने के लिए भी गांधी पर हमला किया। बातचीत के दौरान, राहुल गांधी ने कहा था, सभी महान राजनीतिक विचारक, समाज सुधारक, गुरु नानक, कर्नाटक में बसव, केरल में नारायण गुरु, फुले, गांधी, आंबेडकर को आप एक धारा देखते हैं। इनमें से कोई भी कट्टर नहीं है। इनमें से कोई भी व्यक्ति यह नहीं कह रहा था - हम लोगों को मारना चाहते हैं, हम लोगों को अलग-थलग करना चाहते हैं, हम लोगों को कुचलना चाहते हैं, चीजों को एक विशेष तरीके से किया जाना चाहिए। ये सभी लोग, किसकी आवाज हैं? हमारे संविधान में अनिवार्य रूप से वही बात कही गई है, जो सबको साथ लेकर चलती है- सत्य और अहिंसा। कांग्रेस नेता ने कहा, यह मेरे लिए भारतीय परंपरा और भारतीय इतिहास का आधार है। मैं भारत में एक भी ऐसे व्यक्ति को नहीं जानता, जिसे हम महान मानते हैं, जो इस प्रकार का नहीं था। हमारे सभी पौराणिक व्यक्तित्व, भगवान राम उस प्रकार के थे, जहां वह क्षमाशील थे, दयालु थे। इसलिए, भाजपा जो कहती है, मैं उसे बिल्कुल भी हिंदू विचार नहीं मानता। मैं हिंदू विचार को बहुत अधिक बहुलवादी, बहुत अधिक अपनत्व वाला, बहुत अधिक स्नेही, बहुत अधिक सहिष्णु और खुला मानता हूं।

उन्होंने यह भी कहा था कि हर एक राज्य और हर समुदाय में ऐसे कई लोग हैं जो उन विचारों के लिए खड़े हुए, उन विचारों के लिए जिए और उन विचारों के लिए मर गए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था, गांधी जी उन लोगों में से एक हैं, शायद आधुनिक समय में सर्वश्रेष्ठ...मेरे हिसाब से लोगों के प्रति नफरत और गुस्सा, डर की वजह से आता है। यदि आप डरते नहीं हैं, तो आप किसी से नफरत नहीं करते हैं। उन्होंने भाजपा की भी आलोचना की और इसे फ्रिंज ग्रुप करार दिया। राहुल गांधी ने कहा , मैं भाजपा की अवधारणा को हिंदू अवधारणा के रूप में नहीं देखता हूं। सोच की दृष्टि से वे एक अलग समूह हैं, वे मुख्यधारा में नहीं हैं। अब जब उन्होंने राजनीतिक सत्ता हासिल कर ली है, उनके पास बहुत सारा धन है और उन्हें सत्ता मिल गई है, लेकिन वे किसी भी तरह से भारतीय विचारकों के बड़े बहुमत का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। उनकी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, मालवीय ने रविवार को कहा, भगवान राम कोई पौराणिक व्यक्ति नहीं हैं, वह भारत के मूल्यों, संस्कृति और आध्यात्मिक सार का प्रतीक हैं। वह उस मयार्दा, बलिदान और धार्मिक नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने हजारों वर्षों से हमारी सभ्यता को आकार दिया है। वह भारत की आत्मा हैं। मालवीय ने कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस को दुनिया भर के करोड़ों करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का मजाक उड़ाना बंद करना चाहिए। उनके जैसे लोग और राजनीतिक दल आएंगे और जाएंगे, लेकिन भगवान राम हमेशा धर्म के शाश्वत प्रतीक और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।

### किसान केवल लाभार्थी...

गुणवत्ता और उपयुक्तता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि जलवायु क्षेत्रों (क्लाइमेटिक जोन) के अनुसार बीज विकसित किए जाएं। उन्होंने अगेती व पछेती बुआई के लिए अलग-अलग बीज तैयार कराने, प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने और किसानों को रियायती दर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा किसानों से बीज खरीद की धनराशि बढ़ाने और संसाधित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। लखनऊ में प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की स्थापना को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने इसे बीज क्षेत्र में क्रांति का आधार बताया। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद जैसे संस्थानों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री ने तकनीक आधारित कृषि नवाचारों को गति देने का आान किया। कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर बल देते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों से आवेदन लेने से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और चयन प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकाधिक विकास खंडों के किसान लाभान्वित हों।

### 700 फीट गहरी खाई में...

अमित कुमार, सुजीत कुमार और मान बहादुर के रूप में हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के रामबाण में वाहन दुर्घटना में सैनिकों की शहादत पर शोक व्यक्त किया है और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

खरगे ने कहा, जम्मू- कश्मीर के रामबन में हुई भयानक त्रासदी के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ, जहाँ एक वाहन दुर्घटना के कारण भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए। हम राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं। हमारे बहादुरों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएँ। यह देखते हुए कि इस वर्ष मार्च में इसी घाटी में नागरिकों से जुड़ी एक ऐसी ही घातक घटना हुई थी, हम अधिकारियों से भविष्य में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तुरंत उचित और पर्याप्त सुरक्षा उपाय करने का आग्रह करते हैं।

राहुल गांधी ने कहा, जम्मू- कश्मीर के रामबन में सेना की वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने से हमारे कई जवानों की शहादत का समाचार बेहद दुखद है।शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं।

### पाकिस्तान ने भी भारतीय...

मारे गए थे जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच हवाई और जमीनी मार्गों के माध्यम से पड़ोसी देश के साथ सभी श्रेणियों की डाक और पार्सल सेवा शनिवार को बंद कर दी।

वहीं, नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) के अनुसार, भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के अलावा भारत ने भारतीय जहाजों को पाकिस्तानी बंदरगाहों पर जाने से भी रोक दिया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। सरकार के आदेश के अनुसार, भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद 2019 में पाकिस्तानी सामान पर 200 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया गया था जिससे प्रत्यक्ष आयात पर प्रभावी रूप से रोक लग गई थी लेकिन हालिया निर्णय से तीसरे देशों के माध्यम से पाकिस्तानी वस्तुओं के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे पहले, भारत ने हमले के बाद कठोर कदम उठाते हुए सिंधु जल संधि स्थगित करने, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने और अटारी एकीकृत जांच चौकी को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया था। भारत ने राजनयिक संबंधों को भी कमतर करने का फैसला किया था। इस बीच, पाकिस्तान ने शनिवार को घोषणा की कि उसने 450 किलोमीटर की दूरी तक सतह से सतह पर मार करने में सक्षम अब्दाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा, इस परीक्षण का उद्देश्य सैनिकों की अभियानगत तत्परता सुनिश्चित करना और प्रमुख तकनीकी मापदंडों की जांच करना था। नयी दिल्ली में, इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण को भारत स्पष्ट तौर पर उकसावे की कार्रवाई मानता है।

इस बीच, श्रीलंका के एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि श्रीलंकाई पुलिस ने शनिवार को चेन्नई से कोलंबो आ रहे एक विमान की तलाशी ली क्योंकि उसे सूचना मिली थी कि पहलगाम आतंकवादी हमले से जुड़ा एक संदिग्ध विमान में सवार हो सकता है। श्रीलंकन एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि विमान की गहन जांच की गई और बाद में उसे आगे के परिचालन के लिए मंजूरी दे दी गई।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को ले प्रबुद्धजनों का हुआ समागम

**हाथरस, 04 मई (तरूणमित्र)।** शहर में स्थित बी एल एस इंटरनेशनल स्कूल में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर प्रबुद्ध समागम का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष हाथरस शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आगरा उत्तर के विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के छवि चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण विषय है। इस का उद्देश्य है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक ही समय पर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे कई फायदे हैं एक समय पर चुनाव होने से चुनाव आयोग को बेहतर तरीके से चुनाव प्रक्रिया को प्रबंधित करने में मदद मिलेगी, एक समय पर चुनाव होने से चुनाव के दौरान होने वाले खर्च में कमी आएगी,एक समय पर चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलेगी और विकास कार्य में मदद मिलेगी। बार-बार चुनाव होने से आमजन का वोट डालने के प्रति जो रुझान कम हो रहा है उसको बढ़ाया जा सकता है देश की सरकार है स्थिर रहेगी तो देश के विकास को गति मिलेगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने कहा कि देश में एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता है, बार-बार चुनाव होने से सरकारी मशीनरी पर बहुत दबाव रहता है, आम जन को सुविधाओं में भी दिक्कत आती है, अधिकारी, कर्मचारी और आमजन सब बार-बार चुनाव से परेशान रहते हैं, इसलिए देश में एक राष्ट्र एक चुनाव यानी एक साथ चुनाव की प्रक्रिया लागू की जाए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो पहल की है वह बहुत ही सराहनीय है जन-जन को इसके बारे में सोचना चाहिए और इस अभियान को का समर्थन करना चाहिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने सभी कार्यकर्ताओं से एक राष्ट्र एक चुनाव के फायदे आम जनता तक पहुंचाने की अपील की उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी प्रत्येक बूथ स्तर तक एक राष्ट्र एक चुनाव के फायदे को बताएं, जिससे जनता जागरुक हो, और इस अभियान को समर्थन मिले देश में एक राष्ट्र एक चुनाव लागू किया जा सके कार्यक्रम को हाथरस विधायक अंजुला माहौर ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में डोली माहौर यशपाल सिंह चौहान डॉ भरत यादव,डॉ राजीव लोचन उपाध्याय, डॉ विकास शर्मा, कवि प्रभु दयाल दीक्षित, दीपक रफी, डॉ राजकुमार गुप्ता, मनोज शर्मा सत्य प्रकाश चौहान, प्रेम सिंह एडवोकेट भोलू पंडित एडवोकेट, यतेंद्र गुप्ता, हर्ष अग्रवाल आर्किटेक्ट, सूर्यकांत गुप्ता, ठाकुर जोगिंदर सिंह, अमित ठाकुर, प्रदीप सिंह, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहित बघेल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भीखम सिंह चौहान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता वर्मा, स्मृति पाठक, सचिन दीक्षित, जितेंद्र राजपूत, गजेंद्र सिंह आदि थे।

**NOTICE**

I GOUTAM PAKANDI is son of No 2621912W NK BHIMAPPA PAKANDI resident of Sanganatti- Vill, Madabavi- PO, Mudhol Teh, Bagalkot- Dist Karnataka- State. PIN 587312 have changed my name from GOUTAM PAKANDI to GOUTAM BHIMAPPA PAKANDI vide Affidavit declaration dated 23 Apr 2025

**NOTICE**

I GOUTAMI PAKANDI is daughter of No 2621912W NK BHIMAPPA PAKANDI resident of Sanganatti- Vill, Madabavi- PO, Mudhol-Teh, Bagalkot- Dist Karnataka- State, PIN-587312 have changed my name from GOUTAMI PAKANDI to GOUTAMI BHIMAPPA PAKANDI vide Affidavit declaration dated 23 Apr 2025

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति आर्मी नं.-4289033A रैंक सिपाही सुबोध बरला के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम बिलदानी बरला (BILDANI BARLA) त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है। जबकि वास्तविक सही नाम बिलदानी हेमरोम (BILDANI HEMROM) है, जो कि आधार कार्ड के अनुसार सही है व भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# जीएसटी अफसर पर दहेज में एक करोड़ मांगने का आरोप!

## चिनहट थाने में दहेज प्रथा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

### लखनऊ पुलिस कमिश्नर की फटकार के बाद खाकी टीम हरकत में आई



**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** जीएसटी अधिकारी के खिलाफ एक करोड़ रुपए दहेज मांगने का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी अभी गाजियाबाद में तैनात है।

युवती के पिता का आरोप है कि 51 लाख रुपए और क्रेटा कार दहेज में देने की बात तय हुई थी। दूल्हे और उसके परिवार ने एक करोड़ रुपए की मांग की। इसके बाद रिश्ता तोड़ दिया। पुलिस से लेकर अधिकारियों तक के चक्कर लगाने के बाद लड़की के पिता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट की फटकार के बाद लखनऊ पुलिस कमिश्नर के आदेश पर 2 मई को चिनहट थाना पुलिस ने जीएसटी अधिकारी सचिन सिंह, उनके पिता विनोद सिंह और भाई विनीत सिंह समेत पूरे परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

पीड़ित ने पुलिस से शादी रुकवाने की गुहार लगाई है। वहीं सचिन सिंह के भाई और एडीएम गोरखपुर विनीत सिंह का कहना है कि मामला पूरी तरह से फर्जी है। 6 महीने पहले शादी टूट गई थी। पैसे मांगने का आरोप गलत है। लड़की वालों के व्यवहार के चलते शादी टूटी थी।

मेरे भतीजे की 8 मई को लखनऊ में ही शादी होनी है। आजमगढ़ के तरवा भिलिहिली निवासी संजय सिंह ने लखनऊ पुलिस कमिश्नर से 20 अप्रैल को शिकायत की। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में सचिन के भाई विनीत सिंह के घर पर सचिन, उसके पिता विनोद सिंह और विनीत सिंह के सामने 30 लाख रुपए नगद दिए थे। इसके बाद 20 अप्रैल 2024 को आजमगढ़ के एक होटल में तिलक और गोदभराई का कार्यक्रम हुआ। शादी की तारीख 23 नवंबर 2024 तय की गई थी और इसके लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में 2.52 लाख रुपए देकर बुकिंग भी की गई।

लेकिन कुछ दिनों बाद आरोपियों ने 50 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग की। उन लोगों ने कहा कि एक अन्य रिश्ते में 1 करोड़ रुपए मिल रहे हैं। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि सचिन के घर वालों ने कहा- जब तक पूरा दहेज नहीं दोगे तब तक शादी नहीं करेंगे। इसी बीच सचिन और उनके पिता ने दूसरी जगह शादी तय कर ली। इसकी जानकारी हुई तो हमने इसका विरोध किया। इसके बाद भी नहीं माने, तब मुकदमा दर्ज कराया गया। सचिन की शादी 8 मई को लखनऊ में अपर जिला जज विजयकृष्ण सिंह की बेटी से होने जा रही है। इससे मेरी बेटी मानसिक रूप से आहत है, परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है।

लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। जीएसटी अधिकारी सचिन सिंह के भाई एडीएम गोरखपुर विनीत सिंह ने बताया कि नवंबर 2024 में मेरे छोटे भाई की शादी संजय सिंह के लड़की से होनी थी। लड़की वालों के गलत व्यवहार की वजह से शादी टूट गई। पैसे मांगने का आरोप गलत है। मेरे परिवार ने एक पैसे नहीं मांगे थे। अब दूसरी जगह 8 मई को तय हुई है। 6 महीने बाद संजय सिंह ने शादी में व्यवधान पैदा करने के लिए फर्जी मामला दर्ज करवाया है।

## स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने की मंत्री से मुलाकात



**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनकेश्वर शरण सिंह से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री योगेश कुमार उपाध्याय, मण्डल संयोजक बिंदुमती, मण्डल अध्यक्ष डॉ. दीप्ति अग्रवाल, जिला अध्यक्ष डॉ. अभयानंद तथा जिला महामंत्री संजय वर्मा शामिल रहे।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों की सेवा शर्तों,कार्य परिस्थितियों तथा उनके सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए।मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गम्भीरता से सुना और संबंधित विषयों पर यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कर्मचारियों की भूमिका की सराहना करते हुए संगठन को सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया।



मौसम का मिजाज बदला, गर्मी से मिली राहत, आसमान पर छाये बादल और ट्रैफिक भी थमा। छाया: तरूणमित्र

## सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने में आबकारी विभाग अहमः मंत्री

- अप्रैल माह में तय राजस्व लक्ष्य का 93.9 प्रतिशत प्राप्त किया
- बोले नितिन, अवैध शराब के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति का नतीजा



**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में आबकारी विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो राजस्व संग्रहण और अवैध शराब के कारोबार पर नियंत्रण के माध्यम से राज्य की आर्थिक प्रगति में अहम रोल अदा कर रहा है। अप्रैल 2025 में विभाग ने 4600 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष 4319.46 करोड़ रुपये (93.9 प्रतिशत) कि प्राप्ति की है।

जबकि गत वर्ष इस आलोच्य अवधि में निर्धारित लक्ष्य 4300 करोड़ रुपये के सापेक्ष 3313.43 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया गया था। गत वर्ष अप्रैल माह में अर्जित राजस्व के सापेक्ष इस वर्ष अप्रैल माह में 30 प्रतिशत से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है। रविवार को जारी विज्ञप्ति में प्रदेश के आबकारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि यह उपलब्धि विभाग की अवैध शराब के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति का परिणाम है, जिसमें सघन छापेमारी, तस्करी पर प्रभावी अंकुश, और क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग सिस्टम जैसे नवाचारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में राजस्व प्राप्ति का 93.9 प्रतिशत होना यह दशार्ता है कि विभाग सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभाग ने 63,000 करोड़ रुपये राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया है। यह राजस्व राज्य की विकास योजनाओं, बुनियादी ढांचे, और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को गति प्रदान करने में सहायक होगा।

आबकारी मंत्री ने कहा कि माह अप्रैल, 2025 में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिकी एवं तस्करी के विरूद्ध 80,519 छापे मारे गये तथा 9,768 अभियोग पंजीकृत कर लगभग 2.62 लाख लीटर अवैध शराब बरामद की गयी। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त 1,772 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए उनमें से 324 व्यक्तियों को जेल भेजा गया। अवैध मदिरा के परिवहन में संलिप्त पाये गये 13 वाहनों को भी जब्त किया गया है।



सपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। छाया: तरूणमित्र

## साइकिल चलाकर फिटनेस का संदेश दिया



**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में रविवार को खेल अनुभाग और एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में 'फिट इंडिया साइकिल अभियान' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की।

यह अभियान भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य नागरिकों को नियमित साइक्लिंग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. मित्तल ने शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय परिसर में साइकिल चलाई। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रव्यापी फिटनेस आंदोलन है। साइकल चलाना एक टिकाऊ, समावेशी और पर्यावरण-अनुकूल व्यायाम है।कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू प्रो. नरेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी डॉ. अजय कुमार मोहंती समेत कई शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए।

## पेंशन न पाने वाले पेंशनर्स जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें

**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** कोषागार जवाहर भवन लखनऊ से पेंशन आहरण करने वाले ऐसे समस्त पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर जिनकी पेंशन का भुगतान विगत 01 वर्ष से अधिक समय से नहीं हो रहा है, ऐसे सभी पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स अनिवार्य रूप से किसी भी कार्यालय दिवस में कोषागार में अपने आई-डी प्रमाण-प्रपत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपना जीवित प्रमाण-पत्र अवश्य प्रस्तुत कर दें। जिन पेंशन प्रकरणों के मामलों में पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की मृत्यु हो गई है। ऐसे पेंशन प्रकरणों में पेंशनर्स के परिजनों से अनुरोध है कि वे संबंधित पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स का मृत्यु प्रमाण-पत्र/पहचान पत्र आई-डी तथा एक प्रार्थना-पत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कोषागार में उपस्थित होकर अविलम्ब सूचित करें। मुख्य कोषाधिकारी आनन्द कुमार ने जवाहर भवन में कहा कि विगत एक वर्ष एवं उसके पूर्व से कोषागार जवाहर भवन लखनऊ से पेंशन आहरण करने वाले ऐसे पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के द्वारा अपना जीवित प्रमाण-पत्र कोषागार में प्रस्तुत नहीं किया गया है, और न ही उनके परिजनों के द्वारा कोषागार में कोई सूचना दी गई है। जिसके कारण काफी संख्या में पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

## गंगा हिंदुओं की ही नहीं संपूर्ण विश्व की मां-रामाशीष

**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** मां गंगा केवल हिंदुओं की ही नहीं केवल भारतीयों की ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व की मां है मां जो हमको पैदा करती है हमको बढ़ाती है अबोध से बोध बनाती है उसकी दशा को सुधारने में हमारा पुनीत कर्तव्य है आज गंगा सप्तमी के दिन हम सभी संकल्प ले की मां गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल करेंगे। ये बातें राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने कहा। गंगा समग्र अवध प्रांत की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को यूपी प्रेस क्लब में संपन्न हुई। जिसमें नदियों की अविरलता व निर्मल करने पर गहन मंथन हुआ अवध प्रांत के सभी जिलों से आए जिला संयोजक, सहसंयोजक, भाग संयोजक व प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यों की उपस्थिति में राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष मुख्य अतिथि रहे व मुख्य उद्बोधन राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री अवधेश गुप्ता का रहा बैठक में सभी कार्यकताओं को नदियों की सफाई व अविरलता के लिए मूल मंत्र दिया गया संगठन के विस्तार के साथ वर्ष भर का कार्यव्रतय प्रस्तुत किया गया। संयुक्त महामंत्री अवधेश गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए अभी तक चलाए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की प्रांतीय सहसंयोजक अनुराग पांडे ने कहा कि गंगा समग्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनुसांगिक संगठन है जैसा कि नाम से ही अवगत है कि यह स्वयंसेवकों द्वारा चलाया जाता है इसके लिए किसी भी प्रकार का सरकारी अनुदान नहीं लिया जाता अपने संसाधनों से मां गंगा व उसकी सहायक नदियों की अविरलता व निर्मलता तथा पर्यावरण संरक्षण का कार्य करते हैं प्रचार आयाम की सह प्रमुख श्वेता सिंह ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय संगठन मंत्री लाल जी भाई, गंगा सेविका आयाम की राष्ट्रीय प्रमुख डॉक्टर दिव्या पांडे, जल निकासी आयाम के प्रमुख गौरव दीक्षित, गंगा वाहिनी आयाम के प्रमुख चंडी प्रताप सिंह, वृक्षारोपण आयाम के प्रमुख संजीव श्रीवास्तव, सह प्रमुख पंकज शुक्ला, विधि आयाम के सह प्रमुख राजेश शुक्ला, साकेत, जीतेंद्र, राकेश, ऊषा आदि उपस्थित रहे।

# घर के सामने पेशाब करने के विरोध पर तानी पिस्टल

### भीड़ ने आरोपी को पकड़ा, चौक थाना क्षेत्र का मामला



**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** चौक इलाके में घर के सामने पेशाब करने से मना करने पर तीन युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। मकान मालिक के विरोध करने पर पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों की मदद से मकान मालिक ने एक आरोपी के पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी ले मुताबिक खुन-खुन जी रोड चौक के रहने वाले कौशल गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10.30 बजे उनके घर के सामने तीन लड़के पेशाब कर रहे थे। उन्होंने टोकते हुए आगे जाकर पेशाब करने के लिए कहा।

इस पर सभी लड़के गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। कौशल ने गाली देने का विरोध किया तो तीनों में से एक लड़के ने पिस्टल निकालकर तान दी।

उनकी पिटाई शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। बीच-बचाव करते हुए उन्हें आरोपियों के चंगुल से बचाया। इसके बाद भी आरोपी गाली देते रहे। भीड़ जुटने के बाद भी पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस पर भीड़ ने एक युवक को पकड़ लिया। दो युवक फरार हो गए। पकड़े गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान अभिषेक कुमार यादव के रूप में हुई। मामले में इंस्पेक्टर चौक का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

## लाठी-डंडों से हमला कर चार को किया घायल

**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** बंथरा इलाके में एक परिवार हमला हुआ है। घटना 3 मई की सुबह 6 बजे की है। आरोप है कि ऐन निवासी विजय कुमारी, झगड़ू, प्रेमचंद्र, विनीता, नीशा, ममता, दीपू, नीरज और भौंदू की पत्नी समेत कई लोगों ने एक परिवार के घर में घुसकर हमला कर दिया। हमलावरों ने बंथरा के ऐन गांव में रहने वाली ऊषा देवी, अनीता और दो नाबालिग बच्चियों आयुषी और वर्तिका पर लाठी-डंडों और बांके से हमला किया। चारों को गंभीर चोटें आईं। घायलों को पहले एम्बुलेंस से सरोजनी नगर अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार की ओर से दुबग्गा की मंजू देवी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना लगातार थाने को दी जा रही थी। मंजू देवी ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट अधिकारी एसोसिएशन की हुई बैठक





**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन की प्रांतीय बैठक की गई। रविवार को एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष जेके सचान एवं महामंत्री प्रद्युम्न सिंह की अध्यक्षता में गंज स्थित होटल में सम्पन्न हुई। जिसमें कैडर रिव्यू, एनएचएम में फार्मेसिस्टों की नियुक्ति, आउटसोर्सिंग के माध्यम से फार्मेसिस्टों की नियुक्ति, पदों के सृजन एवं पदनाम परिवर्तन तथा वेतन की विसंगति दूर करने आदि के सम्बन्ध में सदस्यों द्वारा आम सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही एसोसिएशन द्वारा फार्मासिस्टों की समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए महानिदेशक एवं प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य से मिलकर शीघ्र निस्तारण करने के लिये मांग करेगा। वहीं बैठक का संचालन प्रान्तीय महामंत्री प्रद्युम्न सिंह के द्वारा किया गया।

बैठक के दौरान प्रमुख रूप से संजय श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश वर्मा-उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री-राजकुमार राय, संयुक्त मंत्री अवधेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष-शिवजी कुशवाहा एवं आडिटर सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव तथा पूरे प्रदेश के मण्डलीय अध्यक्ष, मंत्री एवं जनपदों के अध्यक्ष, मंत्री उपस्थित रहे। बैठक का संचालन प्रान्तीय महामंत्री प्रद्युम्न सिंह के द्वारा किया गया।

## दो वर्ष में पूरा होगा नया पक्का पुल-डा. बोरा



**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** राजधानी में गोमती नदी पर ब्रिटिशकालीन ऐतिहासिक पक्का पुल के समीप बनने वाले चार लेन नवीन सेतु का रविवार को क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर औपचारिक शुभारम्भ किया। कुल 9289.41 लाख रुपये की लागत से बन रहे आर्च सेतु का कार्य जून 2027 तक पूर्ण होगा। भूमि पूजन समारोह में भारी संख्या में स्थानीय लोग सम्मिलित हुए तथा नवीन सेतु निर्माण के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार जताया। विधायक डा. नीरज बोरा ने बताया कि 111 साल पुराने वर्तमान लाल पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश बन्द होने से लोगों को असुविधा हो रही थी। जनहितकारी डबल इंजन सरकार ने इस नये पुल की सौगात देकर क्षेत्र की बहुसंख्य आबादी को राहत पहुंचाई है। उन्होंने बताया कि नया पुल दोनों तरफ बन्धों के बीच पूर्व निर्मित आर्च सेतु की भांति ही होगा।

लगभग 180 मीटर लम्बे और 20 मीटर चौड़े सेतु के दोनों ओर फुटपाथ तथा 326 मीटर पहुंच मार्ग भी बनेगा। डा. बोरा ने बताया कि इसी जगह गोमती नदी पर अवध के नवाब आसिफुद्दौला द्वारा वर्ष 1780 में पत्थरों का शाही पुल बनवाने और इसे पार करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से टैक्स टैक्स वसूले जाने की बात कही जाती है। सत्तावनी क्रान्ति के बाद अंग्रेजों ने अवध रियासत को अपने नियंत्रण में ले लिया था। अंग्रेजों ने तब के शाही पुल को कमजोर बताते हुए साल 1911 में इसे तोड़कर नए पुल का निर्माण कार्य शुरू करवाया। दस जनवरी 1914 को पुल का उद्घाटन तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड हार्डिंग द्वारा किया गया था जो वर्ष 1910 से 1916 तक भारत के वायसराय रहे थे।

# घरों की बिजली एक घंटा बंद कर जतायेंगे एकजुट विरोध

- निजीकरण के विरोध में क्रमिक अनशन तीसरे दिन जारी





**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि 42 जनपदों के निजीकरण में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। झूठा शपथ पत्र देने वाले कंसलटेंट की फाइल जिस प्रकार चेयरमैन ने दबा रखी है उससे लगता है कि भ्रष्टाचार में पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन की कार्पोरेट घरानों से मिली भगत है।

समिति ने आरोप लगाया है कि निजीकरण में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। निजीकरण के लिए नियुक्त किए गए ट्रांजेक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन का फजीवार्डा सामने आए हुए एक माह होने जा रहा है किन्तु कंसल्टेंट को ब्लैक लिस्ट करने और उसकी नियुक्ति का आदेश रद्द करने के बजाय पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन फाइल दबाए बैठे हैं और ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा पूरे प्रकरण के सार्वजनिक होने के बाद भी चुप्पी साधे हुए हैं। इससे मिलीभगत का संदेश जा रहा है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों का प्रतिदिन पदार्फाश किया जाएगा।

समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में बिजली उपभोक्ताओं का लगभग 66 हजार करोड़ रुपए का बिजली राजस्व का बकाया है। निजी घरानों की इस बड़ी धनराशि पर नजर है। समिति ने ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से मांग की है कि वह आगरा में टोरेंट पावर द्वारा 2200 करोड रुपए की धनराशि हड़पने के मामले में सार्वजनिक वक्तव्य दें। समिति निजीकरण में हो रहे अन्य घोटाले को कल सार्वजनिक करेगी। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने अनशन स्थल पर आकर निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों को प्रदेश के 03 करोड़ 45 लाख उपभोक्ताओं की ओर से खुला समर्थन दिया। आज अनशन के तीसरे दिन अनशन स्थल पर जितेन्द्र सिंह गुर्जर, जय प्रकाश, महेन्द्र राय, के एस रावत, रामचरण सिंह, राम निवास त्यागी, पी के दीक्षित, सरजू त्रिवेदी, आलोक सिन्हा, आर सी पाल आदि सहित 200 से अधिक बिजली कर्मी और अभियन्ता अनशन के समर्थन में उपस्थित हुए।

## फूड फैक्ट्री अग्निकांड : मृतकों के परिवार को मिलेगी आर्थिक सहायता

**लखनऊ, 04 मई (तरूणमित्र)।** सरोजनी नगर स्थित स्वीटी फूड्स फैक्ट्री में शनिवार शाम 4:30 बजे वेल्डिंग की चिंगारी से आग लग गई थी। इस हादसे में फैक्ट्री मालिक अखिलेश कुमार और बहराइच के नानपारा निवासी केक कारीगर अबरार की मौत हो गई थी। घटना के समय फैक्ट्री की दूसरी मंजिल पर फंसे तीन अन्य मजदूरों ने सीढ़ी के जरिए भागकर अपनी जान बचाई थी।

शनिवार देर रात फैक्ट्री में दूसरी बार आग लगी, जिस पर दमकल विभाग ने रात 2 बजे काबू पाया। रविवार सुबह 7 बजे तीसरी बार धुआं निकलने पर दमकल विभाग को बुलाना पड़ा। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। अखिलेश का अंतिम संस्कार आलमबाग के वीआईपी रोड स्थित शवदाह गृह में किया गया। अबरार के परिजन शव लेकर बहराइच चले गए। सरोजनी नगर के एसडीएम सचिन वर्मा ने बताया कि मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। घटना की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 18 वर्षों से चल रही इस फैक्ट्री में पहले रस और ब्रेड बनते थे। अब यहां पिज्जा और केक बनाने की तैयारी चल रही थी। उनका मानना है कि आवासीय क्षेत्र में ऐसी फैक्ट्री नहीं होनी चाहिए।